राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

12 यह सोचना ही गलत कि दिल्ली सरकार कंट्रोल कर सकती है पलूशन.....

अपना पता लिख देना बेटी; भाषण के बीच जब पीएम मोदी ने बच्ची पर..... 12

वर्ष : 14 | अंक : 173 | नई दिल्ली, शनिवार, 04 नवंबर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम अधिकतम तापमान 35.6°C न्यूनतम तापमान 26.9°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना 63,184

चांदी 75,600

सेंसेक्स 64,112

निफ्टी 19,150

संक्षिप्त खबरें

धामी का अश्विनी से उत्तराखंड में रेल सेवा मजबूत करने का आग्रह

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को यहां रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात करके राज्य में रेल सेवा सुदृढ़ करने का आग्रह किया। श्री धामी ने रेल मंत्री से लखनऊ से देहरादून के मध्य स्वदेशी वंदे भारत एक्सप्रेसर का संचालन करने तथा पहाड़ी क्षेत्रों में रेल सेवा के विस्तार के लिए टनकपुर-बागेश्वर रेललाइन निर्माण को यथाशीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने अहमदाबाद से काठगोदाम, हरिद्वार और देहरादून को जोड़ने के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने, दून एक्सप्रेस में कोटद्वार के कोच का तथा जनता एक्सप्रेस में रामनगर के कोच का पुनः परिचालन करने एवं टनकपुर से राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी तक नई रेल सेवा प्रारम्भ करने का भी अनुरोध किया।

खाद्य सुरक्षा को 21वीं सदी में भी चुनौती : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खाद्य सुरक्षा को 21वीं सदी की चुनौती बताते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों से पिछले नौ साल में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के क्षेत्र में 50 हजार करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है। श्री मोदी ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 का उद्घाटन करते हुए कहा कि सरकार की खाद्य प्रसंस्करण और किसान संबंधी नीतियों के कारण इस क्षेत्र में विदेशी निवेश आया है। सरकार ने इस क्षेत्र में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना को भी लागू किया है। उन्होंने कहा कि मत्स्यपालन और पशुपालन के क्षेत्र में भी दस हजार करोड़ रुपए के निवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ साल में प्रसंस्कृत खाद्य का निर्यात 150 प्रतिशत बढ़ा है। इस दौरान बड़े पैमाने पर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का निर्यात हुआ है । भारत इस मामले में विश्व में सातवें स्थान पर आ गया है। उन्होंने कहा कि समर्पित मेहनत और निर्यात नीति के कारण खाद्य क्षेत्र में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। एक सौ से अधिक जिले निर्यात हब बन गए हैं और वे विश्वबाजार से जुड़ गए हैं। पहले दो मेगा फूड पार्क थे जो अब बढ़ कर बीस से अधिक हो गए हैं। पहले 12 लाख टन प्रसंस्कृत खाद्य का उत्पादन होता था जो अब बढ़ कर 200 लाख टन हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ उत्पादों का देश से पहली बार निर्यात हो रहा है जिनमे सोया मिल्क, केला, सेब, मशरुम और शहद आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि देश में शहरीकरण बढ़ रहा है जिससे प्रसंकृत खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ रही है इससे छोटे किसानों, उद्योगो और महिलाओं को बढ़ावा मिल रहा है। इससे किसान उत्पादक समूह को भी बढ़ावा मिल रहा है। कुल दस हजार किसान उत्पादक समूह को बनाया जाना है जिनमे से करीब सात हजार बन गए हैं। श्री मोदी ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में महिलाओं में लीड करने की क्षमता है। तरह तरह के पकवान महिलाओं के कारण तैयार किए जाते हैं। आज स्वंग सहायता समूह से जुड़ी एक लाख महिलाओं के खाते में बीज पूंजी दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत में सांस्कृतिक विविधता के साथ खाद्य विविधता भी है। भारत के प्रति विश्व की जिज्ञासा बढ़ी है। हमारे लिए पूरी दुनिया बाजार है। उन्होंने खाद्य और फसल तैयारी पूर्व नुकसान को कम करने पर जोर दिया तथा इसके लिए तकनीक का उपयोग करने को कहा। समारोह को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशु पति कुमार पारस और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भी संबोधित किया।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में पिछले नौ वर्षों में 50,000 करोड़ रुपये का एफडीआई हुआ : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र एक उभरते हुए उद्योग के रूप में सामने आया है और पिछले नौ वर्षों में इसने 50,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में 'वर्ल्ड फूड इंडिया' के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा, पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 50,000 करोड़ रुपये का एफडीआई आया है। यह सरकार की उद्योग समर्थक और किसान समर्थक नीतियों का परिणाम है।'' यह तीन दिवसीय कार्यक्रम पांच नवंबर को संपन्न होगा। मोदी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रसंस्कृत खाद्य का निर्यात 150 प्रतिशत बढ़ा है और घरेलू प्रसंस्करण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने एक लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को प्रारंभिक पूंजी सहायता वितरित की और 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2023' के तहत एक 'फूड स्ट्रीट' का उद्घाटन किया। इस आयोजन का उद्देश्य भारत को दुनिया की खाद्य टोकरी के रूप में प्रदर्शित करना और 2023 को मोटे अनाज के अंतरराष्ट्रीय वर्ष के रूप में मनाना है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की है और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को भी बढ़ावा दिया है। उन्होंने पिछले नौ वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों को रेखांकित किया। गोयल ने कहा कि फूड स्ट्रीट में क्षेत्रीय व्यंजन तथा शाही पाक विरासत शामिल है, जिसमें 200 से अधिक शेफ भाग लेंगे और पारंपरिक भारतीय व्यंजन पेश करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के मुताबिक, 'वर्ल्ड फूड इंडिया' सरकारी निकायों, उद्योग पेशेवरों, किसानों, उद्यमियों तथा अन्य हितधारकों को चर्चा में शामिल होने, साझेदारी स्थापित करने और कृषि-खाद्य क्षेत्र में निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए एक नेटवर्किंग एवं व्यावसायिक मंच प्रदान करेगा। निवेश व व्यापार को सुगम बनाने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ सीईओ गोलमेज सम्मेलन भी होंगे तथा भारतीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के नवाचार एवं ताकत को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न मंडप स्थापित किए जाएंगे। यह आयोजन खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने वाले 48 सत्रों की मेजबानी करेगा, जिसमें वित्तीय सशक्तीकरण, गुणवत्ता आश्वासन तथा मशीनरी एवं प्रौद्योगिकी में नवाचारों पर जोर दिया जाएगा।

बिखरी कांग्रेस कभी प्रदेश का भला नहीं कर सकती : शिवराज

सतना, एजेंसी

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि ना केवल 'इंडी' गठबंधन बनने के पहले बिखर गया है, बल्कि कांग्रेस भी अब बिखर रही है और बिखरी हुई कांग्रेस कभी प्रदेश का भला नहीं कर सकती। श्री चौहान ने यहां संवाददाताओं से चर्चा में कहा कि इंडी गठबंधन बनने के पहले ही बिखर गया। आज बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी कहा है कि कांग्रेस बाकी दलों की चिंता ही नहीं करती। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी कांग्रेस ने हमेशा सिर्फ कांग्रेस की और उसमें भी बस परिवारों की ही चिंता की है। सोनिया गांधी अपने बेटा-बेटी को स्थापित करने में जुटी हैं और वही परंपरा कमलनाथ निभा रहे हैं। उनका बेटा तो टिकट तक घोषित कर देता है। दिग्विजय सिंह भी इसी दिशा में हैं। परदे के पीछे इंडी गठबंधन तो बिखर ही गया। कांग्रेस भी बिखर रही है। अब उन्हें सफाई देनी पड़ रही है कि पार्टी में सब साथ हैं। अपने नेताओं को जय-वीरू की जोड़ी बता रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एक फिल्म आई थी 'मेरे अपने'। उसमें श्याम और छैनू की जोड़ी थी, जो अपने-अपने इलाके में कब्जे के लिए ही लड़ते रहते थे। ऐसे बिखरी हुई कांग्रेस कभी प्रदेश का भला नहीं कर सकती। एक सवाल के जवाब में श्री चौहान ने कहा कि अभी कमलनाथ की चक्की कितनी चलेगी, ये तो पता नहीं, फिलहाल दिग्विजय सिंह की चक्की ने कमलनाथ को पीस दिया है। उन्होंने कहा कि ये वही कमलनाथ और कांग्रेस हैं, जो भगवान राम को काल्पनिक कहते थे। राम के बिना ये देश नहीं जाना जा सकता। अब कांग्रेस को भी अहसास हो गया है कि जनता नहीं मानेगी, इसलिए अब राम नाम की माला जप रहे हैं, हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं। श्री कमलनाथ को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि श्री कमलनाथ बार बार पूछते हैं कि उनका गुनाह क्या था। उनका गुनाह ये था कि उन्होंने भाजपा की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं पर ताला डाल दिया। राज्य में जल जीवन मिशन शुरू ही नहीं किया, ताकि घरों में नलों से पानी ही नहीं पहुंचे। गरीबों के मकानों पर डाका डाला। उस समय में मंत्रालय में दलाल ही दलाल दिखाई देते थे। उन्होंने कहा कि अच्छा हुआ कि कांग्रेस सरकार कोविड के पहले ही चली गई, नहीं तो वो सरकार तो आइफा की ही तैयारी करती रही। कोविड को लेकर कोई तैयारी ही नहीं की। भोपाल और इंदौर में मेट्रो को लेकर श्री चौहान ने कहा कि उसकी योजना भाजपा सरकार ने बनाई, कांग्रेस सरकार ने ठप्प कर दी। भाजपा ने बनाई और भाजपा ही ट्रायल रन करा रही है। उन्होंने कहा कि विंध्य ने कांग्रेस को सब कुछ दिया, पर कांग्रेस ने विंध्य को कुछ नहीं दिया। विकास की दृष्टि से क्षेत्र पिछड़ा ही रहा। विंध्य का विकास सिर्फ भाजपा शासन में हुआ है। इसी क्रम में उन्होंने सतना समेत समूचे विंध्य क्षेत्र के विकास कार्य गिनाए। उन्होंने कहा कि सतना में एक ग्लोबल स्किल पार्क बनेगा। इसके पहले एक ऐसा पार्क सिंगापुर के सहयोग से भोपाल में बनाया गया है, जहां स्किल मैन पावर तैयार होगी। क्षेत्र में 2024 तक नर्मदा जल लाया जाएगा।

ईडी, सीबीआई को 'मजबूर' नहीं मजबूत करें सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने मोदी सरकार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) तथा आयकर विभाग (आईटी) जैसी सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि चुनाव आते ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थन में इन एजेंसियों के अधिकारियों का हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। कांग्रेस संचार विभाग की प्रमुख पवन खेड़ा ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा की चुनाव के दिनों इन एजेंसियों को उगाही का जरिया बनाया जाता है। भाजपा के इशारे पर इन एजेंसियों के द्वारा विपक्षी नेताओं को डराया जाता है और उन्हें भाजपा में शामिल करने को मजबूर किया जाता है। उन्होंने कहा कि एजेंसियों के अधिकारी लोगों को डरा धमका कर पैसा वसूलते हैं। राजस्थान में विधानसभा चुनाव चल रहे हैं और इसी वसूली के क्रम में कल ईडी अधिकारी नवल किशोर शर्मा को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने किसी चिटफंड कंपनी से जुड़े मामले के निस्तारण के लिए 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। उनका कहना था कि अगर छोटे स्तर का अधिकारी 15 लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा जाता है तो एजेन्सियों के बड़े अधिकारी कितना रिश्वत वसूलते होंगे। प्रवक्ता ने कहा, ह्मोदी सरकार को ईडी की रिश्वत लेने की रेट लिस्ट सार्वजनिक करनी चाहिए। जब निचले लेवल के अधिकारियों की रेट लिस्ट 15 लाख रुपए है तो इनसे ऊपर के अधिकारियों का क्या रेट होगा। ईडी, सीबीआई, आईटी ये सभी भाजपा के सरकार प्रचारक हैं। इनको टारगेट दिया जाता है कि किस तरह से विपक्षी नेताओं को डराकर भाजपा में शामिल करवाना है। ये मोदी जी का टूलकिट है। उन्होंने कहा कि देश की जांच एजेंसियां शक्तिशाली और निर्भिक बनी रहनी चाहिए।

सैन्य इंजीनियर सेवा के प्रोबेशनर्स ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

नई दिल्ली, एजेंसी

सैन्य इंजीनियर सेवा (एमईएस) के प्रोबेशनर्स ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि एक इंजीनियर की भूमिका सिर्फ गणना, डिजाइनिंग और निर्माण तक सीमित नहीं है। यह बहुत व्यापक है और इसमें समुदायों को जोड़ना, सपनों को साकार करना और भविष्य को आकार देना शामिल है। उन्होंने युवा अधिकारियों से कहा कि उनके पास ऐसा भौतिक बुनियादी ढांचा तैयार करने की शक्ति है, जो मजबूत और टिकाऊ हो। पर्यावरणीय चुनौतियों और जलवायु परिवर्तन के मुद्दे का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह एमईएस अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे ऐसी संरचनाओं का डिजाइन और निर्माण करें, जो पर्यावरण के अनुकूल, टिकाऊ और नवीकरणीय ऊर्जा के बढ़ते उपयोग को बढ़ावा दें। ग्रीन इंजीनियरिंग समय की मांग है। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि एमईएस विभिन्न उपायों को अपनाकर राष्ट्रीय कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में योगदान दे रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि एमईएस के युवा अधिकारी नए विचार, नई ऊर्जा और भरपूर उत्साह लाकर इन प्रयासों को और आगे बढ़ाएंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी क्षेत्रों विशेषकर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवीनतम और उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने एमईएस अधिकारियों को गतिशील विकास में सबसे आगे रहने की सलाह दी और यह सुनिश्चित किया कि उनका काम नवीनतम प्रगति को भी प्रतिबिंबित करे।

मोदी जी और मनोहर लाल जी की जोड़ी ने हर क्षेत्र में हरियाणा को नंबर 1 बनाने का काम किया है : अमित शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को हरियाणा के करनाल में आयोजित ह्यअंत्योदय महासम्मेलनह्ल में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि, नरेन्द्र मोदी जी और श्री मनोहर लाल जी की डबल इंजन की सरकार ने छोटे से हरियाणा राज्य में 45 लाख लोगों के जीवन में प्रकाश फैलाने का काम किया है। राज्य के 40 लाख लोगों को राशन कार्ड देने का काम हो या राज्य में 30 लाख से अधिक नल कनेक्शन या आयुष्मान भारत चिरायु योजना के तहत 17 लाख लोगों को जोड़ने का काम हो, हरियाणा में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को समाप्त कर कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम भाजपा की डबल इंजन सरकार ने कर दिखाया

है। पिछली सरकार ने 10 सालों के शासन में हरियाणा को डिवोल्यूशन और ग्रांट-इन-एड के माध्यम से सिर्फ 40,000 करोड़ रुपए दिए थे, प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 9 सालों में इसे बढ़ाकर 1 लाख 32 हजार करोड़ रुपए कर दिया। इस मौके पर शाह ने पाँच नई जन कल्याण योजनाओं ह्म मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना, हरियाणा आय वृद्धि बोर्ड योजना, आयुष्मान भारत चिरायु योजना में 14 लाख परिवारों को जोड़े जाने की योजना, मुख्यमंत्री अंत्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजना और हरियाणा अंत्योदय परिवहन योजना ह्म का भी शुभारंभ किया। हरियाणा किसानों और वीरों की भूमि है, देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों में पूरे देश में सबसे पहला स्थान हरियाणा का है और इस राज्य ने कृषि और डेयरी के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान गढ़े हैं। साथ ही, खेल के क्षेत्र में भी हरियाणा ने हमेशा देश का मान बढ़ाया है। विपक्ष की सरकार में हरियाणा की जनता को हमेशा भय, भूख और भ्रष्टाचार ही मिला। हरियाणा में भूमि की नीलामी होती थी और कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब रहती थी। यहाँ सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार कर अपने ही लोगों को नौकरियाँ दी जाती थीं, मोदी-शाह की अंत्योदय की राजनीति के तहत भाजपा की डबल इंजन सरकार ने बिना किसी भ्रष्टाचार के योग्यता के आधार पर नौकरी देने का काम किया। कांग्रेस की सरकार की सरकार थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने हरियाणा में अपने दो कार्यकाल में हर गरीब, गाँव, बीमार, भूखे, बच्चे और बूढ़े की चिंता की है। भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता अमित शाह का मानना है कि कांग्रेस का हाथ जीजा के साथ था और प्रदेश को लूटने वाला काम था। देश को सुरक्षित और विकसित करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ चुनाव में आज 27 राजनीतिक दल एक संगठन बनाकर लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। परिवारवाद की धुरी पर अटके इस घमंडिया संगठन में किसी को अपने बेटे को जाँच एजेंसियों से बचाना है तो किसी को अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है तो किसी को अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है। मोदी जी के नेतृत्व में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण करना हो, देश की महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33% आरक्षण देना हो, चंद्रयान-3 को चंद्रमा पर पहुँचाना हो, जी 20 सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन करना हो, राजपथ को कर्तव्यपथ बनाना हो, अंग्रेजों के शासनकाल में बनी देश की पुरानी संसद की जगह नई संसद बनानी हो या फिर शाह की सख़्त नीतियों के तहत जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना हो, हर क्षेत्र में मोदी-शाह की जोड़ी ने भारत को विश्व में एक नई पहचान दिलाई है। अमृतकाल में आज हर देशवासी गौरवान्वित है। यह एक मिसाल है और विपक्ष को नरेन्द्र मोदी सरकार से सीखना चाहिए कि विकास कैसे किया जाता है।

जल जीवन मिशन 'घोटाले' से जुड़े धनशोधन मामले में राजस्थान में ईडी का छापा

जयपुर, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित जल जीवन मिशन घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले की जांच के तहत शुक्रवार को राजस्थान में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी के परिसरों सहित कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पीएचई (लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी) विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) सुबोध अग्रवाल के परिसरों सहित दौसा और राज्य की राजधानी जयपुर में कुल 25 परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मामले से जुड़े कुछ अन्य व्यक्तियों के खिलाफ भी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में सितंबर में भी इसी तरह की छापेमारी की थी। राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। राज्य की 200 सदस्यीय विधानसभा के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना के साथ राजस्थान में भी मतगणना तीन दिसंबर को होगी। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आरोप लगाया है कि केंद्रीय एजेंसियां विपक्ष को निशाना बनाने के लिए केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के निर्देश पर काम कर रही हैं। यह मामला राजस्थान भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) की प्राथमिकी से जुड़ा है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि श्री श्याम ट्यूबवेल कंपनी के मालिक पदमचंद जैन, श्री गणपति ट्यूबवेल कंपनी के मालिक महेश मित्तल और अन्य लोग अवैध संरक्षण प्राप्त करने, निविदाएं प्राप्त करने, बिल स्वीकृत कराने और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) से प्राप्त विभिन्न निविदाओं के संबंध में उनके किए कार्यों में अनियमितताओं के लिए लोक सेवकों को "रिश्वत देने" में शामिल थे। एजेंसी ने पहले जारी बयान में कहा था, "संदिग्धों ने हरियाणा से चोरी किए गए सामान की खरीद की एवं अपने निविदाओं/अनुबंधों में इसका इस्तेमाल किया और उन्होंने पीएचईडी अनुबंध प्राप्त करने के लिए इरकॉन से प्राप्त फर्जी कार्य समापन पत्र भी जमा किए थे।" केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए जल जीवन मिशन का उद्देश्य घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है और इसे राजस्थान में राज्य पीएचईडी कार्यान्वित कर रहा है।

संक्षिप्त समाचार

शहर में बिना लाइसेंस बेचे जा रहे खाद्य पदार्थ, आठ दुकानदारों को नोटिस जारी

टिहरी, एजेंसी। त्योहार के सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट की संभावनाओं को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चंबा, रत्नौगाड़, थौलधार, कंडीसौड़ बाजार में चेकिंग अभियान चलाया। बिना लाइसेंस खाद्य पदार्थों की खुलेआम बिक्री करने पर खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से आठ दुकानदारों को नोटिस थमाए गए। दुकानों के निरीक्षण के दौरान टीम ने खराब सामग्रियां खाद्य तेल की 48 बोतल, बैकरी प्रोडक्ट के 50 पैकेट, फूट केक 15, दलिया 15 पैकेट, बर्फी 2 डिब्बे, सॉस 14 बोतल, मसाले के 40 पैकेट मिले। जिसे नष्ट कराया गया है। त्योहार के सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट की संभावनाओं को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चंबा, रत्नौगाड़, थौलधार, कंडीसौड़ बाजार में चेकिंग अभियान चलाया। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी शारदा शर्मा ने बताया कि लगभग 25 दुकानों के निरीक्षण के दौरान आठ दुकानदार ऐसे मिले जिनके पास खाद्य पदार्थ बेचने का लाइसेंस नहीं था। उन्होंने मौके पर नोटिस थमाकर 15 दिन के अंतर्गत जवाब देने को कहा है। यदि तय तिथि तक नोटिस का जवाब नहीं मिला तो उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि दूध, तेल सहित सात खाद्य पदार्थों के सैंपल भरकर जांच को प्रयोगशाला भेजे हैं।

डीएम ने मुख्य शिक्षाधिकारी का वेतन रोका

पौड़ी, एजेंसी। डीएम डॉ. आशीष चौहान ने लोनिवि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, व पीएमजीएसवाई के साथ ही सीएम घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में विभागों की कार्यशैली पर डीएम खासा नाराज हुए। यमकेश्वर में प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय, सीएम घोषणा व अन्य तीन विद्यालयों की पत्रावलियों में लेटलतिफी के चलते डीएम ने मुख्य शिक्षाधिकारी के वेतन रोकने के निर्देश दिए। डीएम ने मोटर मार्ग निर्माण के सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के साथ ही आपदा से बंद पड़ी सड़कों की रिपोर्ट तलब की। उन्होंने संबंधित अफसरों को सीएम घोषणाओं के कार्यों को समय पर पूर्ण करने व वन भूमि हस्तांतरण मामलों का जल्द निस्तारण करने को कहा। इस मौके पर सीडीओ अपूर्वा पांडे, डीडीओ मनविंदर कौर, एसीएमओ डॉ. रमेश कुंवर, ईई जल संस्थान एसके राय, पीएम स्वजल दीपक रावत सहित आदि शामिल रहे।

लेप्रोस्कोपी मशीन लगाने के दावे फौरी, पथरी के ऑपरेशन के लिए हायर सेंटर दौड़ना मजबूरी

अल्मोड़ा, एजेंसी। जिले में पथरी के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। हर आयु वर्ग के लोग इस बीमारी का सामना कर रहे हैं। जिला अस्पताल में हो रही जांच में हर रोज तीन से चार मरीजों में पथरी की शिकायत मिल रही है जिन्हें चिकित्सक ऑपरेशन की सलाह दे रहे हैं। यहां पथरी की जांच तो हो रही है लेकिन ऑपरेशन के लिए लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में मरीज ऑपरेशन कराने के लिए हायर सेंटर की दौड़ लगाने के लिए मजबूर हैं। चिकित्सकों के मुताबिक जिला अस्पताल में हर रोज जांच में तीन से चार मरीज पथरी से ग्रसित मिल रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। यहां जनरल सर्जरी के जरिए पथरी के ऑपरेशन की व्यवस्था है। लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की व्यवस्था नहीं है और मरीज जनरल सर्जरी कराने से हाथ पीछे खींच रहे हैं। ऐसे में मजबूरन उन्हें हल्द्वानी, बरेली की दौड़ लगानी पड़ रही है। जिला अस्पताल के सर्जन डॉ. धीरज राज ने बताया कि अधिकतर मरीज दूरबीन विधि से पथरी का ऑपरेशन कराने में अपनी सहमति जताते हैं। ऐसे में उन्हें हायर सेंटर रेफर करना मजबूरी है। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक यहां मरीजों को राहत पहुंचाने के लिए यहां लेप्रोस्कोपिक मशीन की जरूरत है। इसका प्रस्ताव शासन में भेजा गया है लेकिन एक साल का लंबा समय बीतने के बाद भी इसे स्वीकृति नहीं मिली है। प्रस्ताव शासन में धूल फांक रहा है और मरीज हायर सेंटर की दौड़ लगाने के लिए मजबूर हैं।

ओपीडी में मरीजों को आयुष्मान योजना से नहीं मिलेगा लाभ

अल्मोड़ा, एजेंसी। अब जिला अस्पताल में मरीजों को ओपीडी में आयुष्मान कार्ड से इलाज नहीं मिलेगा। केवल भर्ती मरीजों को ही योजना का लाभ मिलेगा। यह बात जिला अस्पताल के निरीक्षण के लिए पहुंचीं अपर स्वास्थ्य सचिव गरिमा रौंकली ने। उन्होंने यहां पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अस्पताल प्रबंधन को व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। बृहस्पतिवार को निरीक्षण करने पहुंचीं प्रदेश अपर स्वास्थ्य सचिव गरिमा रौंकली ने कहा कि पूर्व में ओपीडी में भी मरीजों को आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाता था। अब केवल भर्ती मरीजों को ही आयुष्मान योजना का लाभ मिलेगा इसकी अधिसूचना जारी की गई है। इसके लिए जारी अधिसूचना के तहत आयुष्मान योजना का लाभ सिर्फ भर्ती मरीज यानी आईपीडी में ही देने के निर्देश दिए। उन्होंने शुक्रवार से ओपीडी में इस योजना पर रोक लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल में मरीजों से वार्ता कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्माणाधीन ओटी का निरीक्षण कर जल्द निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। वहां सीएमओ डॉ. आरसी पंत, पीएमएस डॉ. एचसी गड़कोटी मौजूद रहे।

चरस तस्कर को 10 साल का कठोर कारावास

बागेश्वर, एजेंसी। विशेष सत्र न्यायाधीश आरके खुल्बे की अदालत ने चरस तस्करी के आरोपी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। आरोपी को एक लाख रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। अर्थदंड जमा नहीं करने पर उसे छह महीने का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

कथानक के अनुसार 17 अक्तूबर 2022 को एसओजी प्रभारी कुंदन रौतेला साथी कर्मचारियों के साथ मंडलसेरा बाईपास पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक युवक पीठ पर बैग लटकाए आते दिखा। पूछताछ में युवक ने अपना नाम प्रह्लाद उर्फ पप्पू, निवासी बिहारपुर, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश बताया। युवक ने अपने पास चरस होने की बात कही। सीओ अंकित कंडारी के समक्ष तलाशी लेने पर उसके पास से 1.264 किलोग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ कोतवाली में धारा 8/20 एनडीपीएस अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से मामले की पैरवी करते हुए जिला शासकीय अधिवक्ता गोविंद बल्लभ उपाध्याय और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंचल सिंह पपोला ने नौ गवाह पेश कराए।

गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर हादसा, दुकान के ऊपर पेड़ गिरने से पिता की मौत

रुद्रप्रयाग, एजेंसी। छौड़ी में पहाड़ी से एक सूखा बांज का पेड़ गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर बनी दुकान के ऊपर गिर गया। पेड़ के गिरने से दुकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर छौड़ी में पहाड़ी से सूखा बांज का पेड़ दुकान के ऊपर गिरने से अंदर सो रहे पिता की मौत हो गई जबकि बेटा अन्य घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया है।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह करीब तीन बजे छौड़ी में पहाड़ी से एक सूखा बांज का पेड़ गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर बनी दुकान के ऊपर गिर गया। पेड़ के गिरने से दुकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

इस दौरान अंदर सो रहे 58 वर्षीय विक्रम लाल पुत्र बुद्धि लाल, निवासी ग्राम देवल, अगस्त्यमुनि की मौके पर ही मौत हो गई।

पीएमश्री योजना में मिले बजट से एक धेला भी खर्च नहीं कर पाए छह स्कूल

रुद्रपुर, एजेंसी। पीएम श्री योजना के तहत विद्यालयों की शैक्षिक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए मिला बजट खर्च करने में कंजूसी हो रही है। जिले में छह स्कूल ऐसे हैं, जो मिले बजट का एक धेला भी खर्च नहीं कर सके हैं। इस पर मुख्य शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों से बजट खर्च नहीं करने पर जवाब मांगा है।

पीएमश्री स्कूल योजना को पांच सितंबर 2022 में शुरू किया गया था। इसके तहत जिले के 18 विद्यालयों को 86 लाख 97 हजार 500 रुपये का बजट दिया गया। प्रत्येक विद्यालय को चार लाख से लेकर सात लाख रुपये का बजट मिला है। बजट मिलने के बाद भी खर्च करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है। इस बजट से पुराने स्कूल को माडर्न स्कूल में बदलने के अलावा नई प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कक्षाएं और खेल केंद्र आदि बनाए जाने हैं।

सरपुड़ा, कुल्हा गदरपुर, किच्छा, खटीमा के स्कूलों को मिली धनराशि खर्च नहीं हो सकी है। जीआईसी बाजपुर ने 3500 और जीआईसी काशीपुर ने 5000 रुपये बजट खर्च किया है।

पुरानी पेंशन के लिए रामनगर से भी जाएंगे शिक्षक

नैनीताल, एजेंसी। श्रीनगर गढ़वाल में पुरानी पेंशन की मांग को लेकर पांच नवंबर को प्रस्तावित रैली में रामनगर से भी कर्मचारी शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। यह निर्णय उत्तरांचल (पर्वतीय) कर्मचारी शिक्षक संगठन की बृहस्पतिवार को आयोजित बैठक में लिया गया। संघ भवन सिंचाई विभाग में हुई बैठक में संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष नवेंदु मठपाल ने नई पेंशन स्कीम की खामियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 में शुरू की गई नई पेंशन स्कीम किसी भी कर्मचारी शिक्षक के हित में नहीं है। प्रांतीय संगठन मंत्री सोमपाल सिंह ने कहा कि सरकार ने कर्मिकों की जीपीएफ का रुपया शेयर मार्केट में लगा दिया है। नवीन घिल्डियाल ने कहा केंद्र सरकार की निजीकरण की नीति देश के लिए खतरनाक है। बैठक में हरीश पपनै, प्राथमिक शिक्षक संघ के नंदराम आर्य, राजकीय शिक्षक संघ के खीम सिंह रजवार, बालकृष्ण चंद, अवधेश यादव, सुभाष गोला, हेमंत कुमार, विनीत तोमर आदि रहे।

युवक लकड़ी तोड़ कर पेड़ से नीचे उतरा..पीछे से बाघ ने कर दिया हमला, घायल अस्पताल में भर्ती

नैनीताल, एजेंसी। रामनगर के आमपोखरा रेंज के हाथी डगर में लकड़ी लेने गए युवक पर बाघ ने हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत गंभीर देख सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया।

तराई पश्चिमी वन प्रभाग के आमपोखरा रेंज के हाथी डगर में लकड़ी लेने गए युवक पर बाघ ने हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसे रामनगर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत गंभीर देख सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया।

मालधन ढेला बैराज गांधीनगर निवासी अंकित कुमार (18) पुत्र सूरज सिंह अपने एक साथी के साथ आमपोखरा रेंज के हाथीडगर के समीप प्लॉट संख्या 43 में लकड़ी लेने गया था। आमपोखरा रेंजर के जितेंद्र डिमरी के अनुसार युवक लकड़ी तोड़ कर पेड़ से नीचे उतरा तभी पीछे से बाघ ने उस पर हमला कर दिया।

घायल के दूसरे साथी ने शोर मचाया तो बाघ युवक को छोड़कर जंगल की ओर चला गया। बाघ ने युवक के सिर पर हमला किया था। वन कर्मियों ने घायल युवक को तत्काल रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल को हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया है। एसडीओ प्रदीप धौलाखंडी ने बताया कि बाघ के हमले में जख्मी का उपचार हल्द्वानी में चल रहा है।

एयरपोर्ट से दूसरे स्थान पर शिफ्ट हुई सीआईएसएफ

ऋषिकेश, एजेंसी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों को सुरक्षा कारणों के कारण एयरपोर्ट परिसर में स्थित बैरक से एयरपोर्ट के ही नजदीक दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है। एयरपोर्ट विस्तारीकरण के बाद से सीआईएसएफ के काफी जवान एयरपोर्ट परिसर में बनी अस्थायी बैरक में रह रहे थे।

2006-07 में एयरपोर्ट विस्तारीकरण के बाद कुछ वर्षों तक देहरादून एयरपोर्ट की कमान उत्तराखंड पुलिस के जिम्मे थी। उसके बाद पहला नया टर्मिनल बनने के बाद एक जुलाई 2010 से देहरादून एयरपोर्ट की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ को सौंप दी गई।

एयरपोर्ट पर वर्तमान में 238 के लगभग सीआईएसएफ के जवान व अधिकारी तैनात हैं। जिनमें से काफी जवान एयरपोर्ट परिसर के अंदर बनी बैरक में रह रहे थे। लेकिन अब सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टेंडर प्रक्रिया के बाद बैरक में रह रहे जवानों को जौलीग्रांट में ही एक निजी बिल्डिंग में किराए पर शिफ्ट किया गया है। जिससे अब राज्य सरकार से बिल्डिंग बनाने को जमीन मिलने तक सीआईएसएफ को किराए के भवन में ही रहना होगा।

उधर एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा लगभग तीन साल पहले कुल 243 एकड फॉरेस्ट लैंड का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया था। यदि यह लैंड एयरपोर्ट को मिलती है तो इससे एयरपोर्ट का विस्तार और सीआईएसएफ के लिए बैरक भी बन सकेगी।

एयरपोर्ट परिसर के अंदर का एरिया अति संवेदनशील श्रेणी में आता है।

उत्तराखंड में पेड़ों के अवैध कटान पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार से एक सप्ताह में मांगा जवाब

नैनीताल, एजेंसी। उत्तराखंड में पेड़ों के अवैध कटान मामले में हाईकोर्ट ने सरकार का जवाब तलब किया है। कोर्ट ने कहा कि ग्रामीण रोजाना साइकिल पर दो-दो क्विंटल लकड़ी लादकर ले जा रहे हैं। खाना बनाने के लिए प्रत्येक दिन कितनी लकड़ी की जरूरत होती है।

कालाढूंगी से बाजपुर के बीच किए जा रहे पेड़ों के अवैध कटान मामले में हाईकोर्ट ने सरकार का जवाब तलब किया है। कोर्ट ने कहा कि ग्रामीण रोजाना साइकिल पर दो-दो क्विंटल लकड़ी लादकर ले जा रहे हैं। खाना बनाने के लिए प्रत्येक दिन कितनी लकड़ी की जरूरत होती है। सरकार को इस एक सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। अगली सुनवाई 9 नवंबर को होगी।

स्वतः संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई न्यायमूर्ति शरद कुमार शर्मा और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ के

समक्ष हुई। न्यायमूर्ति ने दिल्ली जाते वक्त इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। वास्तविक स्थिति को जानने के लिए संबंधित क्षेत्र के डीएफओ और अन्य अधिकारियों को कोर्ट में तलब किया था।

डीएफओ तराई हिमांशु बागरी, डीएफओ तराई प्रकाश आर्य, लक्ष्मण मरतोलिया रेंजर बन्नाखेड़ा बृहस्पतिवार को हाईकोर्ट में पेश हुए। डीएफओ की ओर से जो रिकॉर्ड पेश किया गया उससे कोर्ट संतुष्ट नहीं हुई।

तीन साल बाद फिर घूमे रानीखेत-डीडीहाट रूट पर केमू बस के पहिए

रानीखेत (अल्मोड़ा), एजेंसी। आखिरकार तीन साल के लंबे इंतजार के बाद अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ जिले के लोगों को केमू ने राहत पहुंचाई है। अल्मोड़ा के रानीखेत से पिथौरागढ़ के डीडीहाट ओगला तक केमू ने फिर से बस सेवा शुरू की है। इससे बड़ी आबादी को राहत मिलेगी। सीधी बस सेवा शुरू होने से यात्रियों में खुशी है। अब उन्हें ऊंचा किराया देकर टैक्सी में धक्के नहीं खाने होंगे। रानीखेत से डीडीहाट ओगला तक संचालित होने वाली केमू की सीधी बस सेवा तीन साल पूर्व बंद हो गई थी और दोनों जिले के यात्रियों को टैक्सी में धक्के खाने पड़ रहे थे। कोरोना काल में इस बस सेवा पर ब्रेक लग गया था और दोनों जिले के लोग फिर से इसके संचालित होने का इंतजार कर रहे थे। बृहस्पतिवार को उनका इंतजार खत्म हुआ है और फिर से केमू ने इस रूट पर बस सेवा शुरू की है।

ईएनटी सर्जन की सेवा समाप्त

अल्मोड़ा, एजेंसी। जिला अस्पताल में संविदा पर तैनात ईएनटी सर्जन डॉ. अंकुर गुप्ता की सेवा समाप्त कर दी गई है। उन पर आयुष्मान कार्डधारक मरीज से बाहर से दवा मंगवाने और उन्हें धमकाने के आरोप लगे थे। जांच में आरोप सही मिलने पर यह कार्रवाई की गई है। पिछले दिनों एक मरीज के तीमारदार ने ईएनटी सर्जन डॉ. अंकुर गुप्ता पर बाहर से 12 हजार रुपये की दवा मंगवाने के आरोप लगाए थे। उनका आरोप था कि विरोध करने पर उनके साथ गालीगलौज और मारपीट की गई। इस दौरान स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार निरीक्षण के लिए जिला अस्पताल पहुंचे तो तीमारदार ने मामले की शिकायत उनसे भी की। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य सचिव ने जांच के आदेश दिए थे। आरोप सही मिलने पर अस्पताल प्रबंधन ने टी एंड एम कंपनी को उनके खिलाफ आरोपपत्र भेजकर कार्रवाई के निर्देश जारी किए।

वीरभट्टी में गिराया अवैध मदरसा, दो मंजिला भवन को ध्वस्त करने में लगे छह घंटे

नैनीताल, एजेंसी। बृहस्पतिवार को ज्योलीकोट के पास वीरभट्टी में अवैध रूप से संचालित मदरसे को जेसीबी से पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। दो मंजिला भवन के छह कमरों को ढहाने में जेसीबी को छह घंटे लग गए।

जिला प्रशासन ने बृहस्पतिवार को ज्योलीकोट के पास वीरभट्टी में अवैध रूप से संचालित मदरसे को जेसीबी से पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। दो मंजिला भवन के छह कमरों को ढहाने में जेसीबी को छह घंटे लग गए।

हल्द्वानी निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर आठ अक्तूबर को सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह के नेतृत्व में पुलिस व प्रशासन की टीम ने वीरभट्टी मदरसे का निरीक्षण कर दस्तावेजों की पड़ताल की थी। निरीक्षण के दौरान टीम को भारी अनियमितताएं मिलीं। मदरसे का पंजीकरण न होने के साथ वहां मिले बच्चे बीमार थे।

पूछताछ में बच्चों ने मदरसा संचालक पर मारपीट व दुर्व्यवहार के आरोप भी लगाए थे। टीम मौके से 24

बच्चों को मुक्त कराकर हल्द्वानी ले गई। बयान दर्ज करने व चिकित्सा परीक्षण के बाद बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने मदरसे को सील कर मदरसा संचालक मौलाना हारून व उसके पुत्र इब्राहिम के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

इधर प्रशासन ने राजस्व पुलिस के माध्यम से मदरसे भवन आदि की पड़ताल कराई गई। जांच के दौरान मदरसा निर्माण सरकारी भूमि में पाया गया। इस पर एसडीएम ने मदरसा संचालक को नोटिस जारी कर भूमि के दस्तावेज दिखाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया था। नोटिस के बाद मदरसा संचालक ने एसडीएम के समक्ष दस्तावेज पेश किए लेकिन वह जमीन के कागजात नहीं दिखा सके। इस पर जिला प्रशासन ने सरकारी भूमि पर बने अवैध मदरसा को तोड़ने का नोटिस जारी कर दिया।

बृहस्पतिवार को एसडीएम प्रमोद कुमार के नेतृत्व में प्रशासन की टीम भारी पुलिस बल के साथ सुबह सात बजे वीरभट्टी पहुंची। सुबह लगभग आठ बजे से शुरू हुई कार्रवाई में पुलिस से सील खुलवाने के बाद मदरसा संचालक को कमरों से सामान हटाने के लिए समय दिया। एसडीएम के आदेश मिलने पर जेसीबी से मदरसे को ढहा दिया गया। दोपहर दो बजे तक एक जेसीबी व करीब 20 मजदूरों की मदद से अतिक्रमण तोड़ा गया। इस दौरान पुलिस ने क्षेत्र में लोगों की आवाजाही को प्रतिबंधित किया था। अभियान में तहसीलदार संजय कुमार के अलावा पुलिस, राजस्व और लोनिवि के अधिकारी मौजूद रहे। राजस्व विभाग की पड़ताल में मदरसे का भवन अवैध पाया गया था। नोटिस के बाद संचालक की ओर से संतोषजनक दस्तावेज व जानकारी नहीं दी गई। इस कारण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। सरकार के निर्देश पर प्रशासन अतिक्रमण पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाए हुए है। वन भूमि से लेकर राजस्व भूमि में किए कब्जों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में जिला प्रशासन ने अवैध मदरसा प्रकरण में एक महीने के भीतर कार्रवाई की है।

कुमाऊं भर के ट्रक लाने लगे अंडरलोड सामग्री, सीमेंट के दाम में 40 रुपये प्रति बोरी की हुई वृद्धि

गरुड़ (बागेश्वर), एजेंसी। देव भूमि ट्रक ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर कुमाऊं भर के ट्रक चालक वाहन की भार क्षमता के तहत माल ढुलान करने लग गए हैं। उत्पीड़न करेगी तो एसोसिएशन प्रदेश व्यापी आंदोलन शुरू करेगा। माल वाहक वाहन हल्द्वानी आदि मंडियों से अपने वाहन से भार क्षमता के तहत सामग्री लाने से जिले में भर दुकानदारों ने खाद्य सामग्री के दामों में वृद्धि कर दी है। सीमेंट के दामों में 40 रुपये की प्रति बोरी की वृद्धि होने से निर्माण कार्यों पर विपरीत असर पड़ने लगा है। देव भूमि ट्रक ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने अक्तूबर में बैठक कर निर्णय लिया था कि कुमाऊं भर के ट्रक 1 नवंबर से वाहन की भार क्षमता के तहत माल ढुलान करेंगे। एसोसिएशन के आह्वान पर ट्रक चालक एक नवंबर से वाहन की भार क्षमता के अनुसार माल ढुलान करने लग गए हैं। वाहन की भार क्षमता के तहत मैदान से सामग्री आने से निर्माण कार्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ने लग गया है। सीमेंट के दुकानदारों ने सीमेंट के दामों में 40 रुपये प्रति बोरी की वृद्धि कर दी है। देव भूमि ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जागरूकता अभियान के तहत बृहस्पतिवार को मैदानी और पहाड़ क्षेत्र से माल ढुलान करने वाले वाहनों को रोककर भार के कागज देखे। चेकिंग में सभी वाहनों में निर्धारित भार पाया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बैजनाथ तिराहे पर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि पुलिस उनका उत्पीड़न करेगी तो ट्रक एसोसिएशन प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करेगा। एसोसिएशन ने सीएम पुष्कर धामी को भेजे पत्र में कहा कि पुलिस ट्रक चालकों का उत्पीड़न करना बंद कर दे। इधर मैदानी क्षेत्र से ट्रक चालक वाहन की भार क्षमता के अनुसार सामग्री लाने से दुकानदारों ने भवन निर्माण सामग्री आदि सामग्री के दामों में वृद्धि कर दी है।

भाजपा को केजरीवाल जी से डर लगता है, इसलिए दिल्ली के श्रम मंत्री राजकुमार आनंद जी के घर पड़वाया ईडी का छापा:आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा आम आई पार्टी से खौफ खाई हुई है। अरविंद केजरीवाल जी को बेबुनियाद समन भेजने के 2 दिन बाद ही दिल्ली के श्रम मंत्री राजकुमार आनंद के घर ईडी का छापा इसका प्रमाण है। शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आप के वरिष्ठ नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी व राजकुमार आनंद ने भाजपा के इस डर का खुलासा किया।

मीडिया को संबोधित करते हुए आप नेता आतिशी ने कहा कि, मात्र 2 दिन पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को जब ईडी का समन आया तब मैंने मीडिया को बताया था कि ये समन सिर्फ.एक शुरूआत है, अभी आम आदमी पार्टी के और नेताओं को समन किया जाएगा, उनके घर छापे मारे जाएँगे, गिरफ़्तार किया जायेगा, जेल में डाला जाएगा। क्योंकि भाजपा को आम आदमी पार्टी से, अरविंद केजरीवाल जी से डर लगता है। और 2 दिन में ही ये बात सच साबित हो गई जब

दिल्ली के श्रम मंत्री और पटेल नगर के विधायक राजकुमार आनंद जी के घर ईडी का छापा पड़ गया।

उन्होंने कहा कि, कल सुबह 5:40 बजे ईडी ने राजकुमार आनंद जी के घर छापा डाला एक ऐसे केस में जो 19 साल पुराना है। एक ऐसा केस जो 2005 में रजिस्टर्ड हुआ और पिछले 19 साल से कस्टम ट्रिब्यूनल में सबज्यूडिस है। पिछले 19 सालों में इस केस में कोई कारवाई नहीं हुई लेकिन आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को दो एजेंसियाँ ईडी और सीबीआई, आम आदमी पार्टी को परेशान करने में लगी हुई है, खत्म करने में लगी हुई है तो ये 19 साल पुराना केस कही से निकाल लिया गया और कल सुबह राजकुमार आनंद जी के घर छापा पड़ा।

आतिशी ने कहा कि, ये छापा 20 घंटे तक चला। इन 20 घंटों में राजकुमार आनंद जी के घर को तहस नहस कर दिया गया। उनके परिवार को परेशान किया। गद्दे-तकिये फाड़ दिये, दीवारें-फर्श तोड़ दिये लेकिन ईडी वालों को कुछ नहीं मिला। साथ ही छापा इनके रिश्तेदारों के घर पड़ा, जो लोग इनके साथ 15-20 साल पहले व्यापार करते थे उनके घर पड़ा। लेकिन फिर भी उनको आम आदमी पार्टी के एक के खिलाफ कुछ भी नहीं मिल पाया।

उन्होंने कहा कि, मैं भाजपा से कहना चाहती हूँ कि हम आपकी ईडी और सीबीआई से डरते नहीं है। हम आपके धमकियों, समन छापों से नहीं डरते। हम जेल जाने से नहीं डरते। तो अगर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को लगता है कि वो ईडी, सीबीआई के नोटिस और छापों से आम आदमी पार्टी के नेताओं को डरा देंगे, हमें चुप करवा देंगे तो मैं आपको बता दूँ कि ऐसा नहीं होने वाला है।

आम आदमी पार्टी के नेता अपने सिर पर कफन बांध कर निकले है। हम दिल्ली की जनता के लिए काम करते रहेंगे और हम भाजपा और उसके भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे।

राजकुमार आनंद ने कहा कि, मैंने बचपन में एक बाल श्रमिक के रूप में काम किया। उसके बाद लगातार संघर्ष करके 1996 से अपना आयात-निर्यात का व्यवसाय शुरू किया। 2005 के एक मामले में मुझे 2007 में उसका ह्यकारण बताओ नोटिसह्न मिला। उसके बाद मैं इसकी अपील के लिए सुप्रीम कोर्ट गया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मैंने वो राशि जमा करवाई।

उसके बाद अपील दायर करने का मौका दिया गया। अभी ये अपील चल रही है। लेकिन पिछले 19 सालों में इसपर संज्ञान लेने का समय नहीं मिला। आज अचानक ये केस खोल दिया जाना राजनीतिक साज़िश के अलावा कुछ नहीं है।

ये केवल परेशान करने का तरीका है। कल 20 घंटे की सर्च इसी का नतीजा है। हम सच की राह पर काम की राजनीति करने वाली पार्टी है इसलिए परेशान किया जा रहा है। भाजपा, काम की राजनीति करने वाली पार्टियों का मुँह बंद करना चाहती है लेकिन हम बाबा साहब के अनुयायी है उनके संविधान में विश्वास करने वाले है। हम न सीबीआई से डरेंगे न ईडी से डरेंगे और अपने नेता अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े रहेंगे।

दिल्ली मेट्रो के यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दीपावली से पहले डीएमआरसी ने मेट्रो यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी दी है। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण के बीच यात्रियों की सहूलियत को देखते हुए दिल्ली मेट्रो में 60 अतिरिक्त फेरे लगाएगी। दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में गुरुवार को हवा की गुणवत्ता 400 के आंकड़े को पार कर गई।

ग्रेप-3 की पाबंदियां लागू

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के स्तर में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए 02 नवंबर को ग्रेप-3 की पाबंदियां लागू कर दी गईं। ऐसे में आवश्यक सरकारी परियोजनाओं, खनन और पत्थर तोड़ने को छोड़कर निर्माण और विध्वंस कार्य पर पूरी तरह से पांबदी रहेगी। इसके साथ ही दिल्ली के बाहर

पंजीकृत हल्के वाणिज्यिक वाहनों और डीजल वाले ट्रकों और मध्यम और भारी माल वाहनों (आवश्यक सेवाओं में शामिल लोगों को छोड़कर) के एंट्री पर बैन कर दी गई।

कुल 60 अतिरिक्त फेरे लगाएगी मेट्रो दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-3 की पाबंदियों के मद्देनजर शुक्रवार यानी 03 नवंबर से दिल्ली मेट्रो 20 अतिरिक्त फेरे लगाएगी। खास बात है कि ग्रेप-2 लागू होने के बाद 25 अक्टूबर से दिल्ली मेट्रो पहले से ही 40 अतिरिक्त फेरे लगा रही है। इस तरह से दिल्ली-एनसीआर में लोगों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए दिल्ली मेट्रो शुक्रवार से 60 अतिरिक्त फेरे लगाएगी।

अगले दो दिन बंद रहेंगे स्कूल

बता दें कि दिल्ली सरकार ने सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों को अगले दो दिन तक बंद करने का फैसला किया है। एमसीडी के भी स्कूल 03 और 04 नवंबर को बंद रहेंगे। छात्रों के लिए कक्षाएं ऑनलाइन मोड में आयोजित की जाएंगी। हालांकि, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए स्कूल खुले रहेंगे।

करोलबाग में ज्वैलरी ऑफिस से 39 लाख की लूट का खुलासा, पांच गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

मध्य जिले के करोलबाग थाना पुलिस ने 39 लाख की सनसनीखेज लूट के मामले को सुलझाते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपित जोमैटो में डिलीवरी बॉय के रूप में काम करता है जबकि दूसरा यूपी ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन में बस ड्राइवर के रूप में काम करता है।

इसे दिल्ली पुलिस ने 200 किलोमीटर दूर बिजनौर से गिरफ्तार किया है। डीसीपी संजय कुमार सेन ने बताया कि उनके पास से 33.12 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। साथ ही वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है।

डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने डिलीवरी बॉय के पास से रस्सी,

जोमैटो का टेप, ग्लव्स और डैगर भी बरामद किया है। लूट की यह वारदात 30 अक्टूबर को शाम 4:00 बजे के आसपास हुई थी। बदमाशों ने ज्वेलर्स के ऑफिस में घुसकर वारदात को अंजाम दिया था।

इस मामले में एसीपी करोल बाग एके सिंह की देखरेख में पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इन तीन आरोपितों तक पहुंचने में कामयाब हुई। सबसे पहले पुलिस को मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन नंबर मिला और उसके आगे की छानबीन में पुलिस टीम जांच करती हुई आगे पहुंची और एक-एक करके सभी आरोपितों को गिरफ्तार करने में कामयाब हुई।

आरोपित राजू सैनी पान बीड़ी का धंधा करता है। दीपेंद्र और दीपक इसका चचेरा भाई है जबकि कमल कुमार जोमैटो में डिलीवरी बॉय है। दीपेंद्र आर्मी पब्लिक स्कूल दिल्ली कैंट में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करता है। दीपक कुमार दीपेंद्र का भाई है और पांचवां आरोपित दीपक कुमार चौहान बिजनौर का रहने वाला है। यह यूपी ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन में बस ड्राइवर के रूप में काम करता है।

रंजिशन प्रॉपर्टी डीलर की हत्या

नई दिल्ली। कंझावला इलाके में बीती रात आपसी रंजिश में एक प्रापर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद हत्यारे मौके पर से फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। इस मामले में पुलिस ने इलाके के कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हत्या के पीछे प्रॉपर्टी विवाद या फिर कोई क्रिमिनल कनेक्शन था।

पुलिस ने बताया कि बीती रात कंझावला पुलिस को पूठ खुर्द इलाके में एक युवक को गोली मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। सड़क किनारे कार खड़ी थी, जिसके पास ही युवक खून से लथपथ पड़ा था। युवक को दो गोली लगी थी, जो नजदीक से चलाई गई थी। पुलिस ने कारतूस के खोल बरामद करके युवक को तुरंत नजदीक के रोहिणी स्थित अग्रसेन इंटरनेशनल अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने कार और उसके पास से मिले दस्तावेजों की सहायता से उसके परिवार को वारदात की जानकारी दी। उन्होंने मौके पर पहुंचकर मृतक की पहचान पूठ खुर्द के रहने वाले अजय डबास(26) के रूप में की। जो प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था। परिवार में माता पिता और दो भाई हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरूआती जांच में परिवार वालों से पता चला है कि अजय का दो दिन पहले बवाना में कुछ लड़कों से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। वो लडके कौन थे, उनको नहीं पता। पुलिस अजय के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल और वारदात के वक्त फोन का डंप डाटा खंगालकर आरोपितों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने उस रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया है। फुटेज में दिखाई देने वाले हर एक वाहन के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की जा रही है।

पर्यावरण संरक्षण अभियान के लिए ब्लू नज ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का खिताब हासिल किया

नई दिल्ली। जलवायु परिवर्तन की समस्या को हल करने के उल्लेखनीय प्रयासों के साथ पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी ब्लू नज ने 24 घण्टे में सबसे ज्यादा कागज इकट्ठा कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कर लिया है। दिल्ली-एनसीआर से लगभग 3, 25, 000 से अधिक छात्रों ने स्कूलों एवं संस्थानों से बेकार कागज इकट्ठा करने में सहयोग दिया। 3500 से अधिक अध्यापकों एवं 7500 से अधिक ब्लू नज अम्बेसडर्स ने इस पहल में हिस्सा लेकर छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरुक बनाया। धरती को व्यर्थ से सुरक्षित रखना इस पहल का मुख्य उद्देश्य था। इंडिगो के डिप्टी चीफ पायलट विशाल परमार, इंडिगो के चीफ पायलट कैप्टन राहुल पाटिल, जगदीश मेथानी एवं राकेश शर्मा, जीसीए नेशनल सिक्योरिटी गार्ड एनएसडी के प्रति विशेष आभार जिनकी भागीदारी ने इस रिकॉर्ड को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सत्यापन प्रक्रिया का निरीक्षण गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक ऋ षि नाथ और सर्वेयर आशु मित्तल द्वारा किया गया। उनके समर्पण ने इस रिकॉर्ड की प्रमाणिकता एवं महत्व की पुष्टि की। इस अवसर पर पैनल पर मौजूद दिग्गजों में मिस रूपाली कपूर, अजय पाल सिंह, कृष्णा तिवारी और मनोज अग्रवाल भी शामिल रहे। प्रशांत सिंह, सह-संस्थापक एवं सीईओए ब्लू प्लेनेट एनवायरनमेंटल सोल्युशन्स, हर्ष मेहरोत्रा, सह-संस्थापक एवं सीईओए ब्लू नज की मौजूदगी में यह रिकॉर्ड बनाया गया। जगदीश मेथानी जीसीए नेशनल सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि एनएसजी ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के लिए ब्लू नज और ब्लू प्लेनेट के साथ साझेदारी की है, जिसके लिए हमने 24 घण्टे में सबसे ज्यादा बेकार कागज इकट्ठा करने का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया। ब्लू नज और ब्लू प्लेनेट टीम को इस सफलता पर बधाई देते हुए ऋषि नाथ निर्णायक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने कहा हमारी धरती के लिए इस चुनौतीपूर्ण समय में इस तरह के प्रयस अनिवार्य और सराहनीय हैं। हमें गर्व है कि ब्लू नज और ब्लू प्लेनेट टीमों ने अपने अथक प्रयासों के साथ 24 घण्टे में सबसे ज्यादा बेकार कागज इकट्ठा करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।

सेंट मार्क्स पब्लिक स्कूल ने न्यूज अराउंड दी वर्ल्ड प्रतियोगिता जीती

नई दिल्ली : शुक्रवार, 3 नवम्बर, 2023: सेंट मार्क्स वर्ल्ड स्कूल ने दो दिवसीय (2-3 नवम्बर) वर्ल्ड ऑफ कल्चर एंड लिटरेचर-2023 का आयोजन किया स्कूल की प्रधानाचार्या मिस शीना कालेंगा के अनुसार इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में अंग्रेजी तथा सोशल साइंस विषयों के प्रति जागरूकता जागृत करना रहा` इसी उत्सव में आज न्यूज अराउंड दी वर्ल्ड नामक प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया` इस प्रतियोगिता की संयोजक सुश्री अनु आनंद के अनुसार इसमें नौवीं कक्षा विद्यार्थियों की कुल आठ स्कूली टीमों ने हिस्सा लिया उक्त प्रतियोगिता में तीस से अधिक विद्यार्थियों ने ऑडियो-विसुअल माध्यम से रिपोर्टर तथा एंकर बनकर अपनी-अपनी प्रस्तुति पेश की` इन सभी विद्यार्थियों की प्रस्तुति, कंटेंट,कांफिडेंस तथा कम्युनिकेशन स्किल के आधार पर निर्णायक प्रोफेसर एस. एस. डोगरा तथा आकृति हांडा- ने सेंट मार्क्स सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल की चार सदस्या टीम को प्रथम, मेजबान सेंट मार्क्स वर्ल्ड स्कूल को द्वितीय तथा लांसर्स कान्वेंट स्कूल, प्रशांत विहार को तीसरे स्थान के लिए चुना` गौरतलब है कि तीनों ही टीमों के बारह विद्यार्थियों को ट्राफी से सम्मानित भी किया गया` जबकि इस पूरी प्रतियोगिता का मंच सञ्चालन शिवांगी ने किया

जेएनयू के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्षों को नोटिस

नई दिल्ली। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने छात्रसंघ के दो पूर्व अध्यक्षों को 2019 के धरना-प्रदर्शन के एक मामले में नोटिस जारी किया है। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन के नेता एनसाई बाला जी और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन की नेता आइशी घोष को नोटिस जारी हुआ है। उन पर धरना-प्रदर्शन सहित अन्य मामलों का आरोप लगाया है। एनसाई बाला जी का कहना है कि पिछले नोटिस के बाद जेएनयू ने दूसरा संशोधित नोटिस मुझे दिया है, जिसमें कहा गया है हमें अगले सप्ताह जेएनयू प्रशासन के समक्ष स्थिति स्पष्ट करें। उनका आरोप है कि उनकी पीएचडी थिसिस जमा करने में कुछ समय रह गया तो तब प्रशासन उनको नोटिस जारी कर रहा है। प्रशासन हमारी शैक्षणिक डिग्री को बाधित करना चाहता है। ज्ञात हो पूर्व में कई छात्रों को प्रशासनिक भवन के 100 मीटर के अंदर धरना-प्रदर्शन या भूख हड़ताल करने को लेकर नोटिस जारी किया जा चुका है। जेएनयू और डीयू में शैक्षणिक स्थल के 100 मीटर में धरना-प्रदर्शन पर मनाही है।

इंटरनेशनल वैल्यू एजुकेशन ओलंपियाड का आयोजन 5 नवंबर को दिल्ली में होगा

नई दिल्ली। इंटरनेशनल वैल्यू एजुकेशन ओलंपियाड का आयोजन 5 नवंबर को इस्कॉन, ईस्ट ऑफ कैलाश, दिल्ली ऑडिटोरियम में शाम 5 बजे से शाम 7 बजे तक होगा। इसकी मेजबानी इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) कर रहा है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम, जनजातीय मामलों के मंत्रालय और दिल्ली निदेशालय के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय मूल्य शिक्षा ओलंपियाड के पांचवें संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान 15 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 5, 28, 587 छात्रों की सक्रिय भागीदारी होगी। इस्कॉन इंडिया के राष्ट्रीय संचार निदेशक युधिष्ठिर गोविंद दास ने बताया कि प्रतिभागियों में से पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने और पहचानने के लिए एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम है। इस मौके पर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव हमारे विशिष्ट अतिथि होंगे। इसके साथ साथ अतुल बगाई प्रमुख, यूएनईपी, भारत, असित गोपाल आयुक्त ईएमआरएस, शिक्षा निदेशालय निदेशक हिमांशु गुप्ता, निदेशक-टीईआरआई, रिपुदमन बेवली भारत के प्लॉगमैन विभा धवन विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे।

होटल बुकिंग के नाम पर ठगने वाले गिरफ्तार

नई दिल्ली। शाहदरा जिला पुलिस के साइबर सेल थाना पुलिस ने होटल बुक कराने के नाम पर कारोबारी से ठगी करने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी वसीम खान से तीन मोबाइल बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी के बैंक खाते को फ्रीज किया है, जिसमें 4.8 लाख रुपये थे। इसके खिलाफ पुलिस को एनसीआरपी पोर्टल पर सात शिकायतें मिली हैं। पुलिस उपायुक्त रोहित मीण ने बताया कि 20 सितंबर को आनंद विहार में रहने वाले कारोबारी ने साइबर थाना पुलिस को ठगी की शिकायत दी। एसएचओ संजय कुमार, इंस्पेक्टर अवधेश कुमार व अश्वनी कुमार की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस के जरिए आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया।

भाजपा अपनी हार के डर से बौखला गई है

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी का नोटिस आने के बाद दिल्ली में सियासत तेज हो गई है. आम आदमी पार्टी और बीजेपी लगातार एक दूसरे पर हमलावर है. गुरुवार को दिल्ली सरकार में मंत्री राजकुमार आनंद के घर सहित उनके कई ठिकानों पर रेड भी चली थी. ईडी का छापा रात भर चली. इस पूरे मामले को लेकर आम आदमी पार्टी दफ्तर में शुक्रवार को राजकुमार आनंद और मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा. मंत्री आतिशी ने कहा कि भाजपा अपनी हार के डर से बौखला गई है इसलिए आम आदमी पार्टी के सभी नेताओं को जेल में डालना चाहती है. और कल हुआ भी यही. दिल्ली सरकार में श्रम मंत्री राजकुमार आनंद के घर पर सुबह 5:30 से ईडी ने छापेमारी की लेकिन उन्हें कुछ हाथ नहीं लगा. हैरानी की बात है कि 19 साल पहले जो मामला था आज तक उसमें कुछ नहीं हुआ है. मामला कोर्ट में चल रहा है लेकिन अब कार्रवाई की जा रही है. आतिशी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, हम आपकी ईडी और सीबीआई से डरने वाले नहीं हैं. चाहे कितने भी छापे पड़ जाएं हम दिल्ली की जनता के लिए काम करते रहेंगे. आम आदमी पार्टी के नेता अपने सिर पर कफन बांधकर निकले हैं. मंत्री राजकुमार आनंद ने कहा कि मैं बचपन में एक श्रमिक के रूप में काम करता था. उसके बाद मैंने अपने बिजनेस को आगे बढ़ाया और इंपोर्ट का काम शुरू किया. साल 2005 में मेरे ऊपर डीआरआई की कोई जांच हुई और साल 2007 में मेरे ऊपर केस दर्ज हुआ. हमने इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में अपील की. इस दौरान 4 करोड़ का नोटिस मिला और हमने 3 करोड़ रुपये उस समय जमा किया. हमारा मामला कोर्ट में चल रहा है हम अपील में हैं.

हरियाणा में लगातार हो रही पराली जलाने की घटनाएं: आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि प्रदूषण की रोकथाम के लिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश और केंद्र की सरकार कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। हरियाणा में पराली जलने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। झज्जर, बहादुरगढ़ और गुरुग्राम समेत 20 शहरों से दिल्ली में 20 फीसदी तक प्रदूषण आ रहा है। पार्टी की तरफ से शुक्रवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में आप की वरिष्ठ नेता रीना गुप्ता और विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि पंजाब सरकार लगातार कार्रवाई कर रही है, जिसका नतीजा है कि पंजाब में पराली जलने की घटनाओं में बीते डेढ़ वर्ष में 50 फीसदी तक की कमी आई है। रीना गुप्ता ने कहा कि सर्दियों शुरू होने पर उत्तर भारत में प्रदूषण की समस्या बढ़ जाती है। आज नोएडा, ग्रेटर नोएडा, जिंद, फरीदाबाद, रोहतक, गाजियाबाद समेत एनसीआर के सभी शहरों में प्रदूषण बेहद खराब स्तर पर है। यह कोई पहला साल नहीं है, जब इन शहरों की हवा खराब हुई हो। दुनिया के किसी भी देश में अगर इस तरह की समस्या होती है तो वहां की सरकार के पास उससे निपटने के लिए योजना होती है, लेकिन बीते नौ सालों से केंद्र सरकार ने आज तक ऐसी कोई योजना ने बनाई, जिससे उत्तर भारत में होने वाली प्रदूषण की समस्या का हल निकाला जा सके। वहीं, दिल्ली सरकार हर साल विंटर एक्शन प्लान और समर एक्शन प्लान बनाती है। इसी वजह से बीते वर्षों में दिल्ली में प्रदूषण 30 फीसदी घटा है। आलम यह है कि केंद्र सरकार के इशारे पर प्रदूषण की रियल टाइम स्थिति बताने वाली बेवसाइट को पासवर्ड प्रोटेक्टिव बना दिया गया था, जिससे आम लोग न जान सकें कि उनके शहर में कहां पर प्रदूषण ज्यादा है और उसके पीछे क्या कारण हैं। इस बारे में सवाल उठाने पर उसे दोबारा खोल दिया गया। सफर का डाटा बताता है कि दिल्ली में प्रदूषण के लिए कौन जिम्मेदार हैं। इससे पता चलता है कि आज दिल्ली में अपना खुद का प्रदूषण केवल 20 फीसदी है, शेष 80 फीसद प्रदूषण बाहर से आ रहा है। पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि हर साल हम चिट्ठियां लिखकर यह अनुरोध करते हैं कि दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण के लिए योजना बनानी चाहिए। हम यह चिट्ठी केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को जुलाई-अगस्त से लिखनी शुरू करते हैं, मगर आज तक केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने एक बैठक तक नहीं बुलाई। पंजाब में आप सरकार बने सिर्फ डेढ़ साल हुआ है और वहां की सरकार के काम का ही परिणाम है कि अमेरिका की एजेंसी नासा के मुताबिक, पंजाब में पराली जलाने के मामलों में 50 प्रतीशत की कमी आई है। वहीं, हरियाणा सरकार प्रदूषण की समस्या पर कोई काम नहीं कर रही है। हरियाणा में लगातार पराली जलाई जा रही हैं। सफर वेबसाइट मुताबिक, फिलहाल हरियाणा के 11 शहरों से 20 प्रतिशत प्रदूषण दिल्ली में आ रहा है। दिल्ली का 300 किलोमीटर परिधि का हिस्सा प्रदूषण की चपेट में है, क्योंकि यूपी और हरियाणा की सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है। एनजीटी और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आज भी यूपी में भट्टे पुरानी तकनीक पर चल रहे हैं।

वायु प्रदूषण को लेकर केजरीवाल सरकार सख्त:गोपाल राय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण की समस्या को देखते हुए निर्माण एवं विध्वंस कार्यों पर रोक लगा दी गई है। साथ ही बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल एलएमवी (4 पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है। 5वीं कक्षा तक के स्कूलों में फिजिकल कक्षाएं 4 नवंबर तक बंद रहेंगी। इस संबंध में सीएम अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को ही आदेश जारी कर दिया था। सीक्यूएएम के आदेश पर दिल्ली में ग्रैप के तीसरे चरण की पाबंदियों को लागू करने का निर्णय लिया गया है। निर्माण कार्यों पर रोक की निगरानी के लिए डीपीसीसी और राजस्व विभाग की टीमें लगातार निरीक्षण करेंगी। दिल्ली में 345 वाटर स्प्रिंकलिंग मशीनें पानी का छिड़काव कर रही हैं। वाहन प्रदूषण को कम करने के लिए ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने सरकारी कर्मचारियों के लिए इलेक्ट्रिक शटल बस सर्विस शुरू की है।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि सदियों में प्रदूषण का स्तर बढ़ने की बायोमास बर्निंग, वाहनों का प्रदूषण और धूल वजह होती है। इसके साथ- साथ हवा की गति कम होती है। जब मैट्रोलॉजिकल कंडिशन में बदलाव होता है, तब हवा की स्पीड कम होती है। हवा का रूख बदलता है। तब दिल्ली के प्रदूषण में वृद्धि होती है। जिसकी वजह से दिल्ली का एक्यूआई 400 से ज्यादा है, जो सिवियर कैटेगरी



में है। इसलिए सीक्यूएएम ने गुरुवार को मीटिंग कर आदेश जारी किया है कि ग्रैप के तीसरे चरण को लागू किया जाए। हमने दिल्ली के अंदर कंस्ट्रक्शन, शिक्षा, ट्रांसपोर्ट से जुड़ी हुई एजेंसियों के साथ बैठक की। इसमे राजस्व, ट्रांसपोर्ट, शिक्षा, पीडब्ल्यूडी और अन्य कंस्ट्रक्शन के काम में लगी एजेंसियां, पर्यावरण विभाग और डीपीसीसी के अधिकारी शामिल थे।

उन्होंने कहा कि सीक्यूएएम के आदेश के अनुसार, दिल्ली में ग्रैप के तीसरे चरण की पाबंदियों को लागू करने का निर्णय लिया है। उसके क्रियान्वयन के लिए एक मजबूत मॉनिटरिंग सिस्टम तैयार किया है। क्योंकि कई बार यह देखने में आता है कि आदेश हो जाता है किंतु उसका क्रियान्वयन नहीं हो पाता है। 5वीं कक्षा तक के बच्चों के लिए स्कूलों में फिजिकल कक्षाएं बंद करने का निर्देश दिया गया है। फिजिकल कक्षाएं 4 नवंबर तक बंद किया गया है। जिसका आदेश जारी कर दिया गया है। तब तक कक्षाएं ऑनलाइन मोड में चलाई जाएंगी। बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल एलएमवी (4 पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध लागू किया गया है। अगर इसका कोई उल्लंघन करता है तो मोटर व्हीकल एक्ट-1988 के तहत 20 हजार रुपये का जुर्मना लगाया जाएगा। इसके लिए ट्रांसपोर्ट विभाग द्वारा 84 टीमें लगाई गई है। साथ ही दिल्ली पुलिस की 284 टीमें लगाई गई हैं।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और वाहन प्रदूषण को कम करने के लिए ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट इलेक्ट्रिक शटल बस सर्विस सरकारी कर्मचारियों के लिए शुक्रवार से शुरू कर दी है। ये शटल बस सर्विस किदवई नगर और आरके पूरम से सेंट्रल सेक्रेटेरिएट और गुलाबी बाग से दिल्ली सचिवालय तक चलेगी। यह सुबह 8.30 बजे और 9 बजे इन स्थानों से चलेगी। साथ ही शाम में 5.30 बजे और 6 बजे चलेंगी। सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को बढ़ाने के लिए बसों के 2400 और मेट्रो के 60 फेरे बढ़ाए गए है।

उन्होंने कहा कि कंस्ट्रक्शन पर प्रतिबंध के आदेश के बावजूद भी गतिविधियां चलती रहती हैं। इसलिए निर्णय लिया गया है कि टीमें लगातार निर्माण/विध्वंस स्थलों का निरीक्षण करेंगी। दिल्ली के अंदर आज से निर्माण और विध्वंस की गतिविधियों पर बैन लगाया जा रहा है। जिसकी निगरानी डीपीसीसी और राजस्व विभाग की टीमें करेंगी। निर्माण और विध्वंस पर बैन से कुछ विभागों को छूट दी जा रही है लेकिन उन्हें निर्माण व विध्वंस के लिए जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करना पड़ेगा। ऐसा नहीं करने पर उन्हें भी बैन कर दिया जाएगा।

इनको मिली छूट

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि रेलवे स्टेशन, मैट्रो, हवाई अड्डे, राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित निर्माण तथा विध्वंस साइट, अंतर्राज्यीय बस अड्डे, अस्पताल, सड़क एवं राजमार्ग, फ्लाईओवर, बिजली, सीवर लाईन, स्वचछता परियोजनाओं पर निर्माण संबंधी छूट रहेगी। इसके साथ-साथ दिल्ली के अंदर जो इंटीरियर वर्क है, जैसे प्लम्बिंग का कार्य, बिजली फिटिंग का कार्य, फर्निचर का काम की छूट रहेगी।

इन पर पूरी तरह प्रतिबंध

वहीं, निर्माण और विध्वंस स्थलों पर बोरिंग, ड्रिलिंग, खुदाई तथा भराई के काम पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। निर्माण एवं बिल्डिंग संचालन सहित तमाम संरचनात्मक निर्माण कार्य हैं, उस पर पूरी तरह बैन रहेगा। विध्वंस के कार्य पूरी तरह बैन रहेगा। निर्माण व विध्वंस साइट पर लोडिंग अनलोडिंग पर बैन रहेगा। कच्चे माल के स्थानांतरण मैनुअल और फ्लाइएस सहित बैन रहेगा। कच्ची सड़कों पर वहनों के आने जाने पर बैन रहेगा। टाइलों व पत्थरों के काटने पर बैन रहेगा, फर्श सामग्री के काटने पर बैन रहेगा, पीसने की गतिविधियों पर बैन रहेगा।मंत्री गोपाल राय ने कहा कि लोगों के बीच जागरूकता अभियान भी चला जाएगा। पर्यावरण विभाग अखबारों और रेडियो जिंगल के द्वारा प्रदूषण के खिलाफ लोगों के बीच सभी प्रकार के जागरूकता अभियान चलाएगी। आज 2000 इको क्लब द्वारा दिल्ली के स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया गया। आज राजनिवास मार्ग पर स्थित राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय में पर्यावरण मंत्री ने बच्चों के बीच जाकर जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को शपथ दिलाई कि वो सार्वजनिक परिवहन को उपयोग करेगें और लोगों को करने बोलेगे कि रेड लाइट पर गाडी बंद रखेगें, खुले में कचरा नहीं जालाएगें आदि संदेश लोगों के बीच ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि सीएसई की एक रिपोर्ट के अनुसार प्रदूषण में केवल 31 फीसद दिल्ली के अंदर के स्रोत की भूमिका होती है जबकि बाहरी स्रोत का योगदान 69 फीसद है। इसके कारण एनसीआर राज्यों को सभी जरूरी कदम उठाने पड़ेंगे। एनसीआर राज्यों को भी सख्त कदम उठाने होगें क्योंकि वहां के प्रदूषण का असर भी दिल्ली पर पड़ता है।

अत्यधिक उच्च प्रदूषण स्तर के कारण दिल्ली आज स्वास्थ्य आपातकाल में:वीरेंद्र सचदेवा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि अत्यधिक उच्च प्रदूषण स्तर के कारण दिल्ली आज स्वास्थ्य आपातकाल में है लेकिन अरविंद केजरीवाल की सरकार ने आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा है कि यह विडंबना है कि जिस दिन दिल्लीवासियों को सड़कों पर चलने में दिक्कत हो रही है, उस दिन दिल्ली के सीएम छत्तीसगढ़ में राजनीतिक रोड शो कर रहे हैं।

श्री सचदेवा ने कहा है कि यह देखकर हैरानी होती है कि दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी यह दिखावा करने की कोशिश कर रहे हैं कि दिल्ली सरकार प्रदूषण योजनाओं पर गंभीरता से काम कर रही है, लेकिन सच्चाई बिल्कुल विपरीत है।

वर्षों से हम जानते हैं कि दिल्ली में सर्दियों में प्रदूषण पंजाब में फसल अवशेष जलाने के कारण बढ़ता है, लेकिन अरविंद केजरीवाल सरकार ने पंजाब में फसल अवशेष जलाने को कम करने के लिए कोई ठोस योजना बनाने के लिए अपनी पार्टी की पंजाब सरकार के साथ एक बार भी बैठक नहीं की। इसी तरह दिल्ली सरकार ने दिल्ली में धूल प्रदूषण को कम करने के लिए कुछ नहीं किया, जिसका मुख्य कारण टूटी सड़कें और बिना पौधे वाली सड़कें हैं, जो वाहनों के चलने पर धूल उड़ाती हैं।

निर्माण गतिविधियाँ भी प्रदूषण का एक छोटा कारण हैं, लेकिन उनके लिए एक नीति पर काम करने के बजाय दिल्ली सरकार ने दिल्ली में निर्माण गतिविधियों को अचानक बंद कर दिया है। इसका खामियाजा अब व्यवसायी और मजदूर दोनों को भुगतना पड़ रहा है।

श्री सचदेवा ने कहा है कि पिछले 24 घंटों से दिल्ली में स्वास्थ्य आपातकाल है और हर दूसरे व्यक्ति को आंखों में जलन, गले में जलन की शिकायत है। इस स्थिति के बावजूद दिल्ली सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था लोगों को बचाने में सक्षम नहीं है।

हजारों वास्तव में लाखों बच्चे और वरिष्ठ नागरिक सांस लेने में समस्याओं का सामना कर रहे हैं और उन्हें न्युबिलाइजेशन की आवश्यकता है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने दिल्ली सरकार से अपने अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों और मोहल्ला क्लीनिकों को तुरंत 24 ७ 7 आपातकालीन न्युबिलाइजेशन सेवाएं और पलमुनरी रोगों से संबंधित मुफ्त दवाएं प्रदान करने के लिए सुसज्जित करने का आग्रह किया है। श्री सचदेवा ने कहा है कि निर्माण गतिविधि पर प्रतिबंध को और बढ़ाया जा सकता है और अधिकांश निर्माण श्रमिक दिहाड़ी मजदूर हैं, इसलिए दिल्ली सरकार को निर्माण गतिविधियां ठप रहने तक उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान करना चाहिए।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार, 04 नवम्बर, 2023

केजरीवाल की लोकप्रियता से डरी भाजपा अब मंत्री राजकुमार आनंद के पीछे पड़ी- प्रियंका कक्कड़

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री राजकुमार आनंद के घर ईडी की रेड पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा को आड़े हाथ लिया। आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि भाजपा अरविंद केजरीवाल से बुरी तरह से डरी हुई है। इसलिए सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह के बाद अब मंत्री राजकुमार आनंद के पीछे पड़ गई है। जबकि उनके उपर कोई भी केस नहीं है। ईडी ने उनके घर 22 घंटे तक रेड की, लेकिन एक चवन्नी नहीं मिली। इससे एक बार फिर स्पष्ट हो जाता है कि हमारे सभी मंत्री पाक-साफ हैं। किसी के पास अब तक कोई बरामदगी नहीं हुई है। फिर भी ईडी उन पर गंभीर धाराएं लगा रही है। उन्होंने कहा कि दरअसल, भाजपा विपक्ष की मुखर आवाजों को दबाना चाहती है। जो भी उसके खिलाफ बोलेगा, उसके पीछे इलेक्शन डिपार्टमेंट (ईडी) को लगा देती है। आम आदमी पार्टी भाजपा से कहना चाहती है कि वो हमारे पांच नहीं, 50 विधायकों-मंत्रियों के यहां रेड करा ले, लेकिन एक चवन्नी नहीं मिलेगी, क्योंकि हमारी सरकार कट्टर ईमानदार है।

आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह के बाद भाजपा अब दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री राजकुमार आनंद के पीछे पड़ गई है। जबकि राजकुमार आनंद के उपर कोई भी केस नहीं है। उनके उपर कहीं कोई एफआईआर और किसी केस में उनका नाम तक नहीं है। इसके बाद भी राजकुमार आनंद के घर पर 22 घंटे तक ईडी की रेड चली लेकिन एक चवन्नी नहीं मिली। हमारे सभी मंत्री पाक-साफ हैं, किसी के पास कोई बरामदगी नहीं हुई है। फिर भी गंभीर धाराएं लगाई जा रही हैं। जैसे मनीष सिसोदिया के उपर पीएमएलए का केस लगा दिया गया। मंत्री राजकुमार आनंद के घर ईडी की रेड का सच क्या था, इसकी अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि भाजपा विपक्षी दलों के नेताओं की आवाज दबाने और डराने की लगातार कोशिश कर रही है। भाजपा के खिलाफ जो भी मुखर तौर पर बोलेगा, उसके पीछे अपना इलेक्शन डिपार्टमेंट (ईडी) छोड़ देती है। एक लोकतांत्रिक देश में सबके लिए कानून बराबर होते हैं। एक विकसित देश में सरकारें ऐसे कानून बनाती हैं, जिससे लोगों का जीवन बेहतर हो और काम करने में आसानी हो। पीएमएलए के कानून का लगातार दुरुपयोग किया जा रहा है। 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने भी पीएमएलए के प्रोविजन को असंवैधानिक करार दिया था। क्योंकि इसमें जमानत के स्टेज पर ही पूरा केस लड़ना होता है। जमानत के स्टेज पर अगर 51 हजार डाक्युमेंट्स और 500 गवाह डाल दिए जाते हैं तो सबका परीक्षण करना होगा। इसमें सालों लग जाते हैं। जमानत के स्टेज आरोपी को ही खुद को बेगुनाह साबित करने की जिम्मेदारी होती है। ईडी को कुछ भी डॉक्युमेंट डाल देगी।

आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि भाजपा ऐसा इसलिए कर रही है क्योंकि उसके पास अरविंद केजरीवाल का कोई तोड़ नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने मोदी लहर में भी भाजपा को हरा दिया था। मोदी लहर के दौरान 2015 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी को 70 में से 67 सीटें मिली थी। आठ साल के लंबे संघर्ष के बाद जब सुप्रीम कोर्ट से हम सर्विसेज मामले को जीते, भाजपा ने अध्यादेश और बाद में बिल लाकर उस कानून को भी पलट दिया। भाजपा अपने किसी राज्य में फ्री शिक्षा, स्वास्थ्य, बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा, पानी, 24 घंटे बिजली देने में असफल रही है। इसलिए अरविंद केजरीवाल पूरे भारत में बहुत प्रसिद्ध हैं। हर कोई अपने शहर में दिल्ली मॉडल चाहता है। क्योंकि दिल्ली मॉडल लोगों को उपर उठाने वाला मॉडल है। चूंकि भाजपा ऐसा नहीं कर पा रही है। इसलिए वो सरकारें तोड़ने का काम करती है। भाजपा अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा जनता का पैसा ऑपरेशन लोटस में खर्च करती है, जनता का पैसा अपने पूंजीपति दोस्तों का 25 लाख करोड़ करोड़ माफ करने में खर्च करती है। लेकिन भाजपा जनता का पैसा जनता के उपर उपयोग नहीं करती है। यह बेहद दुखद है कि भाजपा बदले और अस्वस्थ्य की राजनीति प्रतिद्धंदिता कर रही है। भाजपा को सिर्फ अरविंद केजरीवाल से डर लगता है। आम आदमी पार्टी कहना चाहती है कि भाजपा पांच नहीं, हमारे 50 विधायकों, मंत्रियों के यहां रेड करा ले, लेकिन एक चवन्नी नहीं मिलेगी। क्योंकि आम आदमी पार्टी की सरकार कट्टर ईमानदार है। इसलिए भाजपा को मजबूती के साथ में हमारा मुकाबला करना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने आप सांसद राघव चड्ढा को राज्यसभा अध्यक्ष से मिलकर बिना शर्त माफी मांगने को कहा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) से निलंबित सांसद राघव चड्ढा को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मिलने और सदन में अपने कथित कदाचार के लिए बिना शर्त माफी मांगने को कहा।

चड्ढा को इस साल अगस्त में पांच राज्यसभा सांसदों का चयन समिति में नाम शामिल करने से पहले उनकी सहमति नहीं लेने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था।

सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि आप नेता द्वारा मांगी गई माफी पर राज्यसभा सभापति सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगे।

पीठ ने चड्ढा के वकील द्वारा दिए गए बयान को दर्ज किया कि निर्लंबित आप सांसद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से यह बताने के लिए मिलने का समय मांगेंगे कि उनका संसद के उच्च सदन की गरिमा को प्रभावित करने का कोई इरादा नहीं था। चड्ढा की ओर से पेश हुए वकील शादान फरासत ने कहा कि उनका मुवक्किल राज्यसभा का सबसे कम उम्र का सदस्य है और वह नए सिरे से बिना शर्त माफी मांगने में संकोच नहीं करेगा।

चड्ढा ने राज्यसभा से अपने निलंबन को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

सोमवार को, शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की थी कि किसी सांसद को निलंबित करने से उसके द्वारा प्रतिनिधित्व किये जा रहे मतदाताओं के अधिकार पर गंभीर असर पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि चड्ढा के खिलाफ लगाए गए आरोपों में उन सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर शामिल नहीं हैं झ जिन्होंने संसदीय पैनल में अपना नाम शामिल करने के लिए सहमति नहीं दी थी।

चड्ढा ने शीर्ष अदालत के समक्ष दलील दी थी कि राज्यसभा के सभापति जांच लंबित रहने तक सदन के किसी सदस्य को निलंबित करने का आदेश नहीं दे सकते, खासकर तब, जब विशेषाधिकार समिति पहले से ही उसी मुद्दे पर जांच कर रही हो।

आप नेता पर दिल्ली सेवा विधेयक से जुड़े एक प्रस्ताव में पांच सांसदों का नाम उनकी सहमति के बिना जोड़ने का आरोप है। चड्ढा को तब तक के लिए निलंबित कर दिया गया है जब तक उनके खिलाफ मामले की जांच कर रही विशेषाधिकार समिति अपनी रिपोर्ट नहीं सौंप देती।

दिल्ली में प्रदूषण के संकट पर राजनीतिक तकरार तेज, भाजपा ने केजरीवाल पर फोड़ा ठीकरा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली-एनसीआर में जहां प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है, वहीं इस पर राजनीति भी गमार्ती जा रही है। राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए इसके लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया है। भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि दिल्ली के हालात गैस चैंबर की तरह हो गई है। दिल्ली में अब सांस लेना भी दूभर होता जा रहा है। शुक्रवार को राजधानी की वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 700 के पार पहुंच गया है लेकिन दिल्ली के स्मॉग टॉवर पर ताला लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि करोड़ों खर्च करके लगाया गया स्मॉग टावर आज बंद पड़ा है। प्रदूषण से निपटने की दिल्ली की क्षमता भी पिछले 8-9 वर्षों से बंद पड़ी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता को भीषण प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। लोग बीमार पड़ रहे हैं।

उधर, प्रदूषण के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी भी केन्द्र सरकार पर हमलावर है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार प्रदूषण की रोकथाम के कोई उपाय नहीं कर रही है। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री कहां हैं? दिल्ली में प्रदूषण को रोकने के लिए केन्द्र सरकार क्या उपाय कर रही है? उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण को रोकने के लिए ठोस कदम उठा रही है। राजधानी में ऑड इवन लागू करने के लिए तैयार है लेकिन कोर्ट के आदेश के तहत वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) इस संबंध में निर्णय ले सकता है। गोपाल राय ने कहा कि प्रदूषण सिर्फ अकेले दिल्ली की समस्या नहीं है, इससे हरियाणा और उत्तर प्रदेश भी प्रभावित है। दिल्ली से बाहर के कारकों के कारण यहां प्रदूषण की समस्या गंभीर बनती जा रही है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को राजधानी का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 346 दर्ज किया गया लेकिन कई क्षेत्रों में यह 700 के पार भी चला गया। प्रदूषण बोर्ड के मुताबिक आने वाले दो हफ्तों तक यह समस्या और गहराएगी।

सांप के जहर की सप्लाई करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तस्करों को पुलिस ने दबोचा

नोएडा। सेक्टर-49 कोतवाली पुलिस ने सेक्टर-51 स्थित सेफरन वेडिंग विला में रेव पार्टी के लिए सांप के जहर की आपूर्ति करने वाले गिरोह को पकड़ा है। वन विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने छह तस्करों के पास से पांच कोबरा, दो दो मुहे सांप, एक लाल सांप, एक अजगर को पकड़ा है। 25 एमएल जहर भी बरामद

प्लास्टिक की बोतल में 25 एमएल जहर बरामद किया है। हिरासत में लिए गए तस्करों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धाराओं में कार्रवाई की गई है। वन विभाग के एक अधिकारी बताया कि सांप जहर का प्रयोग कर रेव पर्टियों में नशे के लिए उपयोग किया जाता है।

वन विभाग द्वारा सूचरा पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। सूचना मिली थी कि वेडिंग विला में पार्टी के लिए सांप के जहर की आपूर्ति करने वाले गिरोह आया है। वन विभाग, पुलिस एवं पीपल फार एनिमल के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचकर संदिग्धों की तलाशी ली गई। जिसमें एक बैग में अलग-अलग पिंडियों में नौ सांप बरामद किए हैं।

मौके से एक व्यक्ति को भी पकड़ा है, जिसे सांप का जहर भी दिया गया था। वहीं सेक्टर-49 कोतवाली पुलिस की ओर से तस्करों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। माना जा रहा है कि पुलिस की ओर से गिरोह में शामिल अन्य लोगों को भी जल्द पकड़ा जा सकता है। शहर में बड़े पैमाने पर लंबे समय से सांपों की तस्करी करने वाला गिरोह सक्रिय है।

जहर सप्लाई कर करते हैं मोटी कमाई

जांच में आया है कि सक्रिय सांप तस्कर मेट्रो सिटी में होने वाली रेव पार्टियों के लिए जहरीले सांपों का जहर सप्लाई करते थे। इसके एवज में वह लाखों की कमाई करते थे। इसके साथ ही प्रतिबंधित प्रजाति के अजगरों को आसपास के जंगलों से नहीं बल्कि नेशनल पार्क से लाकर मोटी कीमत पर बेचा जाता था। महानगरों में होने वाली रेव पार्टियों में कोबरा के जहर का प्रयोग नशे के लिए किया जाता है। दस ग्राम जहर की शीशी की कीमत एक लाख रुपये से अधिक होती है। जहर की इंटरनेशनल मार्केट कीमत करोड़ों रुपये में है। गिरोह के बारे में जानकारी मिली है कि यह सांपों की भी तस्करी करते थे। सांप बेचने से भी बड़ा धंधा जहर को रेव पार्टियों तक पहुंचाने का है। जहर की तस्करी के तार गाजियाबाद, मथुरा के तस्करों से जुड़े.हैं। जांच में पता चला है कि यह तस्कर गाजियाबाद के एक व्यक्ति को सांपों के जहर की सप्लाई करते थे। अब पुलिस उस शख्स की भी तलाशी कर रही है।

गुरुग्राम में 21 एकड़ में बनी कालोनियों पर चला बुलडोजर, बिना लाइसेंस काटी जा रही थी कालोनी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के जिला नगर योजनाकार एन्फोर्समेंट (डीटीपीई) टू के नेतृत्व में गुरुग्राम के फरुखनगर इलाके में अवैध रूप से कट रही दो कालोनियों में तोड़फोड़ अभियान चलाया गया। फरुखनगर के सुल्तानपुर से सटकर यह अवैध कालोनियां काटी जा रही थीं।

बिना लाइसेंस के काटी जा रही थी कालोनी

करीब 21 एकड़ में अवैध रूप से कृषि भूमि जमीन पर बिना किसी लाइसेंस लिए कालोनी काटी जा रही थीं। डीटीपीई सुमित मलिक के नेतृत्व में चले अभियान में इन दोनों अवैध कालोनी के जमीन मालिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला तो रिस्टोरेशन के आदेश दिए गए।

दोनों कालोनियों में चला बुलडोजर

इसके बाद भी कालोनियों में काम नहीं रुका। बृहस्पतिवार को पुलिस बल के साथ दोनों कालोनियों में बुलडोजर चलाया गया। इन दौरान दो फार्म हाउस के स्ट्रक्चर, 17 डीपीसी, दो चारदीवारी समेत दोनों कालोनियों के रोड नेटवर्क पर पीला पंजा चला दिया गया। डीटीपीई की तरफ से तोड़फोड़ के दौरान एकत्र हुए लोगों से अपील की गई कि अवैध कालोनियों में अपनी जमापूंजी का निवेश न करें। डीटीपीई की तरफ से सुल्तानपुर नेशनल पार्क के आसपास विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसके आसपास निर्माण पर पूरी तरह प्रतिबंध है।

एक महीने में छठा तोड़फोड़ अभियान

पिछले एक माह में सुल्तानपुर के आसपास यह छठा तोड़फोड़ अभियान है। इसके आसपास जमीन मालिक अवैध रूप से फार्म हाउस कालोनी काटने का प्रयास करते रहते है। तोड़फोड़ कार्रवाई के दौरान डीटीपीई के अलावा जूनियर इंजीनियर नवीन, बतौर डयूटी मजिस्ट्रेट जीएमडीए के एसडीई राकेश यादव मौजूद रहे।

बदला लेने के लिए शख्स ने देवी-देवताओं की अश्लील तस्वीरें इंटरनेट पर डाली, पुलिस ने ऐसे किया मामले का खुलासा

नई दिल्ली। इंटरनेट पर हिंदू देवी-देवताओं की आपत्तिजनक तस्वीरें ऑनलाइन बेचने के मामले में दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दें, दिल्ली महिला आयोग ने 29 अक्टूबर को पुलिस को नोटिस जारी कर मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। दिल्ली पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर अवधेश के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। वहीं एसीपी विजय गहलावत के नेतृत्व में साइबर एक्सपर्ट की टीम इसमें मदद कर रही थी। प्रारंभ में यह जानकारी सामने आई कि राहुल कुमार नाम का शख्स इस तरह की आपत्तिजनक तस्वीरें पोस्ट कर रहा है। उसने तस्वीरों के बदले रुपये पाने के लिए अपने बैंक अकाउंट की डिटेल्स भी दे रखी थी। पहले संदिग्ध का लोकेशन बिहार मिला संदिग्ध का लोकेशन बिहार के दरभंगा जिले में मिला। जांच के बाद उसकी इस मामले में कोई भूमिका नहीं पाई गई। इसमें यह सामने आया कि कोई अन्य शख्स मामले में उसके नाम का इस्तेमाल कर रहा था। आरोपी इसके लिए काफी चतुराई से अपनी गतिविधियां चला रहा था। आरोपी को हरिद्वार से गिरफ्तार किया गया पुलिस ने बताया कि डिजिटल फॉरेंसिक और नामी टेक्नोलॉजी कंपनियों की मदद से असली आरोपी का पता लगा लिया गया। असली आरोपी की पहचान उत्तराखंड के हरिद्वार निवासी आदर्श सैनी के तौर पर किया गया। पुलिस ने उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। आरोपी देहरादून से बीबीए की पढ़ाई की थी। राहुल से बदला लेने के लिए रची साजिश आरोपी आदर्श ने गेमिंग वेबसाइट तैयार की थी। इसके जरिए वह ग्राहकों को गेमिंग आईडी देता था और इसके बदले वह रुपये कमाता था। उसने बताया कि राहुल कुमार नाम का शख्स उसकी आइडिया के मुताबिक अपना गेमिंग वेबसाइट बनाया।

दिल्ली जल बोर्ड 71000 करोड़ का कर्जदार केजरीवाल सरकार जिम्मेवार : कैलाश जैन

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने 8 वर्षों के शासन में यमुना सफाई के नाम पर करोड़ों रुपये भ्रष्टाचार की भेट चढ़ा दिए और यमुना में प्रदूषण हर दिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने पिछले 5 वर्षों में यमुना सफाई पर 6800 करोड़ खर्च करने का दावा किया है परंतु यमुना का प्रदूषित होता काला पानी दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर रहा है। केजरीवाल राज में दिल्ली वाले जीते जी काले पानी की सजा भोगने को मजबूर है। यह कहना है वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाबरपुर जिले के पूर्व अध्यक्ष कैलाश जैन का। कैलाश जैन ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा हर घर नल से जल देने वायदा किया गया पूरी तरह से दिल्लीवासियों के साथ धोखा साबित हुआ है। दिल्ली सरकार दिल्ली में जिन गिने चुने घरों में नल से पानी दे रही है वहां दूषित पानी आ रहा है। मौसम में बदलाव की आहट से ही झुग्गी झौपड़ी व दिल्ली के कई इलाकों में जल संकट से लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड पर 71000 करोड़ का कर्जा है, जो केजरीवाल के शासन में हुए भ्रष्टाचार के कारण वर्ष दर वर्ष बढ़ता जा रहा है, जबकि कांग्रेस शासन में दिल्ली जल बोर्ड मुनाफा कमाने वाली संस्था थी। यमुना में इतना प्रदूषण बढ़ रहा है कि यमुना में अमोनिया का स्तर बढ़ने से झाग बढ़ता जा रहा है। कैलाश जैन ने कहा कि यह जांच का विषय है कि 8 साल के शासन में केजरीवाल सरकार यमुना से अमोनिया को ट्रीट करने के लिए 6 अमोनिया ट्रीटमेंट प्लांट अभी तक नही बना पाई और यमुना में दूषित पानी न डले उसके लिए आवश्यक 22 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट क्यों नही लगा पाई। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड में हुए 71000 करोड़ के घाटे के लिए मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल सीधे तौर पर जिम्मेदार है, जिसकी जांच होनी चाहिए। कैलाश जैन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की बेल रिजेक्ट करने बाद साबित हो गया है वे उन्हें सजा होगी क्योंकि उनके खिलाफ शराब नीति में भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग, सबूत मिटाने सहित कई अन्य मामलों में सीबीआई और ईडी. द्वारा जांच चल रही है।

वायु प्रदूषण को लेकर दिल्ली-पंजाब सरकार एक्शन में, पर केंद्र और हरियाणा-यूपी सरकार सो रहीं- रीना गुप्ता

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों पर सीधा हमला बोला। आप की वरिष्ठ नेता रीना गुप्ता का कहना है कि वायु प्रदूषण को लेकर दिल्ली और पंजाब सरकार लगातार एक्शन में हैं, लेकिन भाजपा की केंद्र समेत हरियाणा व यूपी सरकार सो रही है। हरियाणा में पराली जलने की लगातार घटनाएं हो रही हैं। झझर, बहादुर गढ़, गुरुग्राम समेत 20 शहरों से दिल्ली में 20 फीसद तक प्रदूषण आ रहा है। फिर भी हरियाणा की खट्टर सरकार सोई हुई हैं। वहीं, पंजाब सरकार ने केवल एक-डेढ़ साल के प्रयास में ही पराली जलने की घटनाओं में 50 फीसद की कमी लाई है। जबकि दिल्ली सरकार हर साल विंटर और समर एक्शन प्लान बनाकर वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए गंभीर प्रयास करती है। इसी का नतीजा है कि दिल्ली में पिछले कुछ वर्षों में 30 फीसद तक वायु प्रदूषण में कमी आई है। पूरे उत्तर भारत में रहने वाले 70 करोड़ लोग हर साल वायु प्रदूषण से जूझते हैं। फिर भी भाजपा की केंद्र सरकार के पास इसे कंट्रोल करने को लेकर कोई ठोस प्लान नहीं है।

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता रीना गुप्ता और विधायक कुलदीप कुमार ने वायु प्रदूषण को लेकर शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान रीना गुप्ता ने कहा कि सर्दियों के शुरू होते ही पूरे उत्तर भारत में प्रदूषण की समस्या शूरू हो जाती है। आज उत्तर भारत का नोएडा, ग्रेटर नोएडा, जिंद, फरीदाबाद, रोहतक, गाजियाबाद, बल्लभगढ़, हापुड़, भिवाड़ी, बहादुरगढ़ और मेरठ शहरों में प्रदूषण बेहद खराब स्तर पर है। यह कोई पहला साल नहीं है, जब इन शहरों की हवा खराब हुई हो बल्कि पिछले कई सालों से इस इंडो-गैंगेटिक प्लेन में जहां लगभग 70 करोड़ लोग रहते हैं, यहां हर साल प्रदूषण की समस्या पैदा होती है। दुनिया के किसी और देश में ऐसी बड़ी समस्या को हल करने के लिए कोई न कोई प्लान या विजन होता है कि हम कैसे और कितने सालों में इसका समाधान निकालेंगे। लेकिन पिछले नौ सालों से भाजपा की केंद्र सरकार ने आज तक ऐसा कोई डॉक्यूमेंट या प्लान नहीं रखा कि वो पूरे उत्तर भारत में होने वाली प्रदूषण की समस्या का कैसे हल निकालेंगे। दूसरी तरफ, दिल्ली सरकार हर साल विंटर एक्शन प्लान और समर एक्शन प्लान बनाती है। यही कारण है कि केजरीवाल सरकार के कार्यकाल में दिल्ली में प्रदूषण 30 फीसद कम हुआ है। रीना गुप्ता ने बताया कि केंद्र सरकार का एक सफर एजेंसी है, जिसे इन्होंने बंद कर दिया था। मेरे द्वारा सवाल उठाने के बाद उसे दोबारा खोल दिया गया है। सफर का डेटा बताता है कि दिल्ली के एक्यूआई के लिए क्या-क्या कारण जिम्मेदार हैं। इससे पता चलता है कि आज की तारीख में दिल्ली में अपना खुद का प्रदूषण केवल 20 फीसद है, बाकि का 80 फीसद प्रदूषण बाहर से आ रहा है। दिल्ली सरकार चाहती है कि दिल्ली के चारों तरफ एक दीवार बना दें लेकिन ऐसा करना संभव नहीं है।

उन्होंने बताया कि हम केंद्र को हर साल चिट्ठियां लिखकर यह अनुरोध करते हैं कि दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण के लिए एक प्लान बनना चाहिए। यह चिट्ठी हम केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को जुलाई-अगस्त से लिखते हैं कि फिर से प्रदूषण की समस्या आने वाली है। इसके लिए कुछ कदम उठाइए। लेकिन किसी के कानों पर कोई जूं नहीं रेंगती है। वहीं दूसरी तरफ इस पर दिल्ली और पंजाब ने मेहनत की। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बने सिर्फ डेढ़ साल हुआ है। अमेरिका की एजेंसी नासा में रिकॉर्ड डाटा के अनुसार आज की तारीख में पंजाब में पराली जलाने के मामलों में 50 प्रतीशत की कमी आई है। वहीं, हरियाणा की सरकार प्रदूषण की समस्या पर कोई काम नहीं कर रही है। हरियाणा में लगातार पराली जलाई जा रही हैं। सफर वेबसाइट के डाटा के अनुसार आज की तारीख में हरियाणा के 11 शहरों से 20 प्रतीशत प्रदूषण दिल्ली में आ रहा है। फिर चाहे वो झज्जर हो, बहादूरगढ़ हो या गुरुग्राम हो। उन्होंने कहा कि जब केजरीवाल सरकार यह दिखा चुकी है कि काम करने से प्रदूषण में कमी आती है तो खट्टर सरकार क्यों सोई हुई है? उन्होंने कहा कि हर साल सीएक्यूएम की बैठक में हरियाणा, यूपी और राजस्थान सरकार को अपने राज्य की इंडस्ट्रीज को क्लीन नेचुरल गैस में कनवर्ट करने के लिए कहा जाता है। लेकिन सोनीपत में आज भी ऐसी हजारों चिमनियां हैं जो हवा में जहर उगल रही हैं। वो सारा धुंआ उड़ कर दिल्ली में आ रहा है। इसके साथ ही गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण पर भी यूपी और हरियाणा सरकार द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

जगतपुरी रेड लाइट पर चलाया गया अभियान : श्रवण दीक्षित

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के निदेर्शानुसार कृष्णा नगर विधानसभा की जगतपुरी रेड लाइट पर रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान चलाकर लोगों को प्रदूषण के प्रति जागरूक किया और रेड लाइट ऑन होने पर गाड़ी बंद करने की अपील की और कृष्णा नगर विधानसभा आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष श्रवण दीक्षित ने कहा रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ करने से ईंधन की भी बचत होगी और वायु प्रदूषण भी कम होगा। इस अवसर स्थानीय विधायक एस.के. बग्गा संगठन मंत्री सुनील कारवाल गीता कॉलोनी वार्ड अध्यक्ष सरदार भूपेंद्र सिंह अनारकली वार्ड अध्यक्ष प्रवीण बहल कृष्णा नगर वार्ड अध्यक्ष निशा तिवारी जगतपुरी वार्ड अध्यक्ष दीपक आहूजा संगठन मंत्री राकेश चढ़ा संगठन मंत्री दानिश भाई सरदार मनदीप सिंह संगठन मंत्री अजय मधोक विकास बग्गा शिव दत्त कौशिक रमेश पंडित जुगल अरोड़ा रवि कपूर सुदर्शन लाल जी बबलू सक्सेना प्रधान अयूब भाई महबूब भाई आदि कार्यकताओं ने कार्यक्रम में बढ़चढ़कर भाग लिया।

सक्रिय विपक्ष के रूप में भाजपा पार्षदों को एमसीडी के हर कुकृत्य को उजागर करना चाहिए : राधा मोहन दास अग्रवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद डॉ.राधा मोहन दास अग्रवाल ने आज दिल्ली भाजपा के संगठनात्मक महासचिव पवन राणा, महासचिव हर्ष मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग और एमसीडी में विपक्ष के नेता सरदार राजा इकबाल सिंह की उपस्थिति में दिल्ली भाजपा द्वारा आयोजित नगर निगम पार्षदों के लिए 2 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन किया।

सांसद डॉ. अग्रवाल के अलावा, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली विधानसभा में एलओपी रामवीर सिंह बिधूड़ी, पवन राणा और पीपीआरसी निदेशक सुमीत भसीन एवं हर्ष मल्होत्रा ने 2 दिवसीय शिविर के पहले दिन विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों को संबोधित किया।

एमसीडी में अपने सेवा कार्यकाल के दौरान भाजपा द्वारा किए गए विभिन्न विकास कार्यों पर प्रकाश डालने वाली एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई है जिसका उद्घाटन भी सांसद डा. अग्रवाल ने किया।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने पीएम नरेंद्र मोदी के मजबूत और दूरदर्शी नेतृत्व में लाई गई विभिन्न योजनाओं और केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने पिछले 9 सालों में देश में हुए सकारात्मक बदलावों पर भी चर्चा की। श्री राधा मोहन दास अग्रवाल ने पिछले 9 वर्षों के दौरान दिल्ली में केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला और पार्षदों से उन पर चर्चा करने का आह्वान किया। उन्होंने भाजपा पार्षदों से आह्वान किया कि एक सक्रिय विपक्ष के रूप में उन्हें आप शासित एमसीडी के हर कुकृत्य को उजागर करना चाहिए। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने अपने सत्र में एमसीडी के कामकाज में प्रभावी भागीदारी, जन सरोकार के मुद्दों और पार्षदों से अपेक्षित नैतिक आचरण पर बात की। अपने सत्र में, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता, रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली की वर्तमान राजनीतिक स्थिति और विपक्ष के रूप में भाजपा की भूमिका पर बात की।

अपने सत्र में डॉ. सुमीत भसीन ने प्रभावी सार्वजनिक प्रतिनिधित्व, कार्यालय रखरखाव, सार्वजनिक संपर्क और सोशल मीडिया पर बात की। श्री पवन राणा ने अपने सत्र में भाजपा की विचारधारा और पार्षदों के कामकाज में इसके प्रतिबिंब पर बात की। श्री हर्ष मल्होत्रा ने पार्षदों को एमसीडी अधिनियम के बारे में जानकारी दी और कहा कि सभी पार्षदों को नियमों और विनियमों के बारे में नियमित रूप से अपडेट रहना चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

इसुआपुर। श्रम संसाधन विभाग बिहार सरकार भवन एवं सनिर्माण कर्मकार निर्माण बोर्ड के सौजन्य से इसुआपुर प्रखंड के सढ़वारा बाजार , बजरहियां मुसहर टोली तथा प्रखंड परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। मां सीता सेवा सदन के कलाकारों द्वारा किए गए इस नाटक के द्वारा कामगार मजदूरों को यह बताया गया कि उन्हें श्रम संसाधन विभाग में रजिस्ट्रेशन करवाना आवश्यक है। क्योंकि सरकार के द्वारा चलाए जाने वाली कल्याण कारी योजनाओं का लाभ उन्हें तब मिलेगा जब वे अपना रजिस्ट्रेशन करा लेंगे। इस बाबत श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी संजय कुमार झा ने बताया कि मजदूरों के विकास के लिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है। जिससे वे सरकार के यहां अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। ताकि सरकार से मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ उन्हें प्राप्त हो सके। इस मौके पर आत्मा के प्रखंड अध्यक्ष विजय राय भी मौजूद थे।

साइबर ठगों ने खाता से उड़ाए लाखों रुपए

इसुआपुर। जिले के खैरा थाना क्षेत्र के खोदाईबाग गांव के अशोक साह साइबर ठगी के शिकार हो गए हैं। उन्होंने ठगी से संबंधित एक लिखित शिकायत साइबर थाना छपरा में दी है। जिसमें कहा गया है कि जिला मुख्यालय छपरा स्थित इंडस बैंक की शाखा में उन्होंने खाता खोला है। जिसमें से 29 अक्टूबर को साइबर ठगों ने एक लाख 21 हजार 555 रुपए का फजीर्वाड़ा कर ट्रांसफर कर लिया है। अब खाते में मात्र 2 रुपए 71 पैसे शेष बच गए हैं।

पुण्यतिथि पर याद किए गए समाजसेवी, राधाकृष्ण तिवारी

डोरीगंज। सदर प्रखंड के चिरांद तिवारीघाट पर शुक्रवार को समाजसेवी राधाकृष्ण तिवारी की सातवीं पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर चिरान्द विकास परिषद व गंगासमग्र,रामकृष्ण विवेकानन्द आश्रम के स्वामी दिब्यआत्मानन्द महाराज ने राधाकृष्ण तिवारीके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर बच्चों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर रघुनाथसिंह, हरिद्वार सिंह,श्याम बहादुर सिंह,डॉ शम्भूनाथ तिवारी,राशेश्वरसिंह,जीविजय,जयदिवेश पाण्डेय ,कुमार आनंद,सुमन साह जजनप्रसाद यादव,आलोककुमार,सुरज राय,शत्रुघ्न पासवान मौजूद थे।

जदयू नेता ने पीड़ितों से मिलकर जताई संवेदना

छपरा कार्यालय।सारण जिला जनता दल यू०के जिला उपाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति सदस्य महेश सिंह ने मटियार में हुई नाव दुर्घटना के पीड़ितों के बीच पहुंचकर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की एवं राज्य सरकार से यथासंभव मदद दिलवाने का भरोसा दिया । जिला प्रशासन द्वारा तत्काल चार लाख की अनुग्रह राशि का चेक पीड़ित परिवारों के बीच वितरित किया गया। उपाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित परिवारों के बीच जिन्हें पक्का मकान नहीं है उन्हें जिला प्रशासन से आग्रह कर आवास की सुविधा दिलाने का भी प्रयास किया जाएगा।प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश सचिव सह जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य राजेश त्यागी, पूर्व मुखिया प्रभात सिंह निरंजन कुमार सिंह सहित काफी संख्या में जदयू के नेताओं ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों के बीच उनके दुःख -दर्द को बांटा इस बात की जानकारी जिला कार्यालय प्रभारी ब्रजेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी ।

महाराजगंज की मिट्टी चंदन के समान है मेरे लिए - प्रो सत्यदेव

रसूलपुर।रक्षा विभाग भारत सरकार के पूर्व संयुक्त निदेशक प्रो सत्यदेव राय पराशर ने कहा है कि महाराजगंज की मिट्टी मेरे लिए चंदन के समान है।रसूलपुर थाना की चनचौरा पंचायत के बनपुरा गांव निवासी प्रो सत्यदेव ने कहा कि महाराजगंज संसदीय क्षेत्र उनकी जन्म भूमि रही है इसी क्षेत्र में वे पले बढ़े और पढ़े हैं।यहां की उन्नत संस्कृति उनके रग रग में बहता है।यहां की सेवा करना वे परम सौभाग्य मानते हैं ।इस क्षेत्र की जनता के लिए कुछ विशेष करने की योजना है।इसके लिए 22 नवम्बर से चार दिवसीय कार्यक्रम स्थानीय लोगों के सहयोग से महाराजगंज क्षेत्र में उन्होंने रखा है।प्रो राय ने कहा है कि महाराजगंज कॉलिंग मी.. ।मुझे जरूर जाना चाहिए वहां के समाज के हर वर्ग से मिलूंगा और क्षेत्र की जरूरत को समझूंगा फिर आगे का कार्यक्रम तय करुंगा।प्रो राय के राजनीतिक कार्यक्रम के प्रभारी प्रो विनय राय ने बताया कि प्रो सत्यदेव के मिनट टू मिनट कार्यक्रम पर तेजी से काम चल रहा है।

महागठबंधन के देश विरोधी कार्यों को बताने 5 नवंबर को बिहार आ रहे हैं देश के गृह मंत्री अमित शाह : राकेश

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।भाजपा जिला कार्यालय में शुक्रवार को बिहार प्रदेश के प्रवक्ता राकेश कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 5 नवंबर को मुजफ्फरपुर के पताही एयरपोर्ट के मैदान में देश के यशस्वी गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का आगमन होने जा रहा है इजरायली में देश के गृह मंत्री बिहार सरकार की नाकामियों एवं महागठबंधन सरकार देश विरोधिकारियों को बिहार की जनता को बताने का काम करेंगे।

श्री सिंह ने कहा कि वह शर्म के लोगों को रैली में शामिल होने के लिए नेता देने आए हैं चरण की धरती वीरों की भूमि रही है यहां से हजारों हजार की संख्या में कार्यकर्ता मुजफ्फरपुर की रैली में सम्मिलित होंगे प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि 5 नवंबर की रैली में सारण की धरती से बहुत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मुजफ्फरपुर जाएंगे जिला अध्यक्ष में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सारण से जुड़ी एक बड़ी घटना का जिक्र करते हुए कहा कि दशहरा के मूर्ति विसर्जन में बेवजह पूजा समिति के कार्यकर्ताओं को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं भाजपा के सांसद ,नेताओं को जिला प्रशासन द्वारा निर्दोष लोगों को फर्जी केस पर फसाया जा रहा है इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए एवं निर्दोष लोगों पर हुए केस वापस हो इसके लिए भारतीय जनता पार्टी शरण में एक बड़ा आंदोलन करेगी महा धरना से लेकर चक्का जाम तक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता होने तक करें उन्होंने प्रशासन से इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की। प्रेस वार्ता में जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह,शत्रुध्न भगत, भाजपा जिला मुख्य प्रवक्ता धर्मेन्द्र सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी बलवंत सिंह, अर्धेन्धु शेखर, राजीव तिवारी, धीरज सिंह, अजीत सिंह आदि शामिल हुए।

ड्रीम प्रोजेक्ट हर घर गैस का हुआ शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय । सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी के ड्रीम प्रोजेक्ट हर घर गैस का शुभारंभ नई बस्ती बड़ा तेलपा से रौजा तक का शुभारंभ नारियल फोड़ कर किया गया। बता दे कि बिहार में पहली बार छपरा में घरेलू गैस पाइप से शुरू हो गया है। इस अवसर पर जिला भाजपा रंजीत सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सरकार में सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी के प्रयास से आज घर घर मे पाइप लाइन से गैस शुरू हो गया है।

छपरा के पूर्व मेयर प्रिया देवी ने कहा कि सांसद रूडी जी द्वारा जो गैस पाइप लाइन से गैस मिलने से महिलाओं को सम्मान मिला है। सांसद रूडी जी माध्यम से शहर में जो कार्य करोड़ो का हो रहा है वह ऐतिहासिक है। जिला प्रवक्ता धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी के माध्यम से छपरा में 5 हजार से ज्यादा लोगो को शहर में घर घर गैस पाइप लाइन से शुरू हो गया है।

अब ग्रामीण स्तर पर भी दिघवारा, सोनपुर में भी गैस से गैस शुरू हो गया है जिले में सभी प्रखण्ड में पाइप लाइन का कार्य तेजी से चल रहा है। जिला महामंत्री विवेक सिंह ने कहा कि सारण को विकाश में सांसद राजीव प्रताप रूडी ने नया इतिहास बनाया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री सत्यानंद सिंहः ,जिला प्रवक्ता मदन कुमार सिंह, समाजसेवी लक्ष्मण सिंह, पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष गामा सिंहः, सुशील सिंहः,,अशोक श्रीवास्तव, शत्रुध्न चौधरी, अनूप यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

भेल्दी में सड़क हादसे में जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

प्रातः किरण संवाददाता

भेल्दी(सारण)। डेरनी-अमनौर सड़क पर धरहारा मठिया के समीप सड़क हादसे में जख्मी युवक की मौत इलाज के दौरान पीएमसीएच में हो गई।मृतक विक्की कुमार साह(25) भेल्दी थाने के पटराही खुर्द गांव के भिखारी साह का पुत्र बताया जाता है।

मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के पटराही खुर्द गांव के विक्की कुमार साह गुरूवार को अपने घर से बाइक से अमनौर जा रहा था।वह जैसे ही डेरनी-अमनौर मुख्य मार्ग पर धरहारा मठिया के समीप पहुंचा कि सड़क हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गया।परिजनों ने गंभीर रूप से जख्मी विक्की को इलाज के लिए अमनौर सीएचसी लाए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।स्थिति को नाजुक देख सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने पीएमसीएच रेफर कर दिया जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान विक्की कुमार साह की मौत हो गई।परिजनों ने पीरबहोर थाने में फर्दबयान दर्ज कराया।

विक्की का शव पीएमसीएच से पटराही खुर्द गांव में पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।पिता भिखारी साह,मां शिवकुमारी देवी दहाड़ मारकर रो रहे थे।भाई सुनील साह,रंजीत साह,बहन रेखा कुमारी व भाभी पूनम देवी के आंखों से आंसू सूखने का नाम नहीं ले रहा था।ग्रामीण मैनेजर राय ने मृतक के परिजनों को ढाढस बढाते हुए सांत्वना दिया।

एसडीओ ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

पानापुर(सारण)एसडीओ डॉ. प्रेरणा सिंह ने शुक्रवार को गंडक नदी के किनारे स्थित विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया।उन्होनें सारंगपुर डाकबंगला ,भोरहां ,रामपुररुद्र ,कोंध मथुराधाम घाटों का निरीक्षण किया एवं मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि घाटों की समुचित सफाई ,खतरनाक घाटों की बैरिकेडिंग करायी जाएगी ताकि व्रतियों को छठ पूजा के दौरान कोई परेशानी न हो।वही पर्यटक स्थल के रूप में विख्यात कोंध मथुराधाम घाट पर उपस्थित पंचायत प्रतिनिधयों के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि आपलोगों का अपेक्षित सहयोग मिला तो इस घाट पर नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा महाआरती का आयोजन कराया जा सकता है।ग्रामीणों के सकारात्मक रुख को देखते हुए लोगो को इसबार मथुराधाम घाट पर गंगा महाआरती का कार्यक्रम आयोजित होने की उम्मीद है।निरीक्षण के दौरान बीडीओ राकेश रौशन ,सीओ रणधीर प्रसाद ,जिलापार्षद रत्नेश कुमार भाष्कर ,पैक्स अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ,ललन महतो ,जलेश्वर मांझी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

रबी कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

पानापुर (सारण)प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय रबी कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आत्मा के सौजन्य से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीओ डा. प्रेरणा सिंह ,बीडीओ राकेश रौशन एवं सीओ रंधीर प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया ।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों ने उपस्थित किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती कर कम लागत में अच्छी उपज के तौर तरीको पर विस्तार से जानकारी दी गयी ।प्रशिक्षकों ने किसानों को रबी फसलों के लिए उन्नत बीज एवं जैविक खादों के प्रयोग के विषय मे विस्तार से बताया ।साथ ही सरकार द्वारा किसानों के लिए चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।इस मौके पर कृषि पदाधिकारी अजय झा ,उद्यान पदाधिकारी सुभाषचंद्र यादव, जीविका प्रबंधक श्रवण कुमार, रंजन पाण्डेय राजकुमार राम, उदय शंकर सिंह, सुनील द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

इसुआपुर में घर घर केसीसी अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

इसुआपुर। घर-घर केसीसी अभियान को लेकर प्रखंड मुख्यालय इसुआपुर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नाबार्ड के जिला प्रबंधक प्रदीप कुमार व अंशु माला द्वारा पीएमएसबीवाई और पीएमजेजेबीवाई योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि वैसे किसान जो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे हैं, लेकिन वे केसीसी से वंचित है वैसे किसान बैंक से लोन लेकर अपना कारोबार कर सकते हैं। ताकि वे अपने स्वरोजगार से जुड़कर देश की उन्नति में भागीदार बन सकें। बताया गया कि सरकारी आंकड़े के अनुसार इसुआपुर प्रखंड में 36488 लोग प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे हैं। जिन्हें केसीसी लेना अनिवार्य है। अन्यथा उनकी सम्मान राशि बंद कर दी जाएगी। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि बैंकों में 20 रुपए प्रीमियम जमा कर 18 से 70 साल के बीच के लोग इसका लाभ ले सकते हैं। जिसके तहत दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके नॉमिनी को दो लाख रुपए सहायता राशि मिलेगी। वहीं 18 से 50 वर्ष के बीच आयु वाले लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत 436 सालाना प्रीमियम जमा करने पर किसी भी कारण से मृत्यु होने पर नॉमिनी को दो लाख रुपए की सहायता राशि मिलेगी। जिनके जीवन का जोखिम 55 साल तक रहेगा। लोगों से सरकार की इन कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने की अपील की गई।

काली पट्टी बांधकर,कर्मियों व विद्यार्थियों ने किया रोषपूर्ण प्रदर्शन

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जयप्रकाश विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षक व विभिन्न विभागों से जुड़े विद्यार्थी व शिक्षकेत्तर कर्मी राधा कृष्ण गोयनका महाविद्यालय, सीतामढ़ी, बिहार के भौतिक विज्ञान विभाग के प्राध्यापक रवि कुमार पाठक पर किए गए जानलेवा हमले से आहत है। शिक्षक संघ इस बात से स्तब्ध है कि एक निहायत ईमानदार एवं कर्मठ शिक्षक को अपराधियों ने उनके चेंबर में घुसकर दिनदहाड़े गोली मार दी।इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए ।जयप्रकाश विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर शिक्षक संघ इस आपराधिक को कृत्य की पुरजोर निंदा करता है । अपराधियों की भर्त्सना करते हुए डॉ. रवि कुमार पाठक के साथ पूरी सहानभूति प्रकट करता है तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है।

इस घटना से व्यथित जयप्रकाश विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर शिक्षक संघ ने शुक्रवार को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रकट किया। विरोध प्रदर्शन में यह विभिन्न विभागों के छात्रों तथा शिक्षित कर्मचारियों ने भी भाग लिया। सभी इस घटना से अत्यंत विकसित हैं।भौतिक विज्ञान विभाग के प्राध्यापक रवि कुमार पाठक के साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए सरकार से यह मांग की गयी कि अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करके उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। जयप्रकाश विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर शिक्षक संघ के शिक्षकों ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि बिहार के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के परिसरों में कानून और व्यवस्था की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है।असामाजिक तत्वों द्वारा शिक्षकों को धमकी दी जाने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इसे सरकार द्वारा शीघ्र ही संज्ञान लेने की आवश्यकता है। इस विरोध प्रदर्शन में शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ सिद्धार्थ शंकर,उपाध्यक्ष डॉ अजीत कुमार तिवारी, सचिव डॉ महेंद्र सिंह ,कोषाध्यक्ष डॉ.मुर्शीद आलम ,सह सचिव विकास कुमार चौहान, डॉ अजय कुमार,डॉ रवीन्द्र सिंह,डॉ राणा विक्रम सिंह, डॉ पूनम सिंह, डॉ ऊषा कुमारीसहित कई वरीय प्राध्यापकों संकायाध्यक्षों ने की सहभागिता रही।उधर विश्वविद्यालय के विज्ञान भवन में संचालित पी जी विभागों से जुड़े विद्यार्थियों व कर्मियों ने भी इस घटना को लेकर रोष व्यक्त किया।

गायत्री महायज्ञ में हवन करने को लेकर मची भगदड़

प्रातः किरण संवाददाता

परसा। सारण जिला के मस्तिचक में अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल द्वारा आयोजित 251 कुण्डीय विराट गायत्री महायज्ञ में हवन करने के लिए जुटी लाखो भक्तो की भीड़ में शुक्रवार की अहले सुबह यज्ञ शाला में प्रेवश के लिए भारी संख्या में भक्तो भीड़ जुटी थी।उसी भीड़ में एक दूसरे से पहले हवन करने की ललक में लोग तेजी से आगे बढ़ने की प्रयास कर रहे थे।पुलिस कंट्रोल करने में जुटी रही तभी भीड़ में दो महिला गिर गई।जिससे महिला भीड़ में कुचला गई।पुलिस और गार्ड द्वारा महिला को उठा उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसा में भेजा गया जहां महिला ने दम तोड़ दिया।औरंगाबाद जिला के दाउदनगर थाना क्षेत्र के बड़का दीघा वार्ड 21 का निवासी राम प्यारे राम के 60 वर्षीय पत्नी राम कली देवी दूसरा मृतक कनापक गाव निवासी मोती रजक की 55 वर्षीय पत्नी पार्वती देवी बताई जाती है।घायलों में आरा जिले के सुरेश तिवारी की पत्नी गीता देवी, औरंगाबाद के राजाराम साह की पत्नी माछी देवी, स्व प्रकाश साह की पत्नी फूल कुमारी देवी,दरभंगा जिले के पुतुल झा की पत्नी रामा देवी व वीरेंद्र मिश्र की पत्नी बुची देवी बताई गई हैं।सभी घायलों को पीएमसीएच रेफर कर दी गई हैं।हवन करने के लिए जुटी लाखो की भीड़ में दो महिला की मौत होने की सूचना पाकर सारण डीएम अमन समीर व एसपी डॉ गौरव मंगला घटना स्थल पर पहुचे और मामले की जांच किया।जांच के उपरांत एसपी और डीएम खुद यज्ञशाला पहुँच अनियंत्रित भीड़ को संभालने के लिए माइक से घंटो देर तक कंट्रोल करते रहे।भक्तो की सुरक्षा व्यवस्था के लिए काफी संख्या में पुलिस बल तैनाथ कर दिया गया है।भक्तो के आवागम के लिए रूट में बदलाव किया गया है।घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार को यज्ञ का समापन के अवसर पर दूर दराज दराज से आए हजारो महिला पुरुष भक्त रात्रि में यही पर विश्राम कर रहे थे।सुबह हवन करने ले लिए यज्ञशाला जाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई।मुख्य द्वार से प्रेवश करने के दौरान बृद्ध महिला भीड़ में भूमि पर गिर गई।भीड़ अनियंत्रित होने के कारण उनके साथ सात महिला भक्त और गिर गई।पुलिस और गार्ड प्रयास करते तब तक अनियंत्रित भक्तो की भीड़ से महिला कुचला गई।जिसमें दो महिला भक्त की मौत हो गई अन्य सात घायल हो गई।यह यज्ञ गत 31 अक्टूबर से संचालित हो रही है।

नेशनल इंश्योरेंस कंपनी ने आवेदिका को अदा किया बीमित राशि और सुद

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष विरेंद्र प्रताप सिंह एवम सदस्य मनमोहन कुमार और मंजू सिंह की पीठ ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी को बीमित राशि 5 लाख पंद्रह हजार रुपए एवं आर्थिक मानसिक शारीरिक परेशानी के लिए 10 हजार जुमार्ना तथा वाद खर्च के लिए 5 हजार रूपए आवेदिका को देने का आदेश दिया है साथ ही आयोग ने कहा है कि परिवाद पत्र दाखिल करने की तिथि से 6% सुद भी देने का आदेश दिया था । जिसे आज इंस्योरेंस कम्पनी ने अदा कर दिया साथ ही सुद के एवज मे 1लाख रुपए 80 हजार का भी भुगतान कर दिया।बताते चले की अमनौर थाना की पिपराही सोनहो निवासी शकुंतला देवी पति राजेंद्र राय ने उपभोक्ता आयोग में परिवाद संख्या 16/16 दिनांक 9 फरवरी 2016 को दाखिल किया था।जिसमें उसने बतलाया था कि उसके पति कोलकाता में दूध का कारोबार करते थे ।उन्होंने गोल्डन ट्रस्ट फाइनेंशियल कंपनी जो नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के साथ मिलकर मजदूर का दुर्घटना बीमा करती थीं उसी कंपनी से आवेदिका के पति राजेंद्र राय ने बीमा कराया था। परंतु 31 नवंबर 2013 को उनकी दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। जिसकी सूचना आवेदिका ने अमनौर थाना और इंश्योरेंस कंपनी को दिया था।परंतु मृतक के उम्र में अंतर होने के कारण इंश्योरेंस कंपनी द्वारा उसको भुगतान नहीं दिया जा रहा था। जिसको लेकर आवेदिका ने परिवाद पत्र दाखिल किया था दोनों पक्षों के बहस सुनने के बाद आयोग ने यह फैसला दिया था।

वैश्य समाज का प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल से मिलकर ज्ञापन सौंपा

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन बिहार का पाँच सदस्यीय शिष्टमंडल ने राज्यपाल ,बिहार से राजभवन में मिलकर बिहार सरकार द्वारा साज़िश के तहत जातीय जनगणना में वैश्य समाज के उप जातियों को अलग- अलग जनगणना करने तथा वैश्य समाज की आबादी घटाकर प्रकाशित करने सहित पाँच सूत्री माँगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। आखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक पवन कुमार जायसवाल के नेतृत्व में राज्यपाल से मिलने गए 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल में धर्मेन्द्र कुमार साह, साहू भूपाल भारती, अजय कुमार गुप्ता, जयराम प्रसाद एवं अनिल साह, शमिल थे। राज्यपाल को दिए गए ज्ञापन में मुख्य मांगो में बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित जातीय जनगणना में वैश्य समाज के सभी 56 उपजातियों की संख्या को साजिश के तहत घटाकर किए गए त्रुटिपूर्ण प्रकाशन को सुधार करने, वैश्य समाज के सभी 56 उप जातियों के जातीय जनगणना का एकीकृत प्रकाशन करने,राज्य में जातीय जनगणना में वैश्य समाज की आबादी को साजिश के तहत घटाने के दोषी पदाधिकारी एवं साजिश में शामिल नेताओं के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने, राज्य में जातीय जनगणना से वंचित परिवारों के लिए प्रखंडवार टॉल फ्री नं० जारी कर वंचित परिवारों का जातीय जनगणना कराने तथा राज्य में जातीय जनगणना का प्रकाशन पंचायत, वार्ड स्तर पर जारी करने आदि मांगे शामिल है।

राजयपाल से मिलने के बाद धर्मेन्द्र कुमार साह ने कहा कि राजयपाल ने शिष्ट मंडल की बातों को गंभीरता से सुना तथा यथोचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

आर एस ए के जे पी एम इकाई की बैठक सम्पन्न

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा सदर : शुक्रवार को आर एस ए जयप्रकाश महिला महाविद्यालय छपरा इकाई की बैठक महाविद्यालय परिसर में हुआ। जिसमें स्नातक सत्र 22-25 के पंजीयन के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा किया गया। 1 साल से अधिक नामांकन होने के बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन अभी तक इस सत्र के छात्र-छात्राओं का पंजीयन नहीं किया है जिसके कारण परीक्षा प्रपत्र नहीं भरा पा रहा है। पंजीयन का सारा कार्य कुलसचिव देखते हैं । उसके उल्टे स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र 23-27 का पंजीयन करने हेतु परीक्षा नियंत्रक नोटिफिकेशन करते हुए सभी प्रिंसिपल को 7 नवंबर 23 तक पंजीयन करने का निर्देश दिए है समझ में नहीं आ रहा हैं।जबकि पहले सत्र का अभी तक पंजीयन हुआ नहीं दूसरे सत्र का पंजीयन करने का निर्देश दूसरा पदाधिकारी दे रहा है जिसका यह कार्य क्षेत्र है ही नहीं है। स्नात्तकोत्तर प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय सेमेस्टर, स्नातक प्रथम खंड, द्वितीय खंड का रिजल्ट अभी तक प्रकाशित नहीं हुआ। स्नातक तृतीय खंड रेगुलर का रिजल्ट तो प्रकाशित हो गया लेकिन अभी तक किसी भी छात्र-छात्राओं का अंक पत्र नहीं दिया गया। स्नातक तृतीय खंड स्पेशल का अभी तक रिजल्ट भी प्रकाशित नहीं हुआ है। जिसके कारण छात्र-छात्राएं कंपटीशन एग्जाम का परीक्षा प्रपत्र नहीं भर पा रहे हैं। इन सभी मुद्दों को लेकर संगठन विश्वविद्यालय में बहुत बड़ा प्रदर्शन करेगी इसी के तैयारी को लेकर प्रत्येक महाविद्यालय में इकाई की बैठक आयोजित की जा रही है। ताकि तीनों जिलों से प्रदर्शन में अधिक से अधिक छात्र एवं छात्राएं शामिल हो सके। बैठक में प्रमुख रूप से निम्मी कुमारी, रेशमा बानो, खुशबू कुमारी, बेनजीर बानो, उज्जवल कुमारी, अनु कुमारी,शालू कुमारी, अंजली कुमारी, मनीषा आदि उपस्थित थे।

शिक्षक नियुक्ति के लिए बिहार सरकार को बधाई

अखिल भारतीय शिक्षा मंच के प्रदेश अध्यक्ष आलोक आजाद' ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि देश में पहली बार इतनी बड़ी तादाद में युवाओं को एक बार में शिक्षक नियुक्ति पत्र सौंपी गयी है। विश्व रिकॉर्ड कायम करने वाली इस ऐतिहासिक और शानदार उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राज्य सरकार बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी आज हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। दुनिया का सबसे युवा देश कहा जानेवाला भारत का युवा बेरोजगारी की जकड़न में बुरी तरह से फंस चुका है। बावजूद हमारे लिए यह गौरव का विषय है कि बिहार की लोकप्रिय सरकार युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के साथ बिहार के शिक्षण व्यवस्था और विधालयों को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्धता से जुटी हुई है।

आलोक आजाद ने कहा कि इसी वर्ष 10अप्रैल को एक लाख सत्तर हजार शिक्षकों की नियुक्ति के लिए कैबिनेट निर्णय के महज छह माह के अंदर नियुक्ति संबंधी सभी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए १ लाख २० हजार से अधिक युवाओं को एक चयन प्रक्रिया के तहत शिक्षक नियुक्ति पत्र देना सरकार की दृढ़संकल्प और मजबूत इच्छाशक्ति को दशार्ता है । उन्होंने कहा कि फिर से एक लाख से ज्यादा शिक्षकों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन आ चुके हैं। उम्मीद है कि आनेवाले दिनों में सरकार बिहार के सभी प्राथमिक विद्यालय से लेकर विश्वविधालय तक में पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति हेतु नौकरियों का सृजन करेगी। आलोक आजाद ने कहा की हाल के दिनों में ही शिक्षक भर्ती के द्वितीय चरण का भी विज्ञापन निकला है। जिसका अखिल भारतीय शिक्षा मंच स्वागत करती है।

आलोक आजाद ने मुख्यमंत्री तथा उप मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि शिक्षक तथा पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति संबंधी आगे आने वाले सभी विज्ञापनों में स्थानीय डोमिसाइल नीति को लागू करते हुए पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन जल्द से जल्द जारी करने का अनुरोध किया है।इसके साथ बिहार के चार लाख नियोजित शिक्षकों तथा पुस्तकालयाध्यक्षों को भी बिना सक्षमता परीक्षा के तत्काल राज्यकर्मी का दर्जा देते हुए वेतनमान तथा वर्तमान वेतन संरचना के इंडेक्स लेवल को नए वेतनमान में लागू करना चाहिए।

विचार मंथन

सम्पादकीय

इतना घातक है प्रदूषण

वायु प्रदूषण से डायबिटीज (मधुमेह) का खतरा 22 फीसदी बढ़ रहा है। यह दिल्ली और चेन्नई के करीब 12,000 लोगों पर किए गए प्रयोग और शोध का निष्कर्ष है। अध्ययन के शोधकताओं में शामिल मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. वी. मोहन के अनुसार, यह अध्ययन आंखें खोल देने वाला है, क्योंकि अब मधुमेह के कारणों का एक नया आयाम खुल गया है। उनके मुताबिक, प्रदूषण के पीएम 2.5 में सल्फेट, नाइट्रेट, भारी धातुओं और कार्बन के सूक्ष्म कण होते हैं, जो रक्त-वाहिकाओं की परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। धमनियों को सख्त करके रक्तचाप बढ़ा सकते हैं। ये कण वसा-कोशिकाओं में जमा हो सकते हैं। सूजन पैदा कर सकते हैं और सीधे हृदय की मांसपेशियों पर भी हमला कर सकते हैं। बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण शहरी भारत में गर्भ के दौरान भी डायबिटीज के मामले सामने आए हैं। एक और चिकित्सीय शोध किया गया है, जिसका निष्कर्ष है कि प्रदूषित हवा से 56 फीसदी तक पार्किन्सन का रोग बढ़ जाता है। यह शोध एक अमरीकी संस्था ने किया है। यह अध्ययन करीब 90,000 रोगियों पर किया गया है। इस बीमारी में हाथ-पैर तो कांपने ही लगते हैं, लेकिन मस्तिष्क पर भी प्रभाव पड़ते हैं। आदमी लडखड़ाने लगता है, सुनने की शक्ति क्षीण हो जाती है। भारत में फिलहाल पार्किन्सन की बीमारी प्रति एक लाख में 0.5 लोगों को ही है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि अगले 10 साल में यह संख्या 25 फीसदी से अधिक बढ़ सकती है। चूंकि राजधानी दिल्ली देश का सबसे प्रदूषित शहर है, लिहाजा यहां के बाशिंदों की उम्र, वायु प्रदूषण के कारण ही, औसतन 11.9 वर्ष घट जाती है। यानी इतने साल पहले मौत दिल्लीवालों की दहलीज पर आ जाती है। यह अध्ययन भी किया गया है। दिल्ली में आजकल वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 को छूने वाला है, जो एक गंभीर स्थिति है। सामान्य प्रदूषण 100 तक झेला जा सकता है। उसके बाद खतरनाक और फिर गंभीर स्थिति आती है। दो-तीन दिन पहले दिल्ली विश्वविद्यालय के एक कॉलेज के आसपास का वायु गुणवत्ता सूचकांक 999 दर्ज किया गया, जो किसी गैस चैंबर से भी भयावह है। दिल्ली ऐसा महानगर है, जहां देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद और सर्वोच्च अदालत हैं। विदेशों के दूतावास और राजनयिक भी हैं। दिल्ली भारत का हृदय है और यहीं प्रदूषण की जानलेवा समस्या हर साल उभरती है और तीन माह तक राजधानी प्रदूषण की परत में घिरी रहती है। दिल्ली की स्थानीय सरकार आम आदमी पार्टी (आप) के प्रशासन में है।

आरक्षण की आग में जलता महाराष्ट्र

अजीत द्विवेदी

लोकसभा चुनावों से पहले महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की आग लगी है। मराठा नेता मरोज जरांगे पाटिल शुक्रवार यानी 27 अक्टूबर से भूख हड़ताल पर हैं। इससे पहले भी वे 40 दिन तक भूख हड़ताल पर थे और सरकार के आश्वासन के बाद उन्होंने आंदोलन खत्म कर दिया था। उस समय आंदोलन मोटे तौर पर शांतिपूर्ण रहा था। लेकिन आरक्षण आंदोलन का दूसरा चरण बेहद हिंसक हो गया है। मंगलवार यानी 31 अक्टूबर को एक दिन में नौ लोगों ने आरक्षण के समर्थन में आत्महत्या की। पिछले दो हफ्ते में 26 लोग आत्महत्या कर चुके हैं। इससे पहले 1990 में मंडल आयोग की सिफारिश लागू करने के खिलाफ हुए आंदोलन में ही इससे ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। इस लिहाज से यह सबसे भयावह और हिंसक आरक्षण आंदोलन बन गया है। इस आंदोलन के कई पहलू हैं और सबको समझे बगैर न तो इसको पूर्णता में समझा जा सकता है और न इसके राजनीतिक असर का अंदाजा लगाया जा सकता है।ध्यान रहे यह आंदोलन सामाजिक व आर्थिक रूप से राज्य की सबसे मजबूत जाति कर रही है। इस लिहाज से इसकी तुलना गुजरात के पाटीदार अनामत आंदोलन से कर सकते हैं, जिससे हार्दिक पटेल नेता बन कर उभरे थे। उस समय तक हार्दिक एक अनाम चेहरा थे, जैसे कुछ समय पहले तक मनोज जरांगे पाटिल थे। हरियाणा में जाटों को आरक्षण देने का आंदोलन हो या राजस्थान में गुर्जरों को एसटी में शामिल करने का आंदोलन हो। ये सब एक किस्म के आंदोलन है, जिसमें राज्यों की सबसे मजबूत जातियां शामिल हुईं। अगर इन जातियों की आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक स्थिति को बारीकी से देखें तो इनकी स्थिति पिछड़ेपन वाली नहीं है। संविधान निर्माण के समय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की जैसी स्थिति थी या मंडल आयोग का गठन करते समय जैसी स्थिति व्यापक पिछड़े समाज की थी उससे बेहतर स्थिति मौजूदा समय में इन जातियों की है। आर्थिक स्थिति को अगर दरकिनार करें तो सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ापन अपेक्षाकृत कम है। इसलिए मोटे तौर मराठा, पाटीदार, जाट और गुर्जर का आंदोलन राजनीतिक रहा है।इसी वजह से महाराष्ट्र के मराठा आरक्षण आंदोलन को राजनीतिक नजरिए से देखने की जरूरत है। यह विडम्बना है कि अरसे पहले कुनबी जाति के लोग ओबीसी की श्रेणी से बाहर हुए थे। वे पिछड़ा श्रेणी से बाहर निकल कर खुश हुए थे और ऐसा अलग अलग राज्यों में कई जातियों के साथ हुआ था। समाजशास्त्री इसे संस्कृतिकरण की प्रक्रिया बताते थे। इसका मतलब हर पिछड़ी जाति में श्रेष्ठ होने का भाव होना है। लेकिन अब समय का चक्र ऐसा घूम रहा है कि हर जाति पिछड़ी या अनुसूचित जाति, जनजाति में शामिल होना चाहती है। संस्कृतिकरण की प्रक्रिया उलटी चल रही है। इसी प्रक्रिया के तहत मराठा समुदाय कुनबी बनना चाहता है। गौरतलब है कि कुनबी महाराष्ट्र की एक पिछड़ी जाति है। मराठा आरक्षण का आंदोलन कर रहे नेता चाहते हैं कि सभी मराठों को कुनबी का सर्टिफिकेट दिया जाए, जबकि राज्य सरकार कह चुकी है कि सबको कुनबी का सर्टिफिकेट देना मुश्किल है। इस बारे में कहा गया था कि हैदराबाद के निजाम के राज में जिन लोगों के पास कुनबी का सर्टिफिकेट था उनको कुनबी मान लिया जाएगा। लेकिन ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम है। तभी मनोज जरांगे बिना किसी शर्त के सभी मराठों को कुनबी में शामिल करना चाहते हैं।इस मांग की वजह से यह पूरा विवाद मराठ बनाम ओबीसी में तब्दील हो गया है। राज्य में ओबीसी आरक्षण 19 फीसदी है और ओबीसी जातियों के संघों का मानना है कि अगर मराठों को कुनबी बना दिया जाता है तो ओबीसी के 19 फीसदी आरक्षण में से ही उनको भी हिस्सा मिलेगा। चूंकि मराठे सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से ज्यादा संपन्न हैं इसलिए वे आरक्षण का ज्यादा लाभ ले जाएंगे। इस आधार पर ओबीसी महासंघ मराठों को कुनबी का सर्टिफिकेट दिए जाने का विरोध कर रहा है। एक अनुमान के मुताबिक महाराष्ट्र में ओबीसी और मराठा वोट लगभग बराबर है। इसलिए कोई भी पार्टी एक समूह को आकर्षित करने के लिए दूसरे समूह को नाराज नहीं कर सकती है। ध्यान रहे भाजपा ने अपनी शुरूआती राजनीति में ओबीसी को ज्यादा तरजीह दी थी। उसके ज्यादातर नेता या तो ब्राह्मण थे या पिछड़ी जाति के थे। अपनी इस कमजोरी की वजह से ही भाजपा ने एनसीपी के अजित पवार को इतनी तरजीह दी। उसे उम्मीद थी कि अजित पवार की वजह से मराठा वोट उसके साथ जुड़ेगा। लेकिन उससे पहले ही यह नया विवाद शुरू हो गया।यह विवाद जल्दी नहीं सुलझने वाला है। राज्य की राजनीति पर इसका बड़ा असर होगा। इस समय जो हालात बन गए हैं उसे देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता है कि किसी खास पार्टी को इसका फायदा होगा या किसी खास पार्टी को इसका नुकसान होगा। उलटे महाराष्ट्र की राजनीति और विभाजित हो सकती है। राज्य की दो बड़ी प्रादेशिक पार्टियां- शिव सेना और एनसीपी में विभाजन हो गया है और एक तरह से इन दो की चार पार्टियां बन गई हैं। इन चार के अलावा भाजपा और कांग्रेस दो बड़ी पार्टियां हैं। ये छह पार्टियां ओबीसी या मराठा का पक्ष लेकर राजनीति नहीं कर सकती हैं। इनको दोनों के बीच संतुलन बनाना होगा। भाजपा और कांग्रेस के लिए ज्यादा दुविधा है क्योंकि दोनों महाराष्ट्र के बाहर बाकी राज्यों में ओबीसी वोट हासिल करने की जी-तोड़ मेहनत कर रही हैं। तभी इस बात की भी संभावना है कि जाति आधारित नई पार्टियां बनें, जैसे बिहार, उत्तर प्रदेश या तमिलनाडु आदि राज्यों में बनी हैं। इससे राजनीति और अस्थिरता की ओर बढ़ेगी। ध्यान रहे महाराष्ट्र में पिछले करीब 30 साल से गठबंधन की सरकारें चल रही हैं।इसका एक पहलू यह है कि आरक्षण आंदोलन ने राज्य में पिछले एक साल से स्थापित हो रहा नैरेटिव पूरी तरह से बदल दिया है। जब से शिव सेना टूटी तब से ऐसा लग रहा था कि उद्धव ठाकरे गुट के प्रति सहानुभूति है। फिर एनसीपी टूटी तो शरद पवार गुट के प्रति सहानुभूति बनी। लेकिन अब यह नैरेटिव बदल गया है। अब आरक्षण मुख्य मुद्दा है। तभी कहा जा रहा है कि भाजपा को इसका फायदा हो सकता है। सीधे तौर पर इस आंदोलन के पीछे भाजपा की भूमिका नहीं बताई जा रही है लेकिन सबको पता है कि मनोज जरांगे पाटिल के आंदोलन पर जालना में लाठी चली उसके बाद ही यह आंदोलन सबकी नजर में आया और इसका दायरा बढ़ा। लेकिन उसके बाद जिस तरह से आंदोलन में हिंसा भड़की है उससे लगता है कि अब यह किसी पार्टी के हाथ में नहीं रह गया है। इसलिए सभी पार्टियों को साझा तौर पर इसका समाधान निकालने की कोशिश करनी चाहिए।

आरएसएसः भावनात्मक एकता के बहाने यथास्थिति कायम रखने की कोशिश

विजयादशमी का यह भाषण उस बहुसंख्यकवादी हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति की विचारधारा और राजनैतिक एजेंडा को प्रतिबिंबित करता है, जिसका नेतृत्व संघ परिवार के हाथों में है. इस वर्ष (2023) के 24 अक्टूबर को उन्होंने अपने भाषण में केवल शब्दों के कुछ हेरफेर के साथ ऐसी कई बातें कहीं जिन्हें द्वितीय सरसंघचालक एमएस गोलवलकर ने अपनी पुस्तक बंच ऑफ थाट्स में निरूपित किया था. इस पुस्तक में गोलवलकर लिखते हैं, मुस्लिम, ईसाई और कम्युनिस्ट हिन्दू राष्ट्र के लिए आंतरिक खतरा हैं. छलपूर्ण भाषा में भागवत ने कहा कि सांस्कृतिक मार्क्सवाद एक खुदगर्ज और धोखेबाज ताकत है जो मीडिया और शिक्षण के क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित कर देश को विभाजित करना चाहती है.उन्होंने आगे कहा, ये शक्तियां कुछ उत्कृष्ट लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य करने का दावा करती हैं लेकिन उनका वास्तविक लक्ष्य दुनिया की व्यवस्था एवं नैतिकता, परोपकार, संस्कृति, गरिमा और संयम को अस्त-व्यस्त करना है. उन्होंने यह भी कहा कि, ये विध्वंसक शक्तियां अपने आप को वोक या मार्क्सवादी बताते हैं...विश्व की सभी सुव्यवस्था, मांगल्य, संस्कार, तथा संयम से उनका विरोध है....माध्यमों तथा अकादमियों को हाथ में लेकर देशों की शिक्षा, संस्कार, राजनीति और सामाजिक वातावरण को भ्रम एवं भ्रष्टता का शिकार बनाना उनकी कार्यशैली है.

राम पुनियानी
लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं

वर्तमान सत्ताधारी दल सहित हिन्दू राष्ट्र की कायमी के लक्ष्य को लेकर काम करने वाली कई अन्य संस्थाओं से मिलकर बने संघ परिवार के मुखिया हैं मोहन भागवत. ये संस्थाएं शिक्षा, राजनीति, सामाजिक गतिविधियों आदि में संलग्न हैं. भागवत संघ परिवार को विजयादशमी (दशहरा) के दिन मार्गदर्शन देते हैं. विजयादशमी का यह भाषण उस बहुसंख्यकवादी हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति की विचारधारा और राजनैतिक एजेंडा को प्रतिबिंबित करता है, जिसका नेतृत्व संघ परिवार के हाथों में है. इस वर्ष (2023) के 24 अक्टूबर को उन्होंने अपने भाषण में केवल शब्दों के कुछ हेरफेर के साथ ऐसी कई बातें कहीं जिन्हें द्वितीय सरसंघचालक एमएस गोलवलकर ने अपनी पुस्तक बंच ऑफ थाट्स में निरूपित किया था. इस पुस्तक में गोलवलकर लिखते हैं, मुस्लिम, ईसाई और कम्युनिस्ट हिन्दू राष्ट्र के लिए आंतरिक खतरा हैं. छलपूर्ण भाषा में भागवत ने कहा कि सांस्कृतिक मार्क्सवाद एक खुदगर्ज और धोखेबाज ताकत है जो मीडिया और शिक्षण के क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित कर देश को विभाजित करना चाहती है.

उन्होंने आगे कहा, ये शक्तियां कुछ उत्कृष्ट लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य करने का दावा करती हैं लेकिन उनका वास्तविक लक्ष्य दुनिया की व्यवस्था एवं नैतिकता, परोपकार, संस्कृति, गरिमा और संयम को अस्त-व्यस्त करना है. उन्होंने यह भी कहा कि, ये विध्वंसक शक्तियां अपने आप को वोक या मार्क्सवादी बताते हैं... विश्व की सभी सुव्यवस्था, मांगल्य, संस्कार, तथा संयम से उनका विरोध है....माध्यमों तथा अकादमियों को हाथ में लेकर देशों की शिक्षा, संस्कार, राजनीति और सामाजिक वातावरण को भ्रम एवं भ्रष्टता का शिकार बनाना उनकी कार्यशैली है.

वोक शब्द मौजूदा दौर में सांस्कृतिक चचाओं के केन्द्र में रहा है. इसकी जड़ अफ्रीकी-अमेरिकियों की स्वयं को नस्लवाद के चंगुल से निकालकर समानता हासिल करने की ललक में है. यह शब्द लोकतंत्र के आगाज के पूर्व के तानाशाही के दौर की पितृसत्तात्मकता, नस्लवाद और वर्णों से संबंधित ऊंच-नीच द्वारा खड़ी की गई रुकावटों पर विजय हासिल करने का प्रतीक भी है.

यह कहा जा सकता है कि यह शब्द अब सारी दुनिया में प्रचलित हो गया है. यूरोप और आस्ट्रेलिया में रूढ़िवादी राजनीतिज्ञ वोक के समावेशिता के विचार का उपहास करते हैं और इसके आधार पर लैंगिक समानता और पर्यावरण संरक्षण का विरोध करते हैं. बीबीसी की डाक्यूमेन्ट्री इंडियाः द मोदी क्वेश्चन (मोदी के मुख्यमंत्रित्वकाल में गुजरात में हुई हिंसा पर बनी डाक्यूमेन्ट्री जिस पर भारत में पाबंदी लगा दी गई है) के बारे में टिप्पणी करते हुए आरएसएस नेता राम माधव ने द इंडियन एक्सप्रेस में लिखा कि बीबीसी का यह पतन ब्रिटेन के संभ्रात वर्ग में वोक संस्कृति के उदय के कारण हुआ है. जो राम माधव यह मानते हैं कि ह्यद मोदी क्वेश्चन का प्रसारण करने से बीबीसी का पतन हुआ है वे ही राम माधव सरसंघचालक के जड़ों की ओर लौटने (संक्षेप में मनुस्मृति के मूल्यों के इर्दगिर्द जाने) के आव्हान का समर्थन करते हैं और सांस्कृतिक मार्क्सवादियों पर हमारे शिक्षण संस्थानों और मीडिया पर कब्जा करने का आरोप लगाते हैं. उनके अनुसार सांस्कृतिक मार्क्सवादियों ने ऐसा आख्यान विकसित किया है जिसमें हिन्दू धर्म को उच्च जातियों की प्रभुता के रूप में परिभाषित कर हिंदुत्व और जाति या जाति प्रथा को दमनकारी और शोषक निरूपित किया गया है. माधव के अनुसार जातिगत जनगणना विभाजनकारी है.

सच यह है कि स्वाधीनता संग्राम के दिनों से ही मार्क्सवाद से प्रभावित लोग समानता के लिए सामाजिक परिवर्तन के हामी रहे हैं. भगतसिंह और उनके साथियों ने समानता की बात थी. औद्योगीकरण और शिक्षा के प्रसार के साथ प्रगतिशील ताकतों ने उस विचारधारा को उखाड़ फेंकने की वकालत की जो सामंती समाज से हमें विरासत में मिली थी और जो वर्गीय, जातिगत और लैंगिक उंचनीच पर आधारित थी. कम्युनिस्टों के अलावा, जोतीराव फुले और आंबेडकर के नेतृत्व वाली धारा ने भी उस दमनकारी व्यवस्था को चुनौती दी, जिसमें ऊंची जातियों के पुरुष दलितों और महिलाओं पर अपना प्रभुत्व जमाते थे और जिसमें पितृसत्तात्मक मूल्यों की प्रधानता थी. गांधीजी के नेतृत्व वाले स्वाधीनता आन्दोलन ने भी इन मुद्दों को उठाया और दमनकारी सामाजिक प्रथाओं के खिलाफ विद्रोह को व्यापक स्वरुप देने का प्रयास किया और उसे स्वाधीनता आन्दोलन का अभिन्न बनाया. अभिव्यक्ति की आजादी के लिए संघर्ष भी स्वाधीनता आन्दोलन का अभिन्न अंग था और लोकमान्य तिलक से लेकर गाँधीजी और उनसे लेकर नेहरु तक सभी ने इसका समर्थन किया. प्रगतिशील वर्गों ने विश्वविद्यालयों में शिक्षण और लेखन व भाषणों के जरिए अपने विचारों को आम लोगों तक पहुँचाया.

इन लोगों ने अपनी बौद्धिक आजादी का उपयोग कर हमारी शिक्षा प्रणाली को प्रजातान्त्रिक नींव दी और वे जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय जैसे बौद्धिक उत्कृष्टता के केन्द्रों की स्थापना में सहायक बने. इस संस्थान ने जबरदस्त प्रतिष्ठा अर्जित की और देश को अनेक लेखक, नौकरशाह और पुलिस अधिकारी दिए. निश्चित रूप से भागवत और माधव का यह दावा सही नहीं है कि शिक्षा के केन्द्रों मं घुसपैठ करने का कोई योजनाबद्ध प्रयास किया गया, जिसके चलते हम अपनी जड़ों से दूर चले गए. उनके लिए तो पूरा स्वाधीनता संग्राम ही हमारी जड़ों से दूर जाना था.

हिन्दू राष्ट्रवादियों के इस दावे में भी कोई दम नहीं है कि मार्क्सवादियों की दृष्टि में हिन्दू धर्म का अर्थ था उच्च जातियों की प्रभुता. यह हिन्दू राष्ट्रवादियों की हमारे अतीत की सतही समझ को दशार्ता है. वे भूल जाते हैं कि आंबेडकर (चुनाव में लाभ प्राप्त करने के लिए जिनकी शान में हिन्दू राष्ट्रवादी कसीदे काढ रहे हैं) ने कहा था कि हिन्दू धर्म में ब्राह्मणवादी मूल्यों का बोलबाला है. दलितों को समानता का अधिकार न देने के प्रति कटिबद्ध कट्टरपंथी हिन्दू धर्म के सिद्धांतों से आंबेडकर इतने आहत थे कि उन्होंने न केवल सार्वजनिक रूप से मनुस्मृति का दहन किया बल्कि यह घोषणा भी की कि, मैं हिन्दू के रूप में पैदा हुआ था. वह मेरे हाथ में नहीं था. परन्तु मैं हिन्दू के रूप में मरूंगा नहीं. इसी कारण आंबेडकर उन जड़ो से दूर चले गए थे, जिनका गुणगान भागवत और माधव कर रहे हैं.

वोक, जो कि सामाजिक ऊंचनीच की बेड़ियों को तोड़ देना चाहता हैं, को भागवत एंड कंपनी नीची निगाहों से देखते हैं. उदारवादी भारतीय संविधान के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहते हैं और वे संयुक्त राष्ट्रसंघ के मानवाधिकार घोषणापत्र के मूल्यों का सम्मान करते हैं. इसके विपरीत, आरएसएस ने अत्यंत योजनाबद्ध तरीके से सरस्वती शिशु मंदिरों की श्रृंखला की स्थापना की है, जिनका पाठ्यक्रम जातिगत और लैंगिक पदक्रम का समर्थन करता है. संघ के ह्यशिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने वेंडी डोनिगर के तार्किक और विद्वतापूर्ण लेखन का विरोध किया. एक अन्य संघी संगठन ने एके रामानुजन के लेख थ्री हंड्रेड रामायाणास को पाठ्यक्रम से बाहर करवाया. यह लेख हमारी विविधवर्णी संस्कृति को समझने में हमारी मदद करता है. और ये तो केवल चंद उदाहरण हैं. उदारवादी मूल्य देश को नहीं बाँट रहे थे. वे तो पितृसत्तात्मकता और जाति प्रथा से मुक्ति की बात करते हैं. देश को जो बाँट रहा है वह है आरएसएस शाखाओं, उसके लाखों स्वयंसेवकों और हजारों प्रचारकों द्वारा किया जा रहा अल्पसंख्यक-विरोधी दुष्प्रचार. जहाँ तक मीडिया पर नियंत्रण का सवाल है, उसके बारे में जितना कहा जाए, वह कम है. सन 1977 में जनता पार्टी की सरकार में लालकृष्ण अडवाणी के सूचना और प्रसारण मंत्री बनने के बाद से आरएसएस के स्वयंसेवकों का मीडिया संस्थानों में घुसपैठ करने का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह अब भी जारी है. मोदी के गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद से कॉर्पोरेट घरानों ने मीडिया के एक बड़े हिस्से पर अपना नियंत्रण कायम कर लिया है और यह हिस्सा अब संघ और भाजपा का भौंपू बन गया है.

ये सभी संगठन और उनके नेता, जाति जनगणना को देश को बांटने वाला बता रहे हैं. सच यह है कि जाति जनगणना, सामाजिक न्याय की स्थापना के दिशा में कदम है. कहने की जरुरत नहीं कि आरएसएस, सामाजिक न्याय का घोर विरोधी है.

राष्ट्रीय दृष्टिकोण से ही निकलेगा एसवाईएल नहर विवाद का समाधान

सर्वोच्च न्यायालय ने सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर विवाद पर पंजाब सरकार को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि इस पर राजनीति न हो। इस आदेश के तुरन्त बाद पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार तुरंत सक्रिय हो गई, किन्तु समाधान के लिए नहीं बल्कि राजनीतिक हलवा पकाने के लिए। सुर वही छह दशक पुराने ह्यमैं ना मानूं-मैं ना मानूंह्ण वाले। रोचक बात है कि शिरोमणि अकाली दल जैसे क्षेत्रीय दलों की तो छोड़ें कांग्रेस-भाजपा जैसे राष्ट्रीय दल भी न केवल सरकार के स्वर में स्वर मिलाते नजर आए और बल्कि एक-दूसरे से आगे दिखने की होड़ में राष्ट्रीय दृष्टिकोण का गला घोंटते भी दिखाई दिए। जबकि वास्तविकता ये है कि इस मसले पर राष्ट्रीय दृष्टिकोण अपनाने से ही कोई समाधान संभव है। मुद्दे की पृष्ठभूमि में जाएं तो विधि कार्य विभाग, जल शक्ति विभाग व पीआईबी की आधिकारिक वेबसाइट अनुसार, 1955 में रावी और ब्यास के पानी का आकलन 15 .85 मिलियन एकड़ फीट (एमएएफ) किया गया। जिसमें राजस्थान को 8, पंजाब को 7 .2 व जम्मू-कश्मीर को 0 .65 एमएएफ पानी आवंटित किया गया। साल 1966 में पंजाब पुनर्गठन अधिनियम के बाद पंजाब और हरियाणा दो राज्य बने। इसमें पंजाब के हिस्से में से 3 .5 एमएएफ का हरियाणा को दिया गया।

राकेश सैन
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

वर्तमान में भी जिस तरह न्यायालय ने एसवाईएल नहर पर सख्त टिप्पणी करते हुए पंजाब सरकार को फटकार लगाई और इसकी परवाह न करते हुए पंजाब सरकार सहित सभी राजनीतिक दलों ने जो हठीला रवैया अपनाया है उससे किसी का भला होने वाला नहीं।

सर्वोच्च न्यायालय ने सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर विवाद पर पंजाब सरकार को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि इस पर राजनीति न हो। इस आदेश के तुरन्त बाद पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार तुरंत सक्रिय हो गई, किन्तु समाधान के लिए नहीं बल्कि राजनीतिक हलवा पकाने के लिए। सुर वही छह दशक पुराने ह्यमैं ना मानूं-मैं ना मानूंह्ण वाले। रोचक बात है कि शिरोमणि अकाली दल जैसे क्षेत्रीय दलों की तो छोड़ें कांग्रेस-भाजपा जैसे राष्ट्रीय दल भी न केवल सरकार के स्वर में स्वर मिलाते नजर आए और बल्कि एक-दूसरे से आगे दिखने की होड़ में राष्ट्रीय दृष्टिकोण का गला घोंटते भी दिखाई दिए। जबकि वास्तविकता ये है कि इस मसले पर राष्ट्रीय दृष्टिकोण अपनाने से ही कोई समाधान संभव है।

मुद्दे की पृष्ठभूमि में जाएं तो विधि कार्य विभाग, जल शक्ति विभाग व पीआईबी की आधिकारिक वेबसाइट अनुसार, 1955 में रावी और ब्यास के पानी का आकलन 15.85 मिलियन एकड़ फीट (एमएएफ) किया गया। जिसमें राजस्थान को 8, पंजाब को 7.2 व जम्मू-कश्मीर को 0.65 एमएएफ पानी आवंटित किया गया। साल 1966 में पंजाब पुनर्गठन अधिनियम के बाद पंजाब और हरियाणा दो राज्य बने। इसमें पंजाब के हिस्से में से 3.5 एमएएफ का हरियाणा को दिया गया। परंतु पंजाब ने राइपेरियन सिद्धांतों का हवाला देते हुए दोनों नदियों का पानी हरियाणा को देने से इनकार कर दिया। राइपेरियन सिद्धांतों के मुताबिक, जल निकाय से सटे भूमि के मालिक को पानी का उपयोग करने का अधिकार है। विरोध के बाद केंद्र सरकार ने साल 1976 में पानी के बंटवारे पर एक अधिसूचना जारी की, लेकिन दोनों राज्यों में विवाद इतना था कि इसे लागू करना मुश्किल हो गया। हालांकि, हरियाणा ने 1980 तक अपने क्षेत्र में नहर को लेकर परियोजना पूरी कर ली। दोनों राज्यों में टकराव जारी रहा, बातचीत से भी कोई हल न निकलने के बाद साल 1981 में एसवाईएल नहर पर समझौता किया गया। 8 अप्रैल, 1982 को पटियाला के एक गांव कपूरी में एसवाईएल नहर की आधारशिला रखी गई। नहर की लंबाई 214 किलोमीटर है। इसमें से पंजाब में 122 किमी हिस्सा है। पंजाब ने भी 92 किलोमीटर के अपने हिस्से पर 1982 में काम तो शुरू किया लेकिन राजनीति के चलते इसे रोक दिया गया। जब पंजाब में इसका विरोध बढ़ा तो तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अकाली दल के प्रमुख हरचंद सिंह लोंगोवाल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए। समझौते के बाद फिर नहर का कार्य शुरू किया गया लेकिन खालिस्तानी उग्रवादियों ने कई इंजीनियरों को और मजदूरों की हत्या कर दी और एक बार फिर परियोजना ठप हो गई। मसले के हल को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश वी. बालकृष्ण इराडी की अध्यक्षता में इराडी अधिकरण का गठन हुआ। इसके बाद भी विवाद बना रहा तो 1996 में हरियाणा ने सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया। न्यायालय ने 2002 में पंजाब को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में एसवाईएल काम को पूरा करे। पर पंजाब विधानसभा में 2004 वर्ष में पंजाब टर्मिनेशन ऑफ एग्रीमेंट्स अधिनियम पारित किया जिसके तहत जल-साझाकरण के सभी समझौतों को खत्म कर दिया गया। पंजाब सरकार ने ऐसा करते समय इस तथ्य का ध्यान भी नहीं रखा कि किसी द्विपक्षीय समझौते को एक पक्ष निरस्त नहीं कर सकता। तब से लेकर अब तक एसवाईएल का निर्माण अधर में लटक कर रह गया और टकराव अभी भी छह दशक पुरानी स्थिति में है।

वर्तमान में भी जिस तरह न्यायालय ने एसवाईएल नहर पर सख्त टिप्पणी करते हुए पंजाब सरकार को फटकार लगाई और इसकी परवाह न करते हुए पंजाब सरकार सहित सभी राजनीतिक दलों ने जो हठीला रवैया अपनाया है उससे किसी का भला होने वाला नहीं। आवश्यक है कि इस मुद्दे का सर्वमान्य हल निकाला जाए। हाल के दिनों में जब पंजाब के कई हिस्से बाढ़ का संकट झेल रहे थे तो बाढ़ के पानी की निकासी के लिए इस नहर की आवश्यकता महसूस हुई। इसका अर्थ यह कि समस्या एसवाईएल नहर नहीं बल्कि पंजाब में पानी की कमी है। अगर विभिन्न स्रोतों से पंजाब में पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाए तो इस नहर के निर्माण में शायद ही किसी को आपत्ति होगी। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पंजाब हो या हरियाणा या और कोई राज्य, सभी एक राष्ट्र के अंग हैं। शरीर के एक अंग का दूसरे से विरोध नहीं हो सकता। इस मुद्दे का निवारण इसलिए भी किया जाना जरूरी है क्योंकि पंजाब में राजनीतिक दल तो अपनी राजनीति चलाते ही हैं, साथ में देश विरोधी शक्तियां इसको लेकर समाज के एक वर्ग विशेष की भावनाएं भड़काने व उनको उकसाने का काम करती हैं। पंजाब में अलगाववादी ताकतें इसे एक समुदाय विशेष पर अत्याचार के रूप में प्रचारित करती रही हैं। यह मुद्दा केवल कृषि व कृषकों से ही नहीं बल्कि देश की सुरक्षा से भी जुड़ा है, इसीलिए इसका सर्वमान्य हल निकलना चाहिए।

देखा जाए तो पंजाब में जल समस्या प्राकृतिक कम और मानवीय अधिक है। धान की अंधाधुंध बिजाई, जल के प्राकृतिक स्रोतों जैसे तालाबों, जलाशयों को भरा जाना, उनमें प्रदूषण बढ़ना यहां का जल संकट बढ़ा रहा है। तालाब जहां बरसात का अतिरिक्त पानी सहेज कर इलाके को आपदा से बचाते हैं वहीं यह गर्मियों में पानी के अच्छे स्रोत बनते हैं। जंगलों की अंधाधुंध कटाई ने वर्षा जल का संवर्धन करने वाले एक कुदरती साधन को समाप्त कर दिया। ऊपर से केवल कृषि ही नहीं बल्कि शहरी क्षेत्रों में पानी का निर्मम दुरुपयोग निर्बाध रूप से जारी है। जरूरत है इन सबको रोकने की। दूसरी तरफ भारत द्वारा पाकिस्तान से की गई जलसंधि की समीक्षा चल रही है, बताया जाता है कि इस संधि के अनुसार पाकिस्तान को जरूरत से अधिक नदियों का जल जा रहा है। इस जल को रोक कर भारत अपनी पानी की मांग पूरी कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो कोई कारण नहीं है कि कोई एसवाईएल नहर जैसी परियोजना का विरोध करे। पंजाब में कमी पानी की नहीं बल्कि इसके प्रबंधन व संवर्धन की है। हमें याद रखना चाहिए कि नदियां किसी एक राज्य की संपत्ति नहीं बल्कि राष्ट्रीय संपदा हैं। कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण द्वारा 2007 में दिये गए फैसले के खिलाफ कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल द्वारा दायर याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा, न्यायमूति अमिताभ राय और न्यायमूति एएम खानविलकर ने कहा था कि कोई भी राज्य नदी के स्वामित्व का दावा नहीं कर सकता, क्योंकि यह एक प्राकृतिक संपत्ति है और इस पर पूरे देश का अधिकार है। न केवल न्याय बल्कि राष्ट्रीय एकता-अखण्डता, क्षेत्रीय सौहार्द एवं देश के देश के विकास की भी यही मांग है

लोकसभा की एथिक्स समिति में महुआ का चीरहरण?

सनत जैन

लोकसभा सांसदों के आचरण की निगरानी करने वाली एथिक्स कमेटी के आचरण पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लग गया है। एथिक्स कमेटी के सभापति ने सदस्यों की उपस्थिति में महिला सांसद महुआ मोइत्रा से जिस तरह से निजी सवालों पर उनसे पूछताछ शुरू की। उससे महुआ मोइत्रा भड़क गई। महुआ मोइत्रा ने समिति की बैठक से वाकआउट किया। उनके साथ ही विपक्षी दलों के सांसद भी विरोध में वाक आउट करके बाहर निकल आए। बाहर निकलकर महुआ मोइत्रा ने कहा कि उनसे एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष विनोद कुमार सोनकर द्वारा गंदे और अनैतिक सवाल पूछे गए। इस बात की पुष्टि अन्य विपक्षी सांसदों ने भी बैठक से बाहर निकलकर की। बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली ने कहा कि महुआ मोइत्रा से अध्यक्ष ने यह पूछा कि आप रात में किस से बात करती हैं। उनसे दुबई यात्रा के बारे में पूछा गया, उनसे पुरुष मित्रों के बारे में पूछा गया, गिफ्ट वह किन से लेती हैं कोई भी उन्हें गिफ्ट देकर उनसे मिल सकता है। महुआ मोइत्रा के व्यक्तिगत और निजी संबंधों की जानकारी अध्यक्ष द्वारा मांगी गई। उल्लेखनीय है कि महुआ मोइत्रा से पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में वह एथिक्स कमेटी के सामने पेश हुई थी। समिति के अध्यक्ष लिखित प्रश्न के आधार पर उनसे एक के बाद एक जो प्रश्न पूछ रहे थे, जो उनकी निजी जिंदगी से संबंधित थे। किसी महिला का इस मामले में जवाब कमेटी के सामने दे पाना संभव नहीं था। महुआ मोइत्रा ने संसद में एक महिला का चीर हरण होने की संज्ञा देते हुए अपनी नाराजगी जताई है। लोकसभा अध्यक्ष और विशेष अधिकार समिति के कामकाज को लेकर नाराजगी अब स्पष्ट रुप से दिखने लगी है। विशेषाधिकार समिति के पास कई मामले पहले से ही लंबित पड़े हुए हैं, लेकिन उन मामलों में अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। सांसद निशिकांत दुबे की शिकायत पर महुआ मोइत्रा पर जिस ताबड़तोड़ तरीके की पूछताछ की जा रही है, कमेटी में जो दस्तावेज पेश किया जा रहे हैं, वह गोपनीय रखे जाने चाहिए थे। लेकिन समिति उन्हें सार्वजनिक रूप से मीडिया में उजागर कर रही है। संसद के अंदर जिस तरह से एक सांसद को भड़वा और कटुआ एक अन्य सांसद द्वारा कहा गया था, उस मामले में अभी तक कोई जवाब सवाल नहीं हुए। विपक्षी सांसदों के लिए अलग तरीके के नियम कानून और सत्ता पक्ष के सांसदों के लिए अलग तरह के नियम कानून और प्रक्रिया को अपनाये जाने का विरोध शुरू हो गया है। पिछले कुछ समय से लोकसभा अध्यक्ष की निष्पक्षता को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। यह भारतीय लोकतंत्र के लिए बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। लोकसभा अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद अध्यक्ष की जिम्मेदारी होती है कि वह सदन के सभी सदस्यों के लिए समान भाव रखते हुए निष्पक्षता से काम करें। सदस्यों के अधिकारों को लेकर सचेत रहें। अध्यक्ष की कार्रवाई इस तरीके की होनी चाहिए की संसद सदस्यों के जो संवैधानिक अधिकार हैं वह सुरक्षित रहें।

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण

नई दिल्ली, शनिवार, 04 नवंबर, 2023

संक्षिप्त खबरें

उप्र: हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

सुलतानपुर में एक अदालत ने धम्मौर थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर सरकंडे डीह में ढाई वर्ष पूर्व एक व्यक्ति की हत्या करने के आरोपी को दोषी ठहराते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सरकारी वकील संदीप सिंह ने बताया कि न्यायाधीश एकता वर्मा ने फिरोज अहमद को दोषी करार देते हुए उसे बृहस्पतिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सिंह ने बताया कि फिरोज अहमद की साली की शादी सादिक अली नाम के व्यक्ति से तय हुई थी, लेकिन अहमद इस शादी के खिलाफ था और उसने आठ अप्रैल 2021 की शाम अली को गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। अदालत ने अहमद को हत्या का दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उस पर 35,000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया।

राज्यकर्मियों को दिवाली तोहफा, 6,908 रुपए का बोनस, चार फीसदी डीए14 लाख से ज्यादा कर्मचारियों को फायदा

योगी सरकार ने राज्य कर्मचारियों को दिवाली के तोहफे के रूप में बोनस दिया है। जहा चार फीसदी महंगाई भत्ता भी दिया जाएगा। बोनस के रूप में 6908 रुपये मिलेंगे। इसका फायदा प्रदेश के 14 लाख से ज्यादा कर्मचारियों को मिलेगा। आपको बता दें कि योगी सरकार ने राज्यकर्मियों को दिवाली से पहले बोनस देने का एलान कर दिया। अराजपत्रित कर्मचारियों को बोनस और सभी राज्य कर्मचारियों व शिक्षकों को बढ़ी हई दर से महंगाई भत्ता दिया भत्ते से राज्य सरकार के खजाने पर हर महीने करीब 300 करोड़ रुपये का व्ययभार आएगा। मिल रही जानकारी के मुताबिक बोनस की राशि अधिकतम सात हजार रुपए हो सकती है। यानी प्रत्येक अराजपत्रित कर्मचारी को अधिकतम 7000 रुपये बोनस दिया जा सकता है। यूपी में अराजपत्रित कर्मचारियों की संख्या 14.82 लाख के करीब है। वही केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए चार फीसदी महंगाई भत्ता देने का ऐलान किया था। अब योगी सरकार भी राज्य कर्मियों को चार फीसदी महंगाई भत्ता देगी। महंगाई भत्ता देने की घोषणा पर राज्य कर्मचारियों का डीए 42 फीसदी से बढ़कर 46 फीसदी हो जाएगा। डीए वृद्धि का लाभ करीब 10 लाख राज्यकर्मियों, आठ लाख शिक्षकों और पेंशनरों को मिलेगा।

विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए बीएचयू में पुलिसकर्मी तैनात होंगे

काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) परिसर में विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। वाराणसी में भेलूपुर के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) प्रवीण कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों विश्वविद्यालय परिसर में एक छात्रा के कथित यौन उत्पीड़न मामले में ड्यूटी में लापरवाही बरतने के लिए लंका थाना के प्रभारी (एसएचओ) अश्विनी पांडेय को लाइन हाजिर कर दिया गया है। एसीपी सिंह ने कहा कि बीएचयू अधिकारियों के साथ एक बैठक की गई और परिसर में बाहरी लोगों का प्रवेश रोकने तथा किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए कुछ निश्चित स्थानों पर पुलिसकर्मियों को तैनात करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के चार मुख्य प्रवेश द्वारों के अलावा, परिसर में कुछ अन्य स्थानों पर भी पुलिसकर्मी तैनात होंगे। उन्होंने कहा कि फिलहाल, परिसर की सुरक्षा विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा तैनात गार्डों द्वारा की जा रही है।

समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनावों में सहयोगी दलों को सीटें देने में उदार रहेगी : अखिलेश यादव

सहारनपुर, एजेंसी

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां के साथ अपनी पूरी हमदर्दी जताते हुए कहा कि इन नेताओं का उत्पीड़न शोषितों, वंचितों की आवाज को दबाने के लिए किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी उनके साथ पूरी ताकत के साथ खड़ी है। हमें न्यायालय और देश की जनता पर भरोसा है। अखिलेश यादव देवबंद में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। वह यहां पूर्व विधायक के यहां शादी समारोह में भाग लेने के बाद अपनी पार्टी के युवा नेता और पिछला विधान सभा चुनाव लड़े कार्तिकेय राणा द्वारा किए गए उनके अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। अखिलेश यादव ने कहा कि देवबंद ऐसा क्षेत्र है, जहां के लोगों ने आजादी की लड़ाई में अपने प्राण न्यौछावर किए और देवबंद की भूमि देश और दुनिया को प्रामाणिक ज्ञान दे रही है। गंगा-जमुनी तहजीब के लिए देवबंद और सहारनपुर एवं आसपास का क्षेत्र अपनी ख्याति रखता हैं। समाजवादी पार्टी को पिछले लोकसभा चुनावों में और बाद के चुनावों में यहां की जनता का पूरा आशीर्वाद मिला है। उन्हें आगे भी भरोसा है कि आगामी लोकसभा चुनावों में यहां की प्रबुद्ध जनता सपा और सहयोगी दलों का समर्थन करेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया लोकसभा चुनावों के लिए बना है। पहले उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी, इसीलिए मध्य प्रदेश वाला प्रकरण सामने आया जो समाप्त हो गया है। सहयोगी दलों के प्रति उनका रवैया पहले की तरह उदार है। समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को सीटें छोड़ने में उदारता देने का परिचय देगी। उन्होंने एक दिन पूर्व 65 सीटों पर चुनाव लड़ने के बयान पर सफाई देते हुए कहा कि कल लखनऊ में समाजवादी पार्टी की कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें दलीय नेताओं का दबाव था कि हमें कम से कम 65 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए। इसलिए उन्होंने मीडिया में यह बात कही थी। लेकिन ऐसा है नहीं। अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी की नीति के बारे में कहा कि पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक मुस्लिम का गठजोड़ एनडीए को चुनाव में पराजित करेगा। इन्हीं तीन समुदायों को भाजपा और एनडीए ने सबसे ज्यादा उपेक्षित रखा है। अखिलेश यादव ने कहा कि जो भी विपक्षी नेता भाजपा सरकार की आलोचना करता है उसी के खिलाफ मुकदमा और उत्पीड़न की कार्रवाई शुरू हो जाती है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी आजम खां के साथ खड़ी है और उनका पूरा साथ देगी। न्यायालय से आजम खां को न्याय मिलेगा। इसी तरह उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पक्ष में अपनी पुरजोर आवाज बुलंद की और कहा कि अरविंद केजरीवाल को कोर्ट और जनता से न्याय मिलेगा। भारी सुरक्षा के बीच अखिलेश यादव दोपहर करीब पौने दो बजे देवबंद पहुंचे और दोनों स्थानों पर साढ़े तीन बजे तक रहे। उनके सभी कार्यकर्ता दओं और समर्थकों में उनकी एक झलक पाने को लेकर जबरदस्त जोश था। पुलिस को लोगों को व्यवस्थित करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

हे राम हमारी नाव चली जरा बल्ली कृपा की लगा देना....

प्रात: किरण, संवाददाता

बिसौली नगर में बदायूं रोड पर चल रही प्राचीन रामलीला हत्सा बिसौली अपना 176वां वर्ष मना रहा हैं, जिसमें ड्रामेटिक क्लब हत्सा द्वारा रात्रि रामलीला केवट सम्बाद हुआ जिसमें राम जब सरयू नदी पर पहुँचते तो और बहा खड़ी नाव को देखकर मल्लाह को आवाज लगाते हैं। मल्लाह वहा पहुँचता हैं और वह पहले राम लक्ष्मण सीता के पैर धुलता हैं काफी देर तक चरण निहारता हैं, तब राम द्वारा बिनती करना उसके बाद मल्लाह जिसका नाम केवट था वो कहता हैं हे प्रभु आपने उस जन्म में तो आपने अपने पैर नही छूने दिए अब तो इस जन्म में छूने दो फिर केवट ने अपने पूर्व जन्म की कथा सुनाई और कहा कि जब में पूर्व में कछुआ योनि में था तब छीर सागर में घूमते घूमते आपके पास पहुंच गया तो कहि लक्ष्मण जी अपनी फसकार मारकर मुझे भगा देते तो कहि लक्ष्मी जी अपने हाथ से हाथ देती, अपनी पूर्व जन्म की कथा सुनाकर केवट नाव को लेकर चलता हैं और रास्ते मे कहता हैं कि हे राम हमारी नाव चली जरा बल्ली कृपा की लगा देना उस पार पहुँचने पर राम द्वारा मल्लाह को अंगूठी देना मल्लाह द्वारा अंगूठी नही लेना फिर मल्लाह कहता हैं तुम आये हो घाट हमारे हम आएंगे घाट तुम्हारे तब तुम पार लगाइयो पार।यह सुनकर राम बहा से चल देते है।इसके बाद मुनि सुतीक्ष्ण के आश्रम पहुंचे जहां सुतीक्ष्ण द्वारा अपने गुरु से अलग रहने के बारे में बताया, और कहा घिस घिस चंदन पुनि पुनि पानी शालग्राम घिस गए तो हम क्या जानी,सुतीक्ष्णने अपने गुरु से श्री राम जी के लिए मिलवाया, ड्रामेटिक क्लब हत्सा द्वारा बड़ी ही तयारी से हकीम ताराचंद नाटक खेला गया जिसमें जगतपाल मिश्रा द्वारा अहम भूमिका निभाई गई।केवट गिरीश मिश्रा,सुमंत जीतेश,विनायक, नवनीत,प्रिंस समेत समस्त क्लब और कमेटी के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

शताब्दी वर्ष में इन पांच विषयों पर समाज का प्रबोधन करेगा संघ

लखनऊ, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष 2025 में पूरे हो रहे हैं। इसलिए संघ, शाखा कार्य विस्तार के साथ ही संघ कार्य को सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी बनाने के लिए काम कर रहा है। संघ ने शताब्दी वर्ष में बड़े कार्यक्रम करने के स्थान पर सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्यबोध जैसे विषयों पर समाज का प्रबोधन करने का निर्णय लिया है। इसलिए संघ के कार्यकर्ता शताब्दी वर्ष में इन विषयों को लेकर समाज के बीच जाएंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर के मुताबिक मार्च 2023 में संपन्न अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में इन विषयों को लेकर समाज के बीच जाने की चर्चा हुई थी। संघ का शताब्दी वर्ष 2025 में प्रारम्भ होगा। इस दौरान इन सारे विषयों को लेकर संघ कार्यकर्ता समाज के बीच जाएंगे। सामाजिक समरसता- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सामाजिक समरसता गतिविधि के नाम से समाज में अस्पृश्यता के निवारण व समाज में सामाजिक समरसता स्थापित करने के लिए काम करता है। इस समय देशभर में बड़े पैमाने पर सामाजिक समरसता के लिए संघ काम कर रहा है। इसलिए शताब्दी वर्ष में सामाजिक समरसता के विषय को लेकर संघ समाज के बीच जन जागरण करेगा। कुटुम्ब प्रबोधन- संघ की छः गतिविधियों में कुटुम्ब प्रबोधन भी शामिल है। परिवार प्रबोधन के जरिए संघ समाज के विभिन्न परिवारों के बीच बेहतर तालमेल, परस्पर सहयोग और सौहार्द कायम करने का प्रयास करता है। संघ का मानना है कि बच्चों को संस्कार परिवार से ही मिलते हैं। परिवार ही देश की सबसे छोटी इकाई है। इसलिए अगर देश को महान बनाना है तो परिवार व्यवस्था को मजबूत रखना होगा। पर्यावरण संरक्षण- आज देश में पर्यावरण का संकट खड़ा है। इसलिए संघ समाज के बीच पर्यावरण गतिविधि के नाम से पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करता है। इस गतिविधि के माध्यम से संघ कार्यकर्ता समाज के बीच जल संरक्षण करने, पौध रोपण को बढ़ावा देने, प्लास्टिक का बहिष्कार करने और धरती को प्रदूषित होने से बचाने के लिए काम करते हैं। स्वदेशी- स्वदेशी का आग्रह संघ परिवार वर्षों से करता आ रहा है। संघ के स्वदेशी से तात्पर्य केवल स्वदेशी कपड़े मात्र से नहीं है। स्वदेशी का अर्थ स्वदेशी, आहार, विहार, संस्कार एवं आचरण के अलावा स्वभाषा व स्वसंस्कार से है। नागरिक कर्तव्यबोध- संघ देशभर में नागरिकों में कर्तव्यबोध का जागरण भी करेगा। संघ का मानना है कि देश के नागरिक अपने अधिकारों की बात तो करते हैं, लेकिन अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करते हैं। इसलिए संघ कार्यकर्ता समाज में नागरिकों के कर्तव्य बोध के जागरण का भी काम करेंगे।

सपा को लगा बड़ा झटका, पूर्व सांसद रवि वर्मा होंगे कांग्रेस में शामिल

लखनऊ, एजेंसी

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में सपा को एक और बड़ा झटका दिया है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महासचिव रवि प्रकाश वर्मा ने सपा से इस्तीफा दे दिया है। अब कांग्रेस में शामिल होने जा रहे हैं। यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पूर्व सांसद अपने पूरे परिवार सहित छह नवंबर को कांग्रेस में शामिल हो जायेंगे। वर्मा खीरी सीट से तीन बार लोकसभा व एक बार राज्यसभा सदस्य रहे हैं। लखीमपुर खीरी के गोला निवासी वर्मा सपा के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। माता-पिता समेत वर्मा का परिवार खीरी लोकसभा क्षेत्र का 10 बार प्रतिनिधित्व कर चुका है। 2019 में सपा ने महागठबंधन के तहत लोकसभा का पहला टिकट उनकी बेटी पूर्वी वर्मा को दिया था। हालांकि वह चुनाव हार गई थीं। रवि वर्मा ने बताया कि समाजवादी पार्टी से उन्होंने इस्तीफा दे दिया है। अब पूरे परिवार सहित कांग्रेस की सदस्यता लेने जा रहे हैं। कांग्रेस के प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि कांग्रेस की लोकसभा चुनाव की तैयारियां जारी हैं। इसी क्रम में पार्टी में ज्वाइनिंग का सिलसिला चल रहा है। हाल ही में कई छोटे दलों ने कांग्रेस में विलय किया है। कई नेता कांग्रेस में आने की इच्छा जता चुके हैं।पूर्व सांसद रवि प्रकाश के आने से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। राजनीतिक जानकर बताते हैं कि रवि प्रकाश की पहचान दिग्गज कुर्मी नेताओं में होती है। उनके कांग्रेस के पाले में आने से खीरी ही नहीं बल्कि धौरहरा, सीतापुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर बाराबंकी आदि लोकसभा क्षेत्रों पर भी असर पड़ेगा। इन लोकसभा क्षेत्रों की अलग-अलग विधानसभा सीटों में कुर्मी समाज निर्णायक भूमिका में हैं। अकेले खीरी में पिछड़े वर्ग की करीब 35 प्रतिशत आबादी में कुर्मी की संख्या सर्वाधिक है। लखीमपुर खीरी के गोला के रहने वाले वर्मा सपा के संस्थापक सदस्यों में रहे हैं। उनका परिवार पुराना समाजवादी रहा है। साथ ही इस क्षेत्र में उसका खास प्रभाव भी रहा है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वर्मा का परिवार खीरी लोकसभा क्षेत्र का 10 बार प्रतिनिधित्व कर चुका है।

नेताओ का आधिकारियो पर दवाव जिले में विकलागों , वृद्ध , विधवाओ पर हो रहा उत्पीडन

प्रात: किरण, संवाददाता

बदायूं राष्ट्रीय विकलांग पार्टी की मासिक बैठक संपन्न हुई बैठक में दिव्यांगो की समस्याओं पर चर्चा हुई जिलाध्यक्ष ने कहां की सरकार तो भारतीय जनता पार्टी की है लेकिन यहां के सत्ताधारी नेता अधिकारियों पर दवाव बना वैठे है और अधिकारी विकलांगों की समस्या को ध्यान नहीं दे रहे हैं कई बार मुख्यमंत्री को पत्र भेजा गया लेकिन दिव्यांगों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है आय दिन दिव्यांगों , वृद्ध , विधवा ओ का उत्पीडन किया जा रहा है दिव्यांगों को परेशान किया जा रहा है और थाने स्तर से दिव्यांगो की समस्या को शीघ्र नहीं निपटाया जा रहा है दिव्यांग की पेंशन उनके खातों में समय पर नहीं भेजी जा रही है न ही दिव्यांगों को स्थाई रूप से जगह फुटपाथ पर बैठे दिव्यांगों को जगह की व्यवस्था की गई है न ही विकलांगों को बैंक द्वारा फ्री में बिना ब्याज के लोन नहीं दिए जा रहा है बिना कमीशन के दिव्यांगों कोई कार्य नहीं कर रहा है प्रधानमंत्री आवास योजना धनराशि को बढ़कर ढाई लाख रुपए की जाए क्योंकि प्रधान सचिन अपनी जेब गर्म कर रहे हैं और दिव्यांगों से मुंह मांगी रकम ले रहे हैं जिससे दिव्यांगों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है ना ही बिजली बिल में माफ किया गया है शीघ्र राष्ट्रीय विकलांग पार्टी पाँच प्रतिनिधि मंडल जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री से मुलाकात की परमिशन की मांग करेगा इस मौके पर अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किए इस मौके राजेश कुमार बगरे विनोद सिंह महात्मा नारायण गिरी रमेश राम रहीम मुकेश ममता मुन्नी देवी ललित कुमार रचपाल नेत्रपाल आशादेवी पप्पू रामवती रामवहादुर रामरईस वृजलाल गंगा साय मुकेश सतपाल रामबाबू गुप्ता किशनलाल प्रेम कुमार शंकर अन्यलोक मौजूद रहे

प्रधानमंत्री मोदी का कुशल नेतृत्व देश के लिए महत्वपूर्ण : जेपी नड्डा

प्रयागराज, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जेपी नड्डा ने कहा कि आगामी लोकसभा का चुनाव भारतीय जनता पार्टी और कार्यकर्ताओं के लिए चुनौती पूर्ण और देश के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल नेतृत्व महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी कार्यकर्ता लोकसभा के चुनाव को लेकर पूरी जिम्मेदारी के साथ जुट जाएं और पार्टी के वोटर महा चेतना अभियान के द्वारा ज्यादा से ज्यादा नए मतदाता बनाएं। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को एयरपोर्ट पर कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए यह बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने महापौर गणेश केसरवानी से नगर निगम के द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा से पार्टी द्वारा आए हुए करणीय कार्यों की जानकारी ली। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रयागराज एयरपोर्ट पर अंगवस्त्र पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दिल्ली से प्रयागराज एयरपोर्ट पर आए और यहां से मध्य प्रदेश के रींवा जिले में आयोजित त्यौंथर विधानसभा में आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधन के लिए प्रस्थान किए। एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में सांसद केशरी देवी पटेल, महापौर गणेश केसरवानी, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, विधायक पियूष रंजन निषाद, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, नवीन शुक्ला, संजय गुप्ता, अंशुल सिंह परिहार, रामजी शुक्ला, अमित गुप्ता, विवेक जायसवाल आदि रहे।

मुजफ्फरनगर में वाहनों की फिटनेस जांचने के लिए खुलेगा एक ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

जिले में वाहनों की फिटनेस जांच के लिए एक ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन खुलेगा। इसके लिए संभागीय परिवहन विभाग ने तीन नवंबर से आवेदन मांगे हैं। एटीएस न्यूनतम दो लेन का होगा। भूमि के ऊपर हाईटेंशन तार नहीं होना चाहिए। जिले में वाहनों की फिटनेस जांच के लिए कोई ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन नहीं है। मैनुअल ही अधिकारी गाड़ियों की फिटनेस को चेक करते हैं। जिले में अब तक गाड़ियों की फिटनेस जांच के लिए नहीं है कोई एटीएस जारी किए गए आदेशों के मुताबिक आवेदक तीन नवंबर से 16 नवंबर तक नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम के पोर्टल पर निर्धारित शुल्क जमाकर एटीएस के आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि एक लेन तिपहिया व हल्के वाहनों और दूसरी लेन मध्यम व भारी वाहनों के लिए होगी। ऐसे स्वचालित परीक्षण स्टेशन की स्थापना के लिए न्यूनतम दो एकड़ भूमि अनिवार्य रूप से होना चाहिए। यदि कोई आवेदक दो से अधिक लेन के एटीएस की स्थापना करने का इच्छुक है तो उसे दो एकड़ के अतिरिक्त आधा एकड़ प्रति लेन अतिरिक्त भूमि देनी होगी। यह भूमि जिले में ही राष्ट्रीय राजमार्ग व राजमार्ग के अलावा प्रमुख जिला मार्ग पर हो। एटीएस परिसर में वाहनों के प्रवेश व निकास के लिए अलग-अलग गेट होंगे, जिनके लिए कम से कम 7 मीटर चौड़ा पहुंच मार्ग होना जरूरी है जिले में सिर्फ एक एटीएस की स्थापना होगी। एटीएस के लिए एक आवेदक से एक ही आवेदन लिया जाएगा। पहले आओ पहले आओ नीति के अनुसार स्वचालित परीक्षण स्टेशन आवंटित किए जाएंगे, इसका निर्धारण नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम के पोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि के आधार पर किया जाएगा।

रेव पार्टी; यूट्यूबर एल्विश यादव पर मुकदमा दर्ज, पांच गिरफ्तार

नोएडा, एजेंसी

बिग बॉस ओटीटी सीजन-2 के विजेता और यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ पुलिस ने गैर कानूनी तरीके से रेव पार्टी आयोजित करने और उसमें सांप के जहर के कथित इस्तेमाल को लेकर मामला दर्ज किया है। इस मामले में पांच अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन एल्विश फरार है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस बीच, एल्विश ने यूट्यूब पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में अपना पक्ष रखते हुए उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों से पूरी तरह इंकार किया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के कब्जे से कोबरा समेत नौ सांपों को बचाया गया। ये लोग बृहस्पतिवार को सेक्टर-51 के एक बैंक्वेट हॉल में रेव पार्टी के लिए एकत्र हुए थे। यह पार्टी पशु अधिकार संगठन ह्यपीपल फॉर एनिमल्सह्न (पीएफए) द्वारा बिछाया गया जाल था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से प्लास्टिक की बोतल में रखे सांप के 20 मिलीलीटर जहर को जब्त किया तथा इसे परीक्षण के लिए भेज दिया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या यह शरीर में मादक पदार्थ की तरह असर करने के लिए तैयार किए गए मादक पदार्थ के समान था। अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-51 में एक बैंक्वेट हॉल में पार्टी करने के लिए एल्विश यादव सहित छह अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद मेनका गांधी द्वारा संचालित पीएफए संगठन के पशु कल्याण अधिकारी गौरव गुप्ता की शिकायत के बाद वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के प्रावधानों और आपराधिक साजिश के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पार्टी में सांप का जहर उपलब्ध कराया गया था। गुप्ता ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एल्विश यादव नोएडा और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के फार्म हाउस में अन्य लोगों के साथ रेव पार्टी करता था तथा सांप के जहर और जिंदा सांपों के साथ वीडियो बनाता था। उन्होंने दावा किया कि पार्टी में विदेशी महिलाओं को बुलाया जाता था और वहां सांप के जहर तथा मादक पदार्थ का सेवन किया जाता था। अधिकारियों ने बताया कि गुप्ता ने अपने मुखबिर के माध्यम से एल्विश यादव से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि गुप्ता ने अपने मुखबिर को नोएडा में रेव पार्टी आयोजित करने तथा जिंदा सांपों सहित कोबरा सांप के जहर का प्रबंध करने को कहा। गुप्ता ने बताया कि मुखबिर ने यादव से बात की और उसे पार्टी के लिए राजी कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि पार्टी के लिए सेक्टर-51 पहुंचे लोगों से जब गौरव गुप्ता ने प्रतिबंधित सांप देखने की इच्छा जाहिर की तो उन्होंने उसे सांप दिखाए, जिसके बाद उसने मामले की सूचना वन विभाग तथा थाना सेक्टर-49 को दी। अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहुल (32), टीटूनाथ (45), जयकरण (50), नारायण (50) और रविनाथ (45) नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पार्टी में मौजूद एल्विश यादव तथा अन्य लोग फरार है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। इस बीच, एल्विश ने गैर कानूनी तरीके से रेव पार्टी आयोजित करने और वहां सांप का जहर परोसे जाने के आरोपों से साफ इनकार किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि वह इस मामले की जांच में उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ पूरा सहयोग करेंगे। थाना सेक्टर 49 पुलिस द्वारा इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किए जाने के बाद एल्विश ने सोशल मीडिया मंच यूट्यूब के माध्यम से अपना पक्ष रखा है।

राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऐतिहासिक बनाने में जुटेगा संघ परिवार

लखनऊ, एजेंसी

अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरा संघ परिवार जुटेगा। विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में चले राम मंदिर आन्दोलन को देशभर के सभी क्षेत्रों और समाज के सभी वर्गों का समर्थन मिला था। इसलिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह से समाज के हर वर्ग और हर घर को जोड़ने पर विचार चल रहा है। इसलिए 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में संघ के कार्यकताओं की क्या भूमिका होगी, पर चर्चा कार्यकारी मण्डल की बैठक में होगी। इसकी पुष्टि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने की है। गांव-गांव सभाएं करेगा आरएसएस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में घर-घर जाने की योजना बना रहा है। 05 नवम्बर को अयोध्या में बैठक है। इस बैठक में देश के सभी प्रान्तों से दो-दो कार्यकर्ता बुलाए गये हैं। इन कार्यकताओं को राम मंदिर का पूजित अक्षत व हल्दी का कलश दिया जायेगा। इसके बाद 01 जनवरी से 15 जनवरी के बीच देशभर में घर-घर जाकर संघ कार्यकर्ता सम्पर्क करेंगे। प्रत्येक घर में हल्दी अक्षत के साथ, रामलला का चित्र और अयोध्या आने का आमंत्रण देंगे। संघ कार्यकर्ता जिन गांवों में आमंत्रण देने जायेंगे सबसे पहले उस गांव में सभा का आयोजन होगा। सभा के दौरान उपस्थित जनता को राम मंदिर के संघर्ष का इतिहास बताया जायेगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकारीमण्डल की तीन दिवसीय बैठक 05 से 07 नवम्बर तक गुजरात के कच्छ में होगी। इस बैठक में शामिल होने के लिए संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले समेत संघ के सभी अखिल भारतीय अधिकारी, सभी क्षेत्र प्रचारक, प्रान्त प्रचारक, सह प्रान्त प्रचारक, प्रान्त कार्यवाह व प्रान्त संघचालक सह समेत प्रमुख पदाधिकारी कच्छ पहुंच चुके हैं। कार्यकारीमण्डल की बैठक से पहले पदाधिकारियों की होने वाली बैठकें भी प्रारम्भ हो चुकी हैं। कार्यकारीमण्डल की बैठक में अपेक्षित बदलाव भी संभव आगामी लोकसभा चुनाव 2024 व शताब्दी वर्ष को देखते हुए कार्यकारीमण्डल की बैठक में प्रान्त व क्षेत्र स्तर पर अपेक्षित बदलाव भी संभव है। कयास लगाये जा रहे हैं कि चुनाव की दृष्टि से उत्तर प्रदेश सबसे अहम है। इसलिए उत्तर प्रदेश के कुछ प्रान्तों में फेरबदल होने की उम्मीद है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र को लेकर बैठक में कुछ बड़ा निर्णय भी हो सकता है। बैठक में शामिल होने के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश के सभी प्रान्तों के प्रान्त प्रचारक, सह प्रान्त प्रचारक, प्रान्त कार्यवाह व सह प्रान्त कार्यवाह व प्रान्त संघचालक कच्छ पहुंच चुके हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अनिल अस्वस्थ होने की वजह से बैठक में नहीं पहुंचे हैं।

मदरसा बोर्ड परीक्षा-2024 हेतु 30 नवम्बर तक करें ऑनलाइन आवेदन

प्रात: किरण, संवाददाता

बदायूँः । जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मौ0 खालिद ने बताया है कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद,लखनऊ द्वारा संचालित सैकेण्ड्री,सीनियर सैकेण्ड्री,कामिल एवं फाजिल परीक्षा वर्ष 2024 के ऑनलाइन आवेदन-पत्र सम्बन्धित मदरसे के माध्यम से मदरसा पोर्टल पर भरे जाने की प्रक्रिया दिनॉक 31.10.2023 से प्रारम्भ हो गयी है जिसके अन्तर्गत चालान के माध्यम से राजकोष में परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 18 नवम्बर 2023 एवं आवेदन-पत्र 30 नवम्बर 2023 तक ऑनलाइन भरें जा सकेंगे। मदरसे के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्रों को नियमानुसार मदरसा पोर्टल पर लॉक करने की अन्तिम तिथि 02 दिसम्बर 2023 है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा परीक्षा आवेदन पत्रों को ऑनलाइन मदरसा पोर्टल पर सन्देहास्पद डाटा को सम्मिलित करते हुये लॉक करने की अन्तिम तिथि 08 दिसम्बर 2023 है। मदरसे के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या आवेदन-पत्र लॉक कर 05 दिसम्बर 2023 तक चालान की छायाप्रति,मान्यता प्रमाण-पत्र की छायाप्रति एवं लिस्ट जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कर दें जिससे आवेदन-पत्र समय से अग्रसारित किया जाना सम्भव हो सके। आवेदन निर्धारित अवधि में केवल ऑनलाइन ही स्वीकार होंगे। किसी भी दशा में ऑफलाइन आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे। परीक्षा शुल्क का विवरण एवं विस्तृत दिशा-निर्देश परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने यह भी बताया कि मदरसा परीक्षा वर्ष-2023 की अंकतालिकायें/सहप्रमाण-पत्र उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद,लखनऊ से कार्यालय को प्राप्त हो गये हैं। मदरसा का प्रबन्धक/प्रधानाचार्य अंकतालिकायें/सहप्रमाण-पत्र मदरसा बोर्ड पटल सहायक मुअज्जम यार खॉ से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

संक्षिप्त खबरें

मदरसा शिक्षा स्वयंसेवकों को नहीं हो रहा मानदेय का भुगतान

पूर्णिया/ रुपौली । रुपौली प्रखंड क्षेत्र के बांकी पंचायत स्थित बहदुरा गांव के दो मदरसा शिक्षा स्वयंसेवक को पिछले दो साल से वेतन नहीं मिला है। वेतन के अभाव में उनलोगों के समक्ष भुखमरी की स्थिति आ गयी है। मदरसा शिक्षा स्वयंसेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष मो रिजवान आलम ने रुपौली विधायक बीमा भारती को आवेदन देकर स्वयंसेवकों के वेतन भुगतान की मांग किया है। प्रखंड अध्यक्ष श्री आलम ने कहा कि ये स्वंयसेवक मेहनत और ईमानदारी से शिक्षक कार्यरत हैं मगर इन शिक्षकको को समय से मानदेय न मिलने कारण हालत बहुत दयनीय हो गई है। इन लोगों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोविड-19 के दौरान भी वेतन न मिलने कारण दवा इलाज का अभाव रहा। उन्होंने कहा कि वेतन न मिलने से घर चलाने में मदरसा शिक्षा स्वयंसेवकों को नाको चने चबाने पड़ रहे हैं।

विश्व ग्राम संगठन की बैठक आयोजित

टेटिया बम्बर (मुंगेर)। गुरुवार को शिव मंदिर टेटिया गांव के विश्वास ग्राम संगठन की एक बैठक आयोजित की गई इसकी अध्यक्षता निशा देवी ने की बैठक में संगठन के सभी समूह के सदस्यों के साथ लेनदेन की चर्चा करते हुए मूलधन लौटने को कहा गया ऐसा नहीं करने वाले समूह सदस्यों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की बात कही गई सीएनआरपी किरण देवी ने बताया कि उप स्वास्थ्य समिति का प्रशिक्षण कुशल जीविका महिला संकुल संघ डंपर में होगा समूह की जीविका दीदी ने अपने अपने क्षेत्र के बच्चों को स्वास्थ्य की जानकारी दी।

महिला ने मारपीट करने का लगाया आरोप

मुंगेर। असरगंज थाना क्षेत्र के खरवा गांव के गोपाल दासी की पत्नी लक्ष्मी देवी ने असरगंज थाना में एक आवेदन देकर उनके साथ मारपीट किए जाने का आरोप रवि कुमार महेश शास्त्री वह शोभा देवी पर लगाया है थाना अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि आवेदन पर जांच की जा रही है कानूनी कार्यवाही किया जाएगा।

प्रमुख व प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी आमने-सामने

मुंगेर। संग्रामपुर प्रखंड में इन दोनों प्रखंड प्रमुख व प्रखंड पंचायती राज्य पदाधिकारी अब खुलकर आमने-सामने हो गया है। दोनों के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है एक और जहां प्रमुख इन पर विकास योजनाओं में 40% कमीशन मांगने व पंचायत समिति सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगा रही है वहीं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी की प्रमुख पति श्यामसुंदर दास प्रमुख के कक्ष में बैठकर समानांतर सत्ता चलाने की प्रयास करते हैं। कमीशन व पंचायत समिति सदस्य के साथ दुर्व्यवहार उन पर लगाया गया आरोप निराधार है जबकि दूसरी ओर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के बचाव में उप प्रमुख सचिन कुमार वंदना कुमारी रजनी कुमारी सहित अंग ने बताया कि प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी पर लगाया गया आप पूरी तरह गलत हुआ निराधार है।

पुलिस ने अपहृत महिला को किया बरामद

मुंगेर। तारापुर थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार सब्जी बाजार से अपहृत महिला को तारापुर पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले के आरोपित आशीष कुमार को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। महिला के पति निरंजन सिंह ने 21 अक्टूबर को पत्नी के लापता होने का मामला दर्ज कराया था मामले में चक्र दो गई गांव के आशीष कुमार एवं सिसवा गांव के अमर कुमार को नामजद आरोपी बनाया गया था।

पैक्स उप चुनाव के लिए नामांकन शुरू

मुंगेर। असरगंज थाना क्षेत्र के जोरारी पैक्स उपचुनाव में अध्यक्ष पद पर नामांकन गुरुवार से शुरू हो गया प्रखंड सहकारिता प्राधिकारी चंद्रकाश ने बताया कि पहले दिन एक भी उम्मीदवारों ने नामांकन नहीं कराया मतदान एवं मतगणना 25 नवंबर को होगी। उन्होंने बताया कि दो नंबर प्रखंड क्षेत्र के जोरारी पैक्स अध्यक्ष अभय शंकर सिंह के आकस्मिक निधन के बाद वहां उपचुनाव कराया जा रहा है।

दबंग ग्रामीणों को नहीं लेने दे रहा पानी

तारापुर । तारापुर प्रखंड के रामपुर विषय पंचायत अंतर्गत विषय गांव में सरकारी जीपीटी चापानल में अपना निजी समर्सिबल मोटर लगाकर अपना खेत पटवन करने एवं ग्रामीणों को पानी नहीं लेने देने मामला सामने आया है। गौरतलब है की राज्य सरकार ने गांव के गरीबों के बीच उनके लिए सरकारी चापानल लगाया है, जिससे उन्हें पानी के लिए कहीं दूसरे जगह भटकना नहीं पड़े लेकिन गांव के ही दबंग संजय यादव एवं उनके पुत्र सोनू यादव ने अचानक पानी लेने गए ग्रामीण बुधन यादव एवं उनकी पत्नी को गाली गलौज के साथ-साथ पानी लेने से मना करते हुए मारपीट करने का मामला अब धीरे-धीरे तूल पकड़ता जा रहा है।

अपराधियों ने बैंक मैनेजर को गोली मार किया घायल

इलाज के लिए अस्पताल में कराया भर्ती, स्थिति नाजुक, घटना को लेकर बैंक के पैसे व बाइक लूटपाट की जताई आशंका

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। एक तरफ प्रशासन बेलगाम अपराधियों के अपराध पर लगाम लगाने के तरह तरह के हथकंडे अपना रही है, तो वहीं दूसरी ओर अपराधी बेलगाम हो अपनी करतूतों को अंजाम देने में डटे हुए हैं।

इसी कड़ी में जमुई ग्रामीण बैंक में असिस्टेंट मैनेजर के पोस्ट पर कार्यरत 45 वर्षीय वेद प्रकाश रेणुका को जमुई ग्रामीण बैंक से अपने घर संग्रामपुर वापसी के क्रम में पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक घटना विगत शाम तकरीबन सात बजे शाम की बतायी जा रही है। बताया यह भी जा रहा है कि नकाबपोश अपराधियों ने बेलहर संग्रामपुर के पास पहुंचने के साथ ही असिस्टेंट मैनेजर वेद प्रकाश रेणुका के पास आकर पहले उसके साथ वाहन छिनतई की वारदात को अंजाम देने की कोशिश की जिसका विरोध करने पर अपराधियों ने मैनेजर वेद प्रकाश रेणुका को उनके कान के नीचे गोली मार दी जिससे वेद प्रकाश गम्भीर रूप से घायल हो मौके पर गिर पड़ा।

वही घटना के बाद घायल वेद प्रकाश को स्थानीय लोगों व राहगीरों ने त्वरित स्थानीय पुलिस को सूचना देने के साथ त्वरित इलाज के लिए रैफरल अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत की गम्भीरता को देखते हुए चिकित्सक द्वारा बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में लेजाया गया है। जिसका इलाज मायागंज के इमरजेंसी वार्ड के ईएनटी विभाग में भर्ती कर किया जा रहा है। वही चिकित्सक द्वारा उसकी स्थिति काफी नाजुक बतायी जा रही है। गौरतलब हो कि घटना घटित होते ही वेद प्रकाश रेणुका ने घायल अवस्था में ही अपने मोबाइल से स्थानीय किसी व्यक्ति को फोन किया और उसे बुलाया , जब तक लोग आते तब तक उनकी स्थिति काफी नाजुक बन चुकी थी, वही स्थानीय लोगों व परिजनों ने मौके पर पहुंच आनन फानन में जख्मी व घायल अवस्था में उसे बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया था।

घटना को लेकर परिजनों ने बताया कि मैनेजर वेद प्रकाश प्रत्येक दिन अपने बैंक जमुई से घर वापस आया करते थे, और आने के क्रम में अपने ग्राहकों से तहसीलदारी भी किया करते थे। आशंका है कि अपराधियों द्वारा पैसा व मोटरसाइकिल की लूट की वारदात को अंजाम देने के क्रम में घटना को अंजाम दिया है। वही घटना को लेकर स्थानीय थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई हैं।

साधारण किसान के लाल ने किया कमाल

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। इंसान के दृढ़ संकल्प के आगे सफलता किसी की मोहताज नहीं होती। इंसान चाहे तो अपनी लग्न दृढ़ इच्छाशक्ति से कुछ भी हासिल कर सकता है इसी वाक्य को साक्षात्कार कर दिखाया है पीरपैंती के टोपरा गांव के निवासी अजीत तिवारी के पुत्र अभिनव कुमार ने, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत दृढ़ इच्छाशक्ति व विश्वास के साथ डीएसपी बन कर अपने प्रखंड का नाम रौशन किया है। इस सफलता को लेकर उनके दादा रामदेव तिवारी खुशी से फुले नहीं समा रहे थे। ज्ञात हो कि अभिनव कुमार एक साधारण से परिवार में पल कर अपने सपनों को पूरा करने में सफलता प्राप्त की है। अभिनव के पिता एक किसान है, जिन्होंने खेती व मजदूरी कर पूरे परिवार को शिक्षित करने का बखूबी अंजाम दिया है। वही अभिनव ने अपने पिता व माता की मेहनत व कष्ट पीड़ा को देखते हुए यूं ट्यूब सोशल मीडिया साइड से पढ़ाई कर डीएसपी बनने के साथ सफलता के शिखर पर अपना नाम लिख दिया है। वहीं उनकी मां ने बताया चार बहनों में एक भाई अभिनव है। वही अपने बेटे की सफलता के खुशी में कहते कहते मां भावुक हो जा रही थी। वहीं अभिनव की सफलता को देखकर शिक्षक छविनाथ ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारे समाज के लिए बहुत ही गर्व की बात है। मैं एक शिक्षक हूं और जब बच्चे किसी लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ते हुए सफलता प्राप्त करते हैं तो हमे बहुत ही खुशी मिली है।

मेयर व उपमेयर ने कई गंगा घाटों का लिया जायजा

आस्था के महापर्व छठ पूजा की पूर्व सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में चलाया अभियान

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। हिंदु धर्म आस्था के महापर्व छठ पर्व छठ पर्व आयोजन की दिशा में जिले की मेयर व उपमेयर ने अपनी पुरी टीम के साथ कई गंगा घाटों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कई घाटों की स्थिति काफी दयनीय अवस्था में गंदगी व कुड़े कचड़े से बजबजाती हालत में पाया। इस हालत व्यवस्था को लेकर मेयर डॉ. वसुंधरा लाल ने कहा कि जल्द ही हम लोग छठ पूजा से पहले सभी घाटों को व्यवस्थित तरीके से दुरुस्त कर सुदृढ़ बनायेगे, चाहे सफाई की बात हो चाहे दलदल में कसाल लगने की व्यवस्था की बात हो सभी गंगा नदी के घाट पर लाइट व्यवस्था के साथ निगम के प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्था को सुदृढ़ व दुरुस्त किया जाएगा। इस कार्य में निगम के कर्मी व संबंधित अधिकारीगण एकजुट होकर कार्य में लगेंगे, तो अवश्य ही सफलता मिलेगी और हिंदुओं का महापर्व छठ पूजा के समय किसी भी श्रद्धालुओं को गंगा घाट पर पूजा अर्चना की गतिविधियों में किसी तरह की परेशानी उत्पन्न नहीं होगी। वही उन्होंने कहा कि निगम व जिला प्रशासन के द्वारा पर्व आयोजन की तैयारी में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करेंगी। इस मौके पर निगम व के कई वार्ड पार्षद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

चार नाबालिग को बाल श्रम से कराया विमुक्त

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिले के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों व दुकानदारों हो जाये सतर्क व सावधान अब जिलाधिकारी के निर्देश पर श्रम अधीक्षक पूनम कुमारी के नेतृत्व में एक टीम भ्रमण पे निकल पड़ी है। उक्त टीम शहर के विभिन्न क्षेत्र इलाके के व्यवसायी प्रतिष्ठान, होटलों व दुकानों में बाल श्रम के विरुद्ध छापेमारी की कवायद में जुटी हुई है। वही टीम के द्वारा छापेमारी के क्रम में स्थानीय बड़ी खंजरपुर स्थित मायागंज अस्पताल के समीप संचालित होटलों व ढाबों से तीन बच्चों को विमुक्त कराया गया है, साथ ही टीम ने तिलकामांझी चौक के मोड पर स्थित रॉयल किचन रेस्टुरेंट से एक बाल श्रमिक किशोर को मुक्त कराया है। वही इस गतिविधि को लेकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों व नियोजकों के विरुद्ध श्रम अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं के आधार पर बरारी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ कार्रवाई की जा रही हैं। इस दौरान श्रम अधीक्षक द्वारा की करवाई से शहर के विभिन्न क्षेत्र इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। गौरतलब है कि बाल श्रमिक अधिनियम के तहत बल कार्य लेना कानून दंडनीय अपराध है, इसके तहत पकड़ाए गये दोषी नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाती है। जिसमें 2 वर्ष का कारावास की सजा भी निर्धारित है।

खतरनाक क्षणों से गुजर रहा देश, खतरे में लोकतंत्र : सबी अहमद

प्रात : किरण ब्यूरो

पूर्णिया । देश खतरनाक क्षणो से गुजर रहा है। लोकतंत्र और संविधान पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। देश को गुलामी और तानाशाही की और धकेला जा रहा है। विपक्ष मुक्त भारत बनाने में ड्रीम प्रोजेक्ट के साथ विपक्षियों की आवाज को बंद करने हेतु केंद्रीय एजेंसी को हथियार बनाकर खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा है। उक्त बातें राजद महानगर अध्यक्ष सबी अहमद ने एक प्रेस बयान जारी कर कही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का अमृत कलश यात्रा ढकोसला है आज तथाकथित अमृत काल में सबसे बड़ा समस्या खड़ा करने वाला सबसे बड़ा नेता कहला रहा रहा है। उन्मादी राष्ट्रवाद और नफरत फैलाकर भावना की सौदागरी को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि समाजवाद के लिए तपस्या और कुबार्नी देनी होती है, सिर्फ बयानबाजी से कुछ नहीं होता। आजकल नेता केवल बयानबाजी कर रहे हैं लेकिन बिहार सरकार लोगों को रोजगार के रुप में जीविका का आधार प्रदान कर रही है। श्री अहमद ने कहा कि माहौल बिगाड़ने का जो खेल देश में बजरंग दल और आरएसएस के लोग कर रहे है, उनकी मंशा बिहार में कभी सफल नहीं होगी। जिस तरह लाल रंग देखकर साढ़ भड़कता है, उसी तरह हरा रंग देखकर बीजेपी आरएसएस बजरंग दल वाले भड़कते है, हर हरा रंग वाला उसे पाकिस्तान का झंडा ही नजर आता है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार में हो साम्प्रदायिकता का फैलाव बिल्कुल भी बरदास्त नहीं होगा। ऐसे लोगों को देश की जनता आगामी चुनाव में जरुर सबक सिखायेगी।

आरती और विदाई भजन के साथ संपन्न हुआ तीन दिवसीय संतमत सत्संग

प्रात : किरण ब्यूरो

पूर्णिया/ केनगर । जिले के नगर पंचायत चम्पानगर अंतर्गत महर्षि मेंहीं धाम चम्पानगर में आयोजित त्रिदिवसीय महर्षि मेंहीं संतमत सत्संग का 18 वां वार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को महा भंडारा का प्रसाद ग्रहण उपरांत संध्या कालीन बेला में प्रवचन, भजन एवं आरती और विदाई भजन के साथ संपन्न हो गया।

समापन के प्रातः कालीन सत्र में संतों ने सुख-शांति के विषयों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। सौ से अधिक की संख्या में पहुंचे महिला एवं पुरूष श्रद्धालुओं के बीच भागलपुर कुप्पा घाट संतमत आश्रम से पधारे संत परम पूज्य स्वामी स्वरुपानंद जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि यह शरीर एक प्रकार का खेत है और मन वचन, कर्म किसान है तथा पाप और पुन्य दो बीज है।

अतः जो जैसा कर्म करेगा वैसा ही फल प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा की भक्ति से ही आप स्वरूप स्थिति की ओर पहुंच सकते हैं। जहां हमें पहुंचना है, जो हमारा गंतव्य है, अर्थात वह इस भक्ति भावना से भी आगे है। अतः इस दुर्लभ मानव जीवन को विषय प्रपंच में नहीं खोने की बात कही। त्रिदिवसीय सत्संग के प्रातः कालीन एवं शायंकालीन सत्र में श्रद्धालु आध्यात्मिक गंगा में गोता लगाते दिखे। सत्संग में तेलराही भवानीपुर संतमत आश्रम के स्वामी अमोल बाबा, केनगर संतमत सत्संग आश्रम के स्वामी सुरेन्द्र बाबा, स्थानीय संतमत आश्रम के महेन्द्र बाबा सहित पूज्य पाद महर्षि मेंहीं बाबा के अनुयायिओं द्धारा अपने-अपने प्रवचन से सत्संग प्रेमियों को आह्लादित किए रखा। संत्सग में कार्यक्रम का संचालन प्रेम कुमार चौधरी और कचहरी बलुआ रहिका टोला के संत प्रेमी मुन्ना द्धारा किया जा रहा था। ज्ञात हो की 1 से 3 नवम्बर तक आयोजित त्रिदिवसीय संतमत सत्संग का 18 वां वार्षिक अधिवेशन दौरान संतमत प्रेमियों की आवाजाही सत्संग में भाग लेने को लेकर लगी रही तथा क्षेत्र में भक्ति का माहौल पसरा रहा।

सतर्कता जागरूकता रैली का किया आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भागलपुर शाखा के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह चलाया जा रहा है। इसी दौरान यूनियन बैंक आफ इंडिया भागलपुर शाखा के दर्जनों कर्मियों ने घंटाघर चौक से कचहरी चौक होते हुए स्थानीय सैंडिस कंपाउंड मैदान प्रांगण तक पहुंच कर सम्पन्न हुई थी। इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत जागरूकता रैली निकाली गई थी। इस दौरान बैंक के कर्मियों ने बताया कि लोगों को जागरुक किया जा रहा है। वहीं यह जागरूकता रैली कार्यक्रम सप्ताह के सातों दिन अलग-अलग रूप में कार्यक्रम कर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के दर्जनों अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

शांतिपूर्ण तरीके से कालीपूजा के आयोजन को लेकर पूजा कमेटी के सदस्यों की बैठक

प्रात : किरण ब्यूरो

पूर्णिया/ बड़हरा कोठी । प्रखंड क्षेत्र के भतसारा पंचायत के देवरी गांव स्थित पौराणिक काली मंदिर परिसर में सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण काली पूजा आयोजन हेतु बैठक आयोजित किया गया। महेंद्र प्रसाद यादव के अध्यक्षता में ग्रामीणों एवं स्थानीय प्रशासन के उपस्थिति में आहूत इस बैठक में पूजा, मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिया गया। बैठक में ग्रामीण युवाओं द्वारा अन्य वर्षों की भांति सुचारू एवं शांतिपूर्ण व्यवस्था में हरसंभव सहयोग करने का प्रतिबद्धता व्यक्त किया गया। बैठक में जय मां काली नाट्यकला परिषद द्वारा 14 एवं 15 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन का निर्णय लिया गया साथ ही इस अवसर पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था प्रबंध की जबाबदेही पुर्व सरपंच पति आशीष कुमार यादव को सौंपा गया। बैठक में बड़हरा थाना एएस आई विष्णु कांत द्वारा समिति सदस्यों एवं उपस्थित ग्रामीणों से पूजा, मेला, कार्यक्रम एवं मूर्ति विसर्जन का विस्तृत व्योरा लिया गया एवं सुचारू व्यवस्था हेतु उचित दिशा निर्देश देते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। बैठक में बड़हरा थाना एएसआई विष्णुकांत भतसारा पंचायत के मुखिया पति महेंद्र कुमार यादव, पुर्व सरपंच पति आशीष कुमार यादव, अध्यक्ष गगनदीप यादव उर्फ सिंधो यादव, कोषाध्यक्ष विकास कुमार मिश्र, सचिव रवि भगत, मेला मालिक प्रभास कुमार यादव, अरुण झा, अमित कुमार, रोशन कुमार, विजेन्द्र यादव, सदानंद यादव, शंभू यादव, शुलेन्द भगत, ललन भगत, भवेष ऋषि, विशाल यादव, पंचायत समिति सदस्य बबलू पासवान सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई झड़प, दोनों पक्षों से कई लोग घायल

प्रात : किरण ब्यूरो

रूपौली(पूर्णिया) । टीकापट्टी थाना क्षेत्र के कोयली सिमड़ा पश्चिम पंचायत के नया नंदगोला गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें मनोज मंडल, सोनू कुमार, सोमू कुमार आदि लोगों ने मिलकर रड व कुल्हाड़ी से वार कर अजाद मंडल, नीतीश कुमार दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

वहीं घायल स्थिति देख कर परिजनों ने उठा कर टीकापट्टी थाना ले गया, थाना प्रभारी ने इलाज के लिए रेफरल अस्पताल रूपौली भेज दिया गया। वहीं रेफरल अस्पताल रूपौली में स्थिति को गंभीर देखते हुए पूर्णिया रेफर कर दिया। टिकापट्टी थाना क्षेत्र के कोयली सिमड़ा पश्चिम पंचायत के नया नंदगोला गांव के अजाद मंडल पिता स्व नारायण मंडल और मनोज मंडल पिता स्व नारायण मंडल के बीच खेतासि की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। जिसमें कि पंचायत भी हुआ है उसमें स्पष्ट रूप से फैसला लिया गया, नौ डिसमिल जमीन डिहवास पर अजाद मंडल रहेंगे एवं आठ डिसमिल जमीन पर डिहवास कि जमीन पर मनोज मंडल रहेंगे। साथ ही एक डिहवास जमीन शेष में से आधा डिसमिल जमीन के एवज में तीन कट्ठा जमीन जोत का अजाद मंडल ने मनोज मंडल को रजिस्ट्री कर देंगें। टीकापट्टी थाना अध्यक्ष अजय कुमार अजनबी ने बताया कि दोनों पक्षों का मुकदमा दर्ज किया गया।

भाजपा की सरकार 2 लाख बेरोजगारों को नौकरी नहीं दे पाई : प्रोफेसर

प्रात : किरण ब्यूरो, मुंगेर

मुंगेर। मय पंचायत के मुखिया के निवास पर सदर प्रखंड युवा राजद मुंगेर द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया इसकी अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि ने किया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला युवा राजद मुंगेर के अध्यक्ष ने कहा कि विगत 9 वर्षों में भाजपा की सरकार ने गरीबों एवं वंचितों के हित पर प्रहार किया है। इसके खिलाफ 26 नवंबर 2023 को संविधान दिवस के अवसर पर बिहार के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर बेरोजगारी, नई शिक्षा नीति, जातीय जनगणना एवं कमर तोड़ महंगाई के खिलाफ युवा राजद द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया है। आप सभी ग्रामीणों से यह अपील है कि 26 नवंबर 2023 को सदर प्रखंड मुंगेर में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले।

राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने कहा कि भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव के समय अपने घोषणा पत्र के माध्यम से मतदाताओं से यह वादा किया था कि भाजपा की सरकार बनेगी तो प्रतिवर्ष 2 करोड़ बेरोजगारों को नौकरियां दी जाएगी पर 9 वर्ष गुजरने के बाद भी भाजपा 2 लाख बेरोजगारों को भी नौकरी नहीं दे पाई। रेल , भेल , सेल, बैंक, एल आई सी, हवाई अड्डा सहित अन्य सरकारी संस्थाओं को धीरे-धीरे भाजपा की सरकार निजीकरण कर ओबीसी एवं एसटी के नौजवानों को मिलने वाला सरकारी नौकरियों में आरक्षण से मरहूम कर रही है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्री सहित अन्य जन उपयोगी वस्तुओं का दाम आसमान छू रहा है।

गरीबों के थाली से रोटी गायब है। अतः इस ग्राम चौपाल के माध्यम से राजद आपसे अपील करती है कि आने वाले विगत 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को गादी पर से हटाकर कर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को अधिक से अधिक मतों से जिताने का संकल्प लेकर इस ग्राम चौपाल से वापस जाएं। ग्राम चौपाल में उपस्थित युवा राजद के नेता सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया।

वैदिक संगोष्ठी का दूसरा दिन

छपरा कार्यालय।स्थानीय भरत मिश्र संस्कृत महाविद्यालय और महर्षि सांदीपनी राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय संगोष्ठी के दूसरे दिन शुक्ल यजुर्वेद और अथर्ववेद के मंत्रों से मंगलाचरण वैष्णव कुमार दूबे और आलोक कुमार ने किया। कार्यक्रम के आगत अतिथियों में स्त्राध्यक्ष कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय ,दरभंगा के पूर्व कुलानुशासक प्रोफेसर श्रीपति त्रिपाठी,जय प्रकाश विश्विद्यालय छपरा के हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनीता ,विशिष्ट अतिथि नव बिहार नालंदा यूनिवर्सिटी ,नालंदा के डॉ. नरेंद्र दत्त तिवारी, सारसत्व अतिथि जय प्रकाश यूनिवर्सिटी, छपरा के संस्कृत विभाग के प्रोफेसर दिव्यांशु कुमार का प्राचार्या डॉ. आभा कुमारी द्वारा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। दूसरे दिवस के व्याख्यान माला में यदु वीर स्वरूप शास्त्री ने शोध पत्र के द्वारा अपनी बात रखी तथा उन्होंने बताया कि वेद निर्वहन का मुख्य मार्ग ज्योतिष है।जिस प्रकार शरीर का एक अंग की क्षति हो जाए तो शरीर का महत्व खत्म हो जाता है ठीक उसी प्रकार वेद के छः अंगों में किसी एक को छोड़कर वेद की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने बताया कि वेद में व्याकरण का स्थान प्रथम स्थान है।व्याकरण वेद का मुख मार्ग है।व्याकरण वेद के सभी अंगों को पुष्ट करता है। शोध पत्र पढ़ते हुए ब्रज बिहारी त्रिवेदी ने कहा कि वेद की रक्षा व्याकरण से ही हो सकती है।वैदिक संस्कृत और संस्कृत में काफी अंतर देखने को मिलता है। शोध छात्र धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि ज्ञान प्राप्त करने के दो रास्ते है अनुमान और प्रमाण। प्रोफेसर अम्बरीष मिश्र ने कहा कि व्याकरण का मुख्य प्रयोजन वेद की रक्षा करना है। सारस्तवत अतिथि प्रोफेसर दिव्यांशु कुमार ने कहा कि आज वेद को आम जीवन की भाषा बनाने की जरूरत है तभी जाकर नैतिकता की बात की जा सकती है।विद्यालय से लेकर महाविद्यालय और संसद तक का सत्रारंभ वेद मंत्रों से होना चाहिए ।नालंदा नव बिहार के संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ.नरेन्द्र दत्त तिवारी ने वेद के शाखाओं के महत्त्व को बताते हुए कहा कि वेद में उच्चारण का स्थान प्रमुख है। सत्राध्यक्ष श्रीपति त्रिपाठी ने वैदिक संगोष्ठी के दूसरे दिवस में शिव वंदना के साथ वेदों के महत्त्व को बतलाया। इसके पूर्व महाविद्यालय के कुलदेवता के कार्यों की महता को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि वेदों की व्याख्या व्याकरण में ही निहित है।संस्कृत और वेद कभी नष्ट नही हो सकते।उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग संस्कृत भाषा को मृतप्रायः मान रहे है जबकि ऐसा कुछः भी नहीं है हम इसको मरे हुए लोगो की भाषा संस्कृत के रूप में भी जान सकते है अर्थात संस्कृत कभी भी मरने वाली भाषा नही है।व्याकरण संस्कृत विद्या का भविष्य है।

घर-घर जनरल योजना अधिकारियों ठेकेदारों का बना चारागाह

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। भारत सरकार और राज्य सरकार के सौजन्य से घर-घर नल-जल योजना से हवेली खड़गपुर के दर्जनों गांव के ग्रामीण उपेक्षित हो गए हैं। खड़गपुर की जनता को शुद्ध पेयजल के नाम पर सरकारी मुलाजिमों द्वारा प्यास बुझाने के लिए नदी और पोखरों के गंदे पानी पीने को दिया है। सरकारी दावों में एक-एक पंचायत में जल नल योजना पर करोड़ों रुपए खर्च के बाद ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की सुविधा जिला प्रशासन के द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जा सका है। कोडिया पंचायत के खंड बिहारी के दुआ किशनपुर खीरी डीह साडो कोडिया मुरादें पंचायत के तिलवरिया खाजेचक मोहनपुर दशरथपुर पोखरिया तेतरिया चुनाकोठी गंगटी घुघुलाडीह कौशालपुर गांवों में घर-घर जल नल योजना से पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों का आरोप है इस योजना में ठेकेदारों द्वारा घटिया स्तर का पाइप की खरीद कर इस्तेमाल किया गया है । जिससे जगह-जगह पर पाइप फटकर पानी बर्बाद होता है। मोटर का खरीद घटिया अस्तर का किया गया है। जिससे पानी की आपूर्ति मोटर से नहीं कर पा रहा है कुछ पंचायत को पीएचडी विभाग को दिया गया है जिससे अवर प्रमंडल पदाधिकारी कनिय अभियंता कार्य अवधि में कोई भी नहीं रहते हैं सरकार और जिलाधिकारी इन गांव का भ्रमण कर देखें तो पता चलेगा कि खड़गपुर की जनता को कितना लाभ सरकारी योजना का मिल पा रहा है।

शाहरुख ने जन्म दिन के मौके पर दर्शकों को दिया तोहफा, जारी किया डंकी का टीजर

साल 2023 की शुरूआत से ही शाहरुख खान का जलवा कायम है। शाहरुख खान ने इस साल 'जवान' और 'पठान' के ब्लॉकबस्टर होने के बाद अपनी अगली फिल्म 'डंकी' की पहली झलक फैंस को दिखा दी है। इस फिल्म को राजकुमार हिरानी ने निर्देशित किया है। पहली दो ब्लॉकबस्टर फिल्मों के बाद फैंस इस तीसरी मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। किंग खान के 58वें जन्मदिन के मौके पर 'डंकी' का ड्रॉप 1 रिलीज किया गया है। यह शाहरुख खान के प्रशंसकों को उनकी ओर से दिया गया तोहफा है। बड़े परदे से 4 साल गायब रहने के बाद शाहरुख ने जबरदस्त वापसी की है। इस बार शाहरुख अलग कॉन्सेप्ट पर फिल्में लेकर आ रहे हैं। पठान और जवान के बाद डंकी में भी कुछ ऐसा ही नजर आ रहा है। टीजर की बात करें तो इसमें 5 दोस्तों की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म डंकी का ड्रॉप 1 रिलीज हो गया है। मेकर्स ने 1 मिनट 48 सेकेंड के वीडियो को टीजर की जगह ड्रॉप 1 नाम दिया है। वीडियो शेयर करते हुए शाहरुख खान ने लिखा कि अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश कर रहे सरल और वास्तविक लोगों की कहानी। दोस्ती, प्यार और साथ रहने काज्एक रिश्ते में रहने का जिसका नाम घर है। दिल को छूने वाले कहानीकार की दिल छूने वाली कहनी। इस यात्रा का हिस्सा बनना सम्मान की बात है और मुझे उम्मीद है कि आप सभी हमारे साथ इस यात्रा का हिस्सा बनेंगे। 'डंकी ड्रॉप 1' में 5 दोस्तों की कहनी को दिखाया गया है, जो इंग्लैंड जाने का सपना देख रहे होते हैं। विदेश जाने के लिए वे तिगड़म लगाते हैं। शाहरुख खान ने अपने दोस्तों को ले जाने की जिम्मेदारी ली है। फिल्म की पूरी कहनी इसी के इर्द-गिर्द है। फिल्म की कहानी अवैध माइग्रेशन तकनीक डॉन्की फ्लाइट पर आधारित है। मेकर्स इस फिल्म में उन माइग्रेंट्स की कहानी दिखाएंगे, जो अपनी लाइफ को बेहतर बनाने के लिए अपना देश छोड़कर विदेश जाते हैं।

ऋतिक-दीपिका की फिल्म फाइटर की शूटिंग पूरी

देशभक्ति का सही स्वर स्थापित करते हुए, भारत की पहली हवाई एक्शन फिल्म फाइटर के निर्माताओं ने एक रोमांचक पहले मोशन पोस्टर के बाद स्पिरिट ऑफ फाइटर लॉन्च किया। अब आखिरकार ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा क्योंकि उन्होंने फाइटर पर सबसे प्रतीक्षित अपडेट जारी किया। निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने सेट से एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, और यह फाइटर फिल्म की शूटिंग का समापन है। ऋतिक ने भी सिद्धार्थ की पोस्ट को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दोबारा शेयर किया। फाइटर को भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म बताया जा रहा है। सुपरस्टार ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर पहली बार स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे। करण सिंह ग्रोवर और अक्षय ओबेरॉय भी फाइटर का हिस्सा हैं। सिद्धार्थ आनंद ने 2021 में फिल्म की घोषणा की थी।

फाइटर के लिए उत्साहित सिद्धार्थ आनंद

सोशल मीडिया पर सिद्धार्थ आनंद ने फाइटर की घोषणा करते हुए लिखा, मेरे दो पसंदीदा सितारों, ऋतिक और दीपिका को पहली बार भारतीय और वैश्विक दर्शकों के सामने लाना निश्चित रूप से मेरे जीवन के सबसे रोमांचक क्षणों में से एक है। मैं इसे शुरू करने के लिए रोमांचित हूं। भारत में एक्शन फिल्म निर्माण के लिए समर्पित एक प्रोडक्शन हाउस, मारफ्लिक्स की यात्रा। मैं अपनी जीवन साथी ममता आनंद के साथ मारफ्लिक्स की यह यात्रा शुरू कर रहा हूं।

फाइटर की रिलीज डेट

सिद्धार्थ आनंद ने आगे जोड़ा, ऋतिक के साथ मारफ्लिक्स शुरू करना विशेष है क्योंकि वह ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने मुझे एड निर्देशक के रूप में भी काम करते देखा है, फिर दो फिल्मों के निर्देशक के रूप में और अब मैं सिर्फ उनका निर्देशक नहीं हूं बल्कि मैं उनके साथ अपना प्रोडक्शन हाउस भी शुरू कर रहा हूं। यह फिल्म 25 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

ऋतिक की फाइटर में हुई संजीदा शेख की एंट्री

क्या होगा निम्मो का, कयामत और इश्क का रंग सफेद जैसे हिट टीवी सीरियल्स में नजर आ चुकीं संजीदा शेख आज इंडस्ट्री का एक जाना माना नाम है। संजीदा की गिनती टीवी की बोल्ड एक्ट्रेसेस में की जाती हैं। एक्टिंग से कहीं ज्यादा संजीदा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्टिव रहती हैं। वहीं, मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक संजीदा बहुत जल्द एक खास फिल्म में नजर आने वाली हैं। जैसा की हम सभी जानते हैं बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन पिछले काफी समय से अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म फाइटर को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। आए दिन फिल्म को लेकर तरह-तरह की जानकारी सामने आती रहती है। वहीं, बॉलीवुड के गलियारों से एक ताजा खबर सामने आई है कि बॉलीवुड और टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री संजीदा शेख भी फाइटर का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। एक्ट्रेस फिल्म में एक ऐसा किरदार निभाने वाली हैं, जिससे फाइटर की कहानी और दिलचस्प हो जाएगी। मीडिया सूत्रों के अनुसार दीपिका और ऋतिक अभिनीत इस फिल्म में उनकी अहम भूमिका है। उनका योगदान फिल्म में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर ले जाएगा।फाइटर अगले साल 25 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म को हिंदी समेत तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा में भी रिलीज किया जाएगा।

परेश रावल ने हेराफेरी 3 पर की खुलकर बात

परेश रावल एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्मों का हिस्सा रहे हैं। आने वाले दिनों में अभिनेता को फिल्म हेरा फेरी 3 में बाबू भैया के रूप में वापसी करते देखा जाएगा। वहीं, इसमें अक्षय कुमार राजू के रूप में और सुनील शेट्टी घनश्याम के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। इसी कड़ी में परेश रावल ने हेरा फेरी फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त हेरा फेरी 3 को लेकर खुलकर बात की है। साथ ही अपकमिंग प्रोजेक्ट पर बड़ा अपडेट देते नजर आए हैं।

परेश रावल ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा कि अगर हेरा फेरी 3 एक अच्छी फिल्म बनती है तो उनके पास हमेशा मुन्नाभाई एमबीबीएस और लगे रहो मुन्नाभाई का उदाहरण रहेगा। परेश रावल ने कहा कि सीक्वल बिल्कुल अलग होने चाहिए, एक लंबी छलांग होनी चाहिए, किरदारों और दर्शकों को एक अलग दुनिया में ले जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ऐसा ही होना चाहिए। अगर ऐसा होता है तो ठीक है, लेकिन फिर देखते हैं कि यह कैसे काम करता है। परेश रावल ने अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी के साथ अपने संबंधों के बारे में भी बात की और कहा कि हेरा फेरी के बाद से वे एक-दूसरे के साथ समान बंधन साझा करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हेरा फेरी के बाद भी उन्होंने कई फिल्मों में साथ काम किया और वे एक कलाकार, इंसान और दोस्त के रूप में एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। परेश रावल ने कहा कि अक्षय और सुनील दोनों सुरक्षित अभिनेता हैं और वे सभी जानते हैं कि उन्हें क्या करना है या जो किरदार वे निभा रहे हैं उनसे क्या अपेक्षा की जाती है। अभिनेता ने जोड़ा, यह किसी तरह का अंधकारमय क्षेत्र नहीं है कि हम नहीं जानते कि हमसे क्या अपेक्षित है। हम जानते हैं कि किरदार में क्या करना है क्या नहीं करना है। इस बीच, परेश की शास्त्री विरुद्ध शास्त्री तीन नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

जूनियर एनटीआर के बाद अकादमी की एक्टर सूची में जुड़ा राम चरण का नाम

जूनियर एनटीआर हाल ही में अकादमी के एक्टर्स ब्रांड के सदस्य घोषित किए गए। वहीं, अब फिल्म आरआरआर से उनके को-स्टार राम चरण को भी यह खास सम्मान हासिल हुआ है। गुरुवार को अकादमी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। राम दुनिया भर से अकादमी की एक्टर्स शाखा के नए सदस्यों में शामिल हुए हैं, जैसे लशाना लिंच और लुईस क्रू टिन-लोक आदि। आरआरआर के दोनों स्टार्स का अकादमी का हिस्सा बनना पूरे देश के लिए गौरव की बात है। अकादमी ने नई एक्टर्स शाखा सूची की घोषणा करते हुए इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया। पोस्ट में एक बयान के साथ राम चरण और अन्य अभिनेताओं की एक छोटी क्लिप थी, जिसमें लिखा था, अपने सूक्ष्म चित्रण और प्रामाणिकता के प्रति समर्पण के माध्यम से, ये अभिनेता हमें ऐसे चरित्र उपहार में देते हैं जो हमारे दिल और दिमाग पर अमिट छाप छोड़ते हैं। उनकी कला शैली में महारत सामान्य क्षणों को असाधारण सिनेमाई अनुभवों में बदल देती है, जिससे मानवीय भावनाओं की गहराई और जटिलता के प्रति हमारी सराहना समृद्ध होती है। कैप्शन में आगे लिखा था, हम अकादमी की अभिनेता शाखा में इन निपुण कलाकारों का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं, जो लशाना लिंच, राम चरण, विक्की क्रिप्स, लुईस क्रू टिन-लोक, केके पामर, चांग चेन, सकुरा एंडो और रॉबर्ट डेवी हैं। 18 अक्तूबर को, अकादमी ने एक्टर्स शाखा के नए सदस्यों के एक बैच का परिचय देते हुए इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया था, जिसमें राम के आरआरआर को-स्टार जूनियर एनटीआर के साथ-साथ के हुई क्वान, मार्शा स्टेफनी ब्लेक और रोजा सालाजार भी शामिल थे। आरआरआर फिल्म के फैंस पहले से ही जूनियर एनटीआर को सूची में देखकर रोमांचित थे। वहीं, अब राम चरण के भी इस सूची में शामिल होने से फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है। जानकारी हो कि इस वर्ष मार्च में राम चरण और जूनियर एनटीआर की तेलुगु ब्लॉकबस्टर आरआरआर का ट्रैक नाटू नाटू सर्वश्रेष्ठ मूल गीत के लिए ऑस्कर जीतने वाला पहला भारतीय फिल्म गीत बन गया।



विजय के साथ स्क्रीन शेयर करना घर वापस आने जैसा है

साउथ की दिग्गज अभिनेत्री तृषा अपनी हालिया रिलीज फिल्म लियो को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही है। लियो बॉक्स ऑफिस पर भी सफलता के झंडे गाड़ रही है। इस साल तृषा की दो फिल्मों ने दर्शकों के बीच धमाल मचाया है, जिनमें मणिरत्नम की पोन्नियिन सेलवन और विजय की लियो शामिल है। अब हाल ही में, अभिनेत्री तृषा ने लियो में विजय के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया है अभिनेता को सुपरस्टार भी बताया है।

लियो में विजय संग काम करने पर बोलीं तृषा

तृषा ने अपने हालिया इंटरव्यू में विजय संग काम करने के अपने अनुभव का खुलासा करते हुए कहा, ईमानदारी से कहूं तो, जब आपने किसी एक व्यक्ति के साथ इतनी सारी फिल्में की हैं तो आप एक कंफर्ट लेवल पर आ जाते हैं। अब जब लोग पूछते रहे हैं कि वे हमें फिर से स्क्रीन पर एक साथ कब देखेंगे। तो यह सुनकर मुझे बहुत खुशी हुई थी कि लोगों को हमारी केमिस्ट्री काफी पसंद आ रही है। इसलिए इस फिल्म में लोगों ने हमारी जोड़ी को काफी पसंद किया था।

अभिनेता के साथ काम करना घर वापस आने जैसा है

तृषा ने आगे कहा, मैं पहली बार विजय से तब मिली थी, जब मैं 19 या 20 साल की थी। इसलिए, जब आप किसी के साथ 20 वर्षों से अधिक दोस्ती का रिश्ता निभा रहे होते है और फिर उनके साथ काम करने का मौका मिलता है तो लगता है कि आप घर वापस आ गए हो। हमारे बीच की जो दोस्ती है, उसका लोकेश ने फिल्म लियो में भरपूर रूप से उठाया है।

इन फिल्मों में साथ आए नजर

बता दें कि तृषा और विजय ने गिल्ली, 96, कुरुवी और थिरुपाची जैसी लोकप्रिय फिल्मों में साथ काम किया है। उनका आखिरी सहयोग कुरुवी था, जो 2008 में रिलीज हुई थी। उनकी नई फिल्म लियो वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 550 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने की कगार पर है।

शाहिद कपूर के साथ फिर स्क्रीन साझा करेंगी कुब्रा सैत

जानी-मानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े के जन्मदिन के मौके पर सिद्धार्थ रॉय कपूर ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा की थी, जिसमें शाहिद कपूर मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। दशहरे के मौके पर निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म के टाइटल देवा का खुलासा किया। इस दौरान फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा किया गया। शाहिद कपूर स्टारर यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी। अब फिल्म को लेकर एक और खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेत्री कुब्रा सैत इस फिल्म में नजर आ सकती हैं। सेक्रेड गेम्स से पहचान पाने वाली अभिनेत्री कुब्रा सैत एक बार फिर शाहिद कपूर के साथ इस फिल्म में स्क्रीन साझा करते हुए नजर आ सकती हैं। दोनों साथ में शाहिद की पहली वेब सीरीज फर्जी में दिखाई दिए थे।

पुलिस वाले की भूमिका में दिखेंगे शाहिद

कुब्रा से जुड़े एक करीबी सूत्र ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि कुब्रा सैत फिल्म देवा में दिखाई देंगी। फिल्म में शाहिद कपूर एक पुलिस वाले की भूमिका में नजर आएंगे। कुब्रा सैत के किरदार को लेकर फिलहाल कोई खुलासा नहीं हुआ है। बता दें कि पूजा हेगड़े इस थ्रिलर फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी, लेकिन बाकी कलाकारों को लेकर कोई भी जानकारी फिलहाल गुप्त रखी गई है। दशहरा के के मौके पर फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर करते हुए शाहिद कपूर ने देवा की रिलीज डेट को लेकर भी अहम जानकारी दी थी। शाहिद के मुताबिक उनकी फिल्म देवा अगले वर्ष दशहरा 2024 के दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी। वहीं फिल्म के पहले लुक की बात करें तो देवा के इस फर्स्ट लुक में शाहिद शॉर्ट हेयर कट, सनग्लासेज और हाथ में पिस्तौल लिए नजर आ रहे हैं।

मिडिल क्लास के लिए नई स्कीम लेकर आ रही मोदी सरकार, करोड़ों लोगों को मिलेगा फायदा

दिल्ली,एजेन्सी। अगर सबकुछ ठीक रहा तो 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद केंद्र सरकार शहरी मिडिल क्लास को बड़ा तोहफा दे सकती है। ऐसा माना जा रहा है कि चुनाव के बाद सरकार इस वर्ग के लिए एक नई हाउसिंग स्कीम लॉन्च कर सकती है। इसका मकसद लोगों के अपने घर का सपना पूरा करना है। हाउसिंग स्कीम के तहत लोन ब्याज पर बड़ी राहत मिल सकती है। योजना के तहत 9 लाख रुपये तक के लोन पर 3-6.5 के बीच वार्षिक ब्याज सब्सिडी की पेशकश की जा सकती है। योजना के दायरे में 20 साल के टेन्योर के लिए 50 लाख रुपये से कम के होम लोन आएंगे। बीते दिनों मीडिया रिपोर्ट में बताया गया था कि योजना अगले 5 साल के लिए होगी और इसपर सरकार 7.2 अरब डॉलर खर्च करेगी। बीते दिनों योजना के संबंध में सरकारी अधिकारियों और बैंकों के प्रतिनिधियों के बीच बैठक भी हुई है। सरकार की नई योजना इसलिए भी अहम है क्योंकि साल 2024 में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव से पहले सरकार अलग-अलग तरीके से राहत दे रही है। उज्जवला योजना पर सब्सिडी में 100 रुपये की अतिरिक्त बढ़ोतरी भी इसी का हिस्सा है। इसी तरह, आगे भी कई राहत की उम्मीद की जा रही है। साल 2024 के अंतरिम बजट में लोगों को कई बड़े तोहफे मिल सकते हैं। अनुमान है कि सरकार पीएम-किसान योजना की किस्त में भी बढ़ोतरी करेगी। वर्तमान में योजना के तहत किसानों को 6000 रुपये सालाना मिलते हैं लेकिन इसे बढ़ाकर 10 हजार रुपये तक किया जा सकता है।

पुष्य-नक्षत्र में खरीद रहे कार, बड़े काम की एक्सेसरीज

मिनी टायर एयर इन्फ्लेटर से भरें हवा, जंप स्टार्टर से चालू कर सकेंगे कार

नई दिल्ली,एजेन्सी। दीपावली से ठीक पहले यानी 4 नवंबर शनिवार और 5 नवंबर, रविवार को पुष्य नक्षत्र है। इन दोनों दिन वाहन, ज्वेलरी, कपड़े और अन्य चीजों की खरीदारी का अक्षय लाभ मिलेगा। ऐसे में अगर आप नई कार खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो ये सही समय हो सकता है।

कंपनियां कार के टॉप वैरिएंट्स में सेफ्टी, कम्फर्ट से लेकर कन्वीनियंस तक के एडवांस्ड फीचर देती हैं, वहीं बेस वैरिएंट में काफी कम फीचर्स मिलते हैं। ऐसे में अगर आपका बजट कम है और आप कार का बेस वैरिएंट खरीदने का प्लान कर रहे हैं या आपके पास पहले से कार है, तो हम यहां कई ऐसी जरूरी एक्सेसरीज के बारे में बता रहे हैं जो काफी काम की साबित हो सकती है।

1. कार की सेफ्टी और सिक्योरिटी के लिए एक्सेसरीज...

टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम - टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम में नॉब और डिवाइस होते हैं। व्हील के वॉल्व पर सेंसर से लैस नॉब लगाए जाते हैं। ये नॉब डिवाइस पर चारों टायर के एयर प्रेशर को बताता रहता है। इस डिवाइस को कार के डेशबोर्ड पर लगा सकते हैं, जो सोलर एनर्जी से चार्ज हो जाता है। ब्लाइंड स्पॉट मिरर ड्राइव करते समय जब आपकी कार को पीछे से कोई दूसरी गाड़ी ओवरटेक करती है तो एक स्पॉट ऐसा आता है, जब गाड़ी नहीं दिखती। ऐसे में उस ब्लाइंड स्पॉट पर गाड़ी देखने के लिए कॉन्वेक्स मिरर पर लगाए जाते हैं। ये वाइड एंगल व्यू प्रोवाइड करता है। इससे एक्सीडेंट होने के चांसेस कम हो जाते हैं।

रिवर्स पार्किंग कैमरा : आप अपनी कार में रिवर्स पार्किंग कैमरा लगवा सकते हैं, जिसकी मदद से कार को पार्क करना काफी आसान हो जाता है। इसके साथ आप फ्रंट और रियर पार्किंग सेंसर्स को जोड़कर भी आराम से कार पार्क कर सकते हैं।

सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम - ज्यादातर मॉडल्स में सेंट्रल लॉकिंग की सुविधा मिल जाती है, लेकिन अगर आपके कार में ये सुविधा मौजूद नहीं है तो आप कंपनी से या फिर बाहर से भी इस लॉकिंग सिस्टम को लगवा सकते हैं। इस सिस्टम के लगने के बाद आप गाड़ी के सभी गेट्स और डिग्गी को एक साथ लॉक और अनलॉक कर सकेंगे।

रात में जब हम कार का दरवाजा खोलते हैं, तब कई बार कार के पीछे आ रहे लोगों को वो नजर नहीं आता। ऐसे में वायरलेस डोर वार्निंग लाइट लगाकर इस प्रॉब्लम को दूर किया जा सकता है। इन लाइट में बैटरी लगी रहती है। जब कार का दरवाजा खोला जाता है तब लाइट ऑटोमैटिकली ऑन हो जाती है।

टिम कुक ने भारत को एक्साइटिंग मार्केट बताया

एपल सीईओ बोले- यहां ज्यादा लोग मध्यम वर्ग में जा रहे, तिमाही में रेवेन्यू रिकॉर्ड बना

कैलिफोर्निया ,एजेन्सी। एपल इंक के सीइओ टिम कुक ने कंपनी के लिए भारत को बेहद एक्साइटिंग मार्केट बताया है। सितंबर तिमाही के दौरान एपल का औवरऑल रेवेन्यू बीती तिमाही की तुलना में कम हुआ है, लेकिन भारत में रेवेन्यू का ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड बना है।

एपल के सितंबर तिमाही में 89.5 बिलियन का रेवेन्यू दर्ज किया है, जो साल दर साल 1 प्रतिशत कम है। हालांकि कंपनी के आईफोन का रेवेन्यू अच्छा रहा है। इस तिमाही में आईफोन का रेवेन्यू 43.8 बिलियन रहा, जो साल-दर-साल 3 प्रतिशत ज्यादा है।

टिम कुक ने कहा- सितंबर तिमाही में आईफोन का रेवेन्यू हमारी उम्मीदों से ज्यादा रहा है। भारत में रेवेन्यू के ऑलटाइम हाई रिकॉर्ड के साथ ही चीन, लैटिन अमेरिका, मध्य-पूर्व, दक्षिण एशिया सहित कई बाजारों में तिमाही रिकॉर्ड बने हैं।

कुक ने भारत को लेकर कहा- एक बड़े मार्केट में हमारा शेयर कम है इसलिए ऐसा लगता है कि वहां बहुत अधिक गुंजाइश है... हम एक

एक्स्ट्राऑर्डिनरी मार्केट देखते हैं - बहुत से लोग मध्यम वर्ग में जा रहे हैं। ऐसे में एपल का मेजर फोकस भारत की तरफ है। दिल्ली में एपल स्टोर की लॉन्चिंग के दौरान मॉल में चारों तरफ लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। टिम कुक ने कहा- भारत बहुत से लोग मध्यम वर्ग में जा रहे हैं, इसलिए यहां बहुत अधिक गुंजाइश है। दिल्ली में एपल स्टोर की लॉन्चिंग के दौरान मॉल में चारों तरफ लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। टिम कुक ने कहा- भारत बहुत से लोग मध्यम वर्ग में जा रहे हैं, इसलिए यहां बहुत अधिक गुंजाइश है।

उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन कर रहे एपल स्टोर

इस साल अप्रैल में, कंपनी ने देश में अपना पहला एपल रिटेल स्टोर लॉन्च किया - मुंबई में, उसके बाद दिल्ली में। कुक ने इस स्टोर्स को लेकर कहा- बहुत सारे पॉजिटिव्स हैं, हमने वहां दो रिटेल स्टोर खोले हैं और वे हमारी अपेक्षा से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। बीते दिनों इकोनॉमिक टाइम्स ने कंपनी की रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज फाइलिंग के हवाले से बताया था कि भारत में एपल ने फाइनेंशियल 2022-23 में टोटल 49,321 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया है। रेवेन्यू में यह इजाफा कंपनी की प्रोडक्ट सेल में 48 प्रतिशत बढ़ोतरी के चलते हुआ है। इस दौरान नेट प्रॉफिट 76 प्रतिशत बढ़कर ?2,229 करोड़ रहा है। टाटा ग्रुप भारत में आईफोन बनाएगा। एपल की सप्लायर विस्ट्रॉन की फैक्ट्री के अधिग्रहण की डील शुक्रवार को फाइनल हो गई। विस्ट्रॉन कॉर्प के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने इसे मंजूरी दी। इस मंजूरी के बाद सूचना एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि ढाई साल के भीतर आईफोन की

रेमंड ने किया बड़ा ऐलान, अब डिफेंस और एयरोस्पेस में आजमाएगा हाथ, इस कंपनी में खरीदा 682 करोड़ रुपये में हिस्सा

दिल्ली,एजेन्सी। रेमंड ग्रुप ने बड़ा ऐलान किया है। रेमंड ग्रुप ने शुक्रवार को एयरोस्पेस, डिफेंस और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स कंपोनेंट्स बिजनेस में उतरने की घोषणा की है। रेमंड ग्रुप, मैनी प्रिसिजन प्रॉडक्ट्स लिमिटेड में 682 करोड़ रुपये में 59.25 पर्सेंट हिस्सेदारी खरीदकर इन बिजनेस में एंट्री कर रहा है। यह बात इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में कही गई है। इस खबर के सामने आने के बाद रेमंड लिमिटेड के शेयर 3 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी के साथ 1872 रुपये पर पहुंच गए हैं।

कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा है कि रेमंड को उम्मीद है कि यह ट्रांजैक्शन मौजूदा वित्त वर्ष में पूरा हो जाएगा। इस अधिग्रहण को कर्ज और आंतरिक स्रोतों के जरिए पूरा किया जाएगा। कंपनी ने कहा है कि इस अधिग्रहण के बाद भी ग्रुप नेट कैश पॉजिटिव रहेगा। रेमंड का मानना है कि यह अधिग्रहण उसके मौजूदा

इंजीनियरिंग बिजनेस को मजबूत करेगा। कंसॉलिडेटेड बिजनेस एयरोस्पेस, डिफेंस, ऑटो और इंडस्ट्रियल बिजनेस में टॉप ग्लोबल ओईएम और टियर 1 मैन्युफैक्चरर्स की जरूरतों को पूरा करेगा। रेमंड ने बताया है कि इस अधिग्रहण से 3-4 साल में 400-500 करोड़ रुपये का इबिट्डा देखने को मिल सकता है। रेमंड लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर गौतम हरि सिंघानिया ने कहा है, यह अधिग्रहण हमारे इंजीनियरिंग बिजनेस की ग्रोथ को और मजबूत करेगा। साथ ही, इससे एयरोस्पेस, डिफेंस और इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स जैसे तेजी से बढ़ते सेगमेंट्स में उतरने की राह खुलेगी। रेमंड का का अधिग्रहण जेके फाइल्स एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड की इकाई रिंग प्लस एक्वा लिमिटेड के जरिए होगा।

मिंत्रा का दिवाली धमाका 1 नवंबर से शुरू, 6000 से अधिक ब्रांडों से 24 लाख से अधिक स्टाइल उपलब्ध

मुंबई, एजेंसी। फेस्टिव सीज़न त्योहारों , उत्साह और खुशियों का बेहतरीन मिलन है। इस सीज़न को और भी खास बनाने के लिए, मिंत्रा ने 1 नवंबर से शुरू होने वाले दिवाली धमाका की घोषणा की है, जो ग्राहकों को सीज़न के ट्रेंड्स और मांगों को पूरा करते हुए इस फेस्टिव सीजन की खुशियों में डूब जाने में मदद करेगा । बिग फैशन फेस्टिवल में फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स के लिए ग्राहकों की बढ़ती रुचि दिखाई दे रही है । करवा चौथ, भाईदूज, धनतेरस, दिवाली, छठ पूजा जैसे त्यौहार नजदीक हैं, ग्राहक फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल से संबंधित स्टाइल की एक बेमिसाल सीरीज में से अपनी पसंद को चुन सकते हैं, जिसमें घर से संबंधित प्रोडक्ट्स , लगेज, ट्रेवल और एसेसरीज , सोने के सिक्के और आभूषण, जूते , घड़ियाँ और वियरेबल्स आदि शामिल हैं। 6,000 से अधिक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय, घरेलू और डी2सी ब्रांडों के 24 लाखसे अधिक स्टाइल के साथ, मिंत्रा दिवाली धमाका का यह एडिशन , मिंत्रा के फैशन-फॉरवर्ड ग्राहकों को पिछली दिवाली की तुलना में 1.6 गुना अधिक स्टाइल्स की पेशकश कर रहा है। परिवार और दोस्तों के साथ या छुट्टी लेकर त्योहार मनाने के इच्छुक खरीदारों के लिए, अलग-अलग कैटागरियों में खूबसूरत प्रोडक्ट किफायती कीमतों पर उपलब्ध हैं। मिंत्रा का 17000-मजबूत किराना नेटवर्क 19000 पिन कोड पर लास्ट-माइल सेवाएं प्रदान करता है।

सैक्ससेल और बिड़ला सेलूलोज़ ने सर्कुलरिटी में तेजी लाने केलिए रीसाइकल्ड फाइबर उत्पादन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

मुंबई, एजेंसी। टेक्सटाइल रीसाइक्लिंग इनोवेटर सैक्ससेल ने मैन मेड सेल्यूलोसिक फाइबर के दुनिया के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक आदित्य बिड़ला समूह के बिड़ला सेलूलोज़ के साथ एक मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एमओयू रीसाइक्ल्ड मैन मेड सेल्युलोसिक फाइबर के उत्पादन के लिए दोनों कंपनियों के बीच सहयोग के विस्तार का मार्ग मजबूत करता है। सैक्ससेल की टेक्सटाइल वेस्ट पल्पिंग तकनीक के बिड़ला की एडवांस वेट स्पिनिंग की विशेषज्ञता के साथ मिलाकर उच्च गुणवत्ता वाले सस्टेनेबल सैएक्ससेल रीसाइक्ल्ड फाइबर द्वारा बनाया जाता है जो वाणिज्यिक स्तर पर ग्राहकों की सर्कुलर टेक्सटाइल आवश्यकताओं को पूरा करता है। इस पर टिप्पणी करते हुए, सैक्ससेल के सीईओ श्री एरिक वैन डेर वेर्ड ने कहा कि यह सहयोग पार्टनरशिप और आपसी प्रतिबद्धता के आधार पर एक मजबूत सर्कुलर टेक्सटाइल सप्लाई चैन स्थापित करने के सैक्ससेल के दृष्टिकोण में एकदम सटीक बैठता है।

एनएसडीसी ने जॉब मार्केट को योग्यता-आधारित से कौशल-आधारित नियुक्ति में बदलने के लिए एचसीएल टेक के साथ साझेदारी की

नई दिल्ली, एजेंसी। डिजिटल टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से भारत के युवाओं को सशक्त बनाने के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने विशेष रूप से तकनीकी और इंजीनियरिंग क्षेत्रों में कौशल अंतर को कम करने के लिए एचसीएलटेक के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग के तहत, दोनों संगठन विविध पृष्ठभूमि के शिक्षार्थियों के बीच टेक्नोलॉजी को अपनाने को बढ़ावा देने और नए वैश्विक बाजारों और व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने के लिए मिलकर काम करेंगे। एनएसडीसी के सीईओ वेद मणि तिवारी और एचसीएलटेक के सीईओ और प्रबंध निदेशक श्री

विजयकुमार द्वारा समझौते का आदान-प्रदान किया गया। यह साझेदारी हाल ही में जी20 के डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप (डीईडब्लयूजी) की बैठक के तुरंत बाद आई है, जिसने तीन चर्चा क्षेत्रों डिजिटल स्किलिंग, डिजिटल इकोनॉमी और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में डिलिवरेबल्स पर आम सहमति हासिल की। यह रणनीतिक साझेदारी एनएसडीसी और एचसीएलटेक को तकनीकी और गैर-तकनीकी-आधारित पाठ्यक्रमों (बी2बी और बी2सी) में डिजिटल असेसमेंट शुरू करके संयुक्त रूप से असेसमेंट लैंडस्केप और डिजिटल शिक्षण को बदलने में सक्षम बनाएगी। फ्लेक्सिबिलिटी और स्केल के साथ प्रतिभा को बढ़ाने के लिए नए उत्पादों और कार्यक्रमों के निर्माण पर सहयोग करने की भी गुंजाइश है। इसके अतिरिक्त, यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रत्येक भारतीय की गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण तक पहुंच हो, इंडस्ट्री-रेलेवेंट संसाधनों और टूल्स को संयुक्त रूप से विकसित और पेश करके सीखने के प्रभाव को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस साझेदारी के तहत डिजिटल लर्निंग में मानक स्थापित करने के लिए असेसमेन्ट में नए आयाम जोड़ने का लक्ष्य है। यह लक्ष्य इंगित करता है कि दोनों आर्गनाइज़ेशन में लर्निंग में नियमित चेकिंग और टेक्नोलॉजी तक पहुँच बढ़ाई जा सकती है।

बेसिलिकफ्लाई स्टूडियो का वित्त वर्ष 24 की प्रथम छमाही में शुद्ध लाभ 19 करोड़ हुआ

मुंबई, एजेंसी। भारत की एक प्रमुख विजुअल इफेक्ट्स (वीएफएक्स) स्टूडियो, बेसिलिकफ्लाई स्टूडियो लिमिटेड (एनएसई) ने वित्त वर्ष 24 की प्रथम छमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए बेसिलिकफ्लाई स्टूडियो लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, श्री बालाकृष्णन ने कहा, वित्त वर्ष 24 की प्रथम छमाही हमारे लिए वस्तुत- एक उल्लेखनीय और घटना प्रधान अवधि रही है. गौरतलब है कि हमने सफलतापूर्वक एक आईपीओ के मार्फत एनएसई के एसएमई प्लेटफार्म पर लिस्टिंग हासिल की है, जिसने रिकॉर्ड तोड़ा है. इस विशिष्ट माइलस्टोन के अतिरिक्त हमारे वित्तीय प्रदर्शन में उल्लेखनीय और महत्वपूर्ण सुधार दिखाई दिया है. वित्त वर्ष 24 की प्रथम छमाही के दौरान हमने 18.88 करोड़ का उल्लेखनीय शुद्ध लाभ प्राप्त किया है, इसका हमारे संपूर्ण वित्त वर्ष 23 के वार्षिक शुद्ध लाभ में प्रभावशाली 68 प्रतिशत हिस्सा है. यह उत्कृष्ट परिणाम ना सिर्फ हमारी विशिष्ट क्षमताओं को प्रदर्शित करता है बल्कि हमारे उद्योग में हमारे द्वारा अर्जित की गई अच्छी ख्याति की भी पुष्टि करता है।

आरोहण ने फ़ेस्टिव ऑफर पेश किए, 30 नवंबर, 2023 तक चलेगा लोन बोनांज़ा!

मुंबई, एजेंसी। आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज, जो 6,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा एयूएम के साथ माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र की अग्रणी कंपनी है, ने 30 नवंबर, 2023 तक अपने मौजूदा ग्राहकों के लिए टॉप-अप क्रेडिट सेवाएं पेश की हैं, ताकि त्योहारों पर एक बेहतर आजीविका के लिए वो अपने व्यवसाय में निवेश बढ़ाकर ज़्यादा खुशी और समृद्धि प्राप्त कर सकें। इस फ़ेस्टिव सीज़न में आरोहण के ग्राहक, जिन्होंने कंपनी के फ्लैगशिप 'सरल उत्पाद' के अंतर्गत सामान्यतः 25,000 रुपये से 75,000 रुपये तक के टिकट साइज़ में लोन प्राप्त किया है, वो इसके अलावा 10,000 रुपये से 15,000 रुपये तक का टॉप-अप लोन भी प्राप्त कर सकते हैं।

टाटा मोटर्स की सीएसआर पहल से पिछले दशक में 60 लाख से अधिक लोग सकारात्मक रूप से प्रभावित हुए

मुंबई, एजेंसी। भारत की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी, टाटा मोटर्स ने आज अपनी 9वीं वार्षिक सीएसआर रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में स्वास्थ्य (आरोग्य), शिक्षा (विद्याधनम), नियोजनीयता (कौशल्य) और पर्यावरण (वसुधरा) के क्षेत्रों में भारत के सबसे गंभीर और सामाजिक चुनौतियों को हल करने की दिशा में व्यापक प्रयासों पर रोशनी डाली गई है। सामूहिक रूप से, इन प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में 60 लाख से अधिक लोगों को लाभ पहुँचा है और इन लाभार्थियों का एक बड़ा हिस्सा हाशिये पर पड़े समुदायों से आता है। वर्ष 2014 में, टाटा मोटर्स ने देश भर में अपनी सीएसआर पहलों को एक समान सुसंगत करने के लिए 4 स्तंभों पर आधारित एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाया था। अलग-अलग इकाइयों और टीमों द्वारा प्रत्येक चिन्हित क्षेत्र में प्राप्त क्षमता, अनुभव और विशेषज्ञता की बदौलत स्पष्ट निर्धारित परिणामों और उल्लेखनीय

उपलब्धियों के साथ फोकस्ड मध्यवर्तनों का निर्माण और कार्यान्वयन किया गया। सभी स्थानों में कार्यक्रमों में समरूपता, डिजिटल तकनीकों का लाभ, विविध हितधारकों के साथ साझेदारियों को बढ़ावा देना और समुदायों के साथ भरोसे की मजबूती के द्वारा कंपनी ने अनुमानित प्रभाव से काफी अधिक प्रभाव पैदा किया है। इस अवसर पर टाटा मोटर्स के सीएसआर हेड, श्री विनोद कुलकर्णी ने कहा कि, टाटा मोटर्स में हमारे सीएसआर संबंधी प्रयास समावेशी विकास को बढ़ावा देने और इस प्रकार राष्ट्र-निर्माण में योगदान करने के प्रति हमारी अडिग वचनबद्धता के साथ गहराई से जुड़े हैं। हमें अपने प्रयासों से लाखों लोगों पर सकारात्मक प्रभाव डालकर बहुत खुशी हो रही है। असल में, सीएसआर से सम्बंधित हमारे अनेक विचार और कार्यक्रम में से अनेक विशाल परियोजनायें हो गई हैं, जो सामुदायिक विकास के लिए मॉडल के रूप में अनुकरणीय हैं। 'मोर फॉर लेस फॉर मोर' के अभिनव दृष्टिकोण का प्रयोग करके हमने अपनी आकांक्षाओं और उपलब्ध संसाधनों के बीच अंतर को कम किया है और अनगिनत परियोजनाओं के लिए अखिल-भारतीय स्तर हासिल किया है। अपने सीएसआर एजेंडा को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता अडिग है, जैसा कि हम हम एक ज्यादा समावेशी, उचित और सतत् भारत के निर्माण के लिए प्रयास करते हैं। अपने वित्तीय और मानव संसाधनों का सावधानी तथा प्रभावकारी ढंग से प्रयोग करते हुए हम हर गुजरते साल के साथ प्रगतिशील रूप से शानदार प्रभाव उत्पन्न करने के आकांक्षी हैं। नीचे स्वास्थ्य, शिक्षा, नियोजनीयता, और पर्यावरण के क्षेत्रों में कंपनी की चुनिन्दा वृहत् परियोजनाओं का संक्षिप्त विवरण दिया गया है, जिनसे पिछले दस वर्षों में कन्वर्जेंस, पैमाना और पहुँच के मामले में महत्वपूर्ण प्रभाव उत्पन्न हुआ है।

ग्रेविटा इंडिया ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में 836 करोड़ की आय दर्ज की

जयपुर, एजेंसी। भारत की एक प्रमुख रीसाइक्लिंग कंपनी, ग्रेविटा इंडिया ने सितंबर, 2023 के समाप्त हुई वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। ग्रेविटा इंडिया ने निरंतर रीसाइक्लिंग उद्योग में अपनी लीडरशिप पोजिशन बरकरार रखी है और सर्कुलर अर्थव्यवस्थाओं का निर्माण करने के फोकस कदम के तौर पर उभरते सुअवसरों का दोहन करने के लिए बेहतर स्थिति में है. मैनेजमेंट विश्वसनीय अप्रोच और सभी हितधारकों के लिए वैल्यू का निर्माण करने के अपने दीर्घकालीन ग्रोथ प्लान पर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध बना हुआ है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए ग्रेविटा इंडिया के पूर्णकालिक डायरेक्टर एवं सीईओ, श्री योगेश मल्होत्रा ने कहा, ग्रेविटा इंडिया ने पिछले 31 वर्ष में स्वयं के लिए जगह बनाई है और वर्ष दर वर्ष हमारा शानदार प्रदर्शन हमारे पूर्ण समन्वित बिजनेस मॉडल की कसौटी है, जो रीसाइक्लिंग के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को कवर करती है. फॉर्मल सेक्टर में कुछ रीसायक्लर्स में से एक के रूप में हमारी व्यूहात्मक स्थिति को बीडब्ल्यूएमआर और ईपीआर के सख्त सरकारी मानकों जैसी मजबूत क्षेत्रीय पीछे से चलने वाली हवा का सपोर्ट भी है. हमारी पैन इंडिया और वैश्विक उपस्थित, समन्वित सप्लाई चैन, परिचालन एक्सीलेंस और मजबूत रिस्क मैनेजमेंट ढांचा हमें भारत भर के ओईएम का पसंदीदा पार्टनर बनता है और हमें बिजनेस के नए क्षेत्रों में विविधीकरण करने और 25+ सीएजीआर से आय, 35 प्रतिशत+ से लाभप्रदाता वृद्धि और आरओसीई 25+ हासिल करने के हमारे विजन को पूरा करने का विश्वास प्रदान करता है. अब वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही और छमाही प्रदर्शन पर आते हैं, मैं सहर्ष शेयर करता हूं कि ग्रेविटा ने अपवादात्मक रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है. तिमाही के वॉल्यूम, आय, एबिटडा और कर बाद लाभ में क्रमश 14 प्रतिशत, 22 प्रतिशत, 23 प्रतिशत और 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. वित्त वर्ष 24 की प्रथम छमाही में आरओसीई 26 प्रतिशत पर मजबूत बनी हुई है और वित्त वर्ष 24 की प्रथम छमाही में मूल्यवर्धित प्रोडक्ट का हिस्सा बढ़कर 48 प्रतिशत पर पहुंच गया है, जो हमारे विजन 2027 के काफी करीब है. मुझे विश्वास है कि हम हमारा सर्वश्रेष्ठ डिलीवर करना जारी रखेंगे हमारे विजन 2027 को हासिल करेंगे.

कैसे इतनी घातक हो गई बुमराह-शमी और सिराज की तिकड़ी

मुंबई (एजेंसी)। ये भारतीय टीम डरवानी है... चंद हफ्ते पहले कुछ इसी तरह के शब्दों के साथ बांग्लादेश के कोच चंदिका हथुरुसिंघा ने टीम इंडिया की तारीफ की थी। 1970 और 80 के दशक की शुरुआत में वेस्टइंडीज और बाद में ऑस्ट्रेलियाई टीम का खौफ बताने के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाता था। इस टूर्नामेंट में निश्चित रूप से भारत के खिलाफ दूसरी टीमों में डर का माहौल है। भारत ने श्रीलंका को एशिया कप फाइनल में 50 रन पर आउट कर दिया था। अब गुरुवार रात मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अपने गेंदबाजों ने सिर्फ पांच रन ज्यादा दिए और श्रीलंका को 55 रन पर निपटाते हुए वर्ल्ड कप इतिहास की अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज कर ली।

सचिन ने भी नहीं देखा ऐसा बॉलिंग अटैक्सात मैच में लगातार सात मुकाबले जीतकर भारत को वर्ल्ड कप 2023 की पहली सेमीफाइनलिस्ट टीम बनाने में तेज गेंदबाजों का खास योगदान है। सचिन तेंदुलकर खुद टीम इंडिया को चीयर करने स्टेडियम पहुंचे थे, जहां उनकी मूर्ति का अनावरण किया गया। खुद सचिन तेंदुलकर ने कपिल देव, मनोज प्रभाकर, जवागल श्रीनाथ, अनिल कुंबले, जहीर खान और आशीष

स्पीड, सीम और स्विंग... तीन हथियार से हुए कई शिकार

नेहरा जैसे खिलाड़ियों के साथ खेला है, लेकिन उन्होंने कभी इस तरह गेंदबाजी इकाई के साथ ड्रेसिंग रूम साझा नहीं किया था। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज की तिकड़ी वर्ल्ड कप 2023 में आग उगल रही है।

स्पीड-स्विंग और सीम का कॉकटेल

तीनों गेंदबाज 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। तीनों के पास स्पीड, स्विंग और सीम है। एक दौर था, जब कहा जाता था कि पाकिस्तान अच्छे तेज गेंदबाज पैदा करता है, लेकिन अब ये काम भारत में हो रहा है। इस इंडियन पेस अटैक के पास दिमाग, कौशल और आक्रामकता तीनों है, जो खतरनाक वेस्टइंडीज बॉलिंग अटैक की याद दिलाता है। अगले कई साल तक जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के इस प्रदर्शन की चर्चा होती रहेगी। तीनों गेंदबाज बॉल को दोनों तरफ घुमाते हैं। जब पिच से कुछ मदद होती है तो वे काफी घातक होते हैं। एंडी रॉबर्ट्स, माइकल होल्डिंग, जोएल गार्नर की तिकड़ी जिस तरह बल्लेबाजों को नींद में बुरे सपने की तरह सताती थी तो आज अपने पेसर्स भी उसी किस्म की क्रिकेट खेल रहे हैं।

बादशाह बूम की चालाकी

श्रीलंका की पारी की पहली गेंद सबूत थी कि भारत के पास कुछ तो स्पेशल है। सामने वाला हाथ हमेशा की तरह, अन्य गेंदबाजों की तुलना में काफी आगे बढ़ा और एक अंदरूनी कोण पर गेंद ने श्रीलंकाई ओपनर पथुम निसंका को पीछे की ओर धकेल दिया। जाहिर है एंगल ने निसंका को इनकमिंग डिलिवरी खेलने के लिए मजबूर किया, लेकिन बुमराह की उंगलियों की चालाकी ने उन्हें गलती करने पर मजबूर कर दिया। जब तक निसंका कुछ समझ पाते बॉल उन्हें बीट करते हुए स्टंप्स पर घुसने को बेकरार थी। बीच में पैड टकराया और एलबीडब्ल्यू की स्पष्ट अपील पर अंपायर ने हाथ खड़ा करने में देरी नहीं की।

मियां मैजिक को भी समझिए

मोहम्मद सिराज की पहली डिलीवरी रिप्सनॉर्टर थी। बाएं हाथ के दिमुथ करुणारत्ने ऐसे जादू के लिए तुरंत तैयार नहीं थे। फुल लेंथ और देर से अंदर की ओर मिला मूवमेंट उन्हें भी पंगु बना चुका था। गेंद पैड से टकराई और श्रीलंका का एक और बल्लेबाज बिना खाता खोले पवेलियन लौट गया।

लाला का कोई जवाब नहीं

भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज के रूप में उभरने के बाद से मोहम्मद शमी के करियर का बड़ा पड़ाव गुरुवार रात को देखने को मिला। सात में से सिर्फ तीन मैच खेलने वाले शमी विश्व कप इतिहास में भारत के सबसे सफल गेंदबाज बन गए। पांच में से शमी का चौथा विकेट गौर करने लायक है, जिसने एंजेलो मैथ्यूज का काम तमाम किया। ये एक पूरी तरह से इनस्विंगर थी, जो स्टंप्स को हिलाने के लिए एक लहर की तरह आगे बढ़ी और परखच्चे उड़ गए। शमी को गेंदबाजी करते देखना मानो किसी चित्रकार को अपने काम को अंजाम तक पहुंचाना जैसा है।

आज पाकिस्तान का सब कुछ दांव पर तो न्यूजीलैंड को भी चाहिए जीत

बेंगलुरु (एजेंसी)। चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहा न्यूजीलैंड शनिवार को वर्ल्ड कप 2023 के अपने महत्वपूर्ण मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगा, जिसमें दोनों टीम सेमीफाइनल में पहुंचने की कोशिश के तहत जीत हासिल करने के लिए बेताब होंगी। टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत के बाद दोनों टीमों का भाग्य बदल गया जिससे दोनों सेमीफाइनल की दौड़ में मुश्किल स्थिति में पहुंच गयी। लगातार चार जीत से शुरुआत करने वाली न्यूजीलैंड हार की हैट्रिक लगा चुकी है। इससे उसके सात मैचों में आठ अंक हैं। वहीं पाकिस्तान की हालत तो और खराब है जिसके सात मैचों में छह अंक हैं। यह मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेला जाएगा।

चिन्नास्वामी की बेहतरीन बैटिंग पिच

बेंगलुरु का एम चिन्नास्वामी स्टेडियम दुनिया के सबसे बेहतरीन बैटिंग विकेट में से एक माना जाता है। यहां बल्लेबाज जमकर रन बनाते हैं। क्रिस गेल ने इसी मैदान पर टी20 में 175 रन बनाए थे। रोहित शर्मा ने अपना पहला दोहरा शतक भी यहीं लगाया था। यहां हुए पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के मैच में 672 रन बने थे। यही वजह है कि फैंस को एक बार फिर हाई स्कोरिंग मुकाबला देखने को मिलेगा। पहले बैटिंग करते हुए बनाया गया कोई भी स्कोर यहां सेफ नहीं माना जाता। इंग्लैंड और श्रीलंका का मुकाबला जरूर लो स्कोरिंग था लेकिन इंग्लैंड की फॉर्म भी काफी खराब है।

साढ़े 10 बजे ही शुरू होगा मैच

इस मुकाबले की शुरुआत भारतीय समय अनुसार सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर हो जाएगी। ऐसे में ओस की कोई भूमिका नहीं होगी। हालांकि मैच में बारिश की जरूरत संभावना है। शनिवार की दोपहर बेंगलुरु में बारिश होने की संभावना 90 प्रतिशत से ज्यादा है। हालांकि यहां का ड्रेनेज सिस्टम सबसे बेस्ट माना जाता है और बारिश रुकने के कुछ ही देर में मैच दोबारा शुरू हो सकता है।

टीम इस प्रकार हैं

न्यूजीलैंड- केन विलियमसन (कप्तान), ट्रेंट बोल्ट, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हैनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सैंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी, विल यंग, काइल जैमीसन।

पाकिस्तान- बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, फखर जमां, इमामुल हक, अब्दुल्ला शफीक, मोहम्मद रिजवान, सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, सलमान अली आगा, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, हारिस रऊफ, हसन अली, शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद वसीम।

आज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पलटवार करना चाहेगा इंग्लैंड

अहमदाबाद (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के लिए इस विश्व कप में हालात बिलकुल ही अलग रहे हैं जहां एक टीम विश्व कप तालिका में सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए मजबूती से आगे बढ़ रही है तो वहीं दूसरी निचले पायदान पर है। अब शनिवार को एशेज श्रृंखला की दोनों प्रतिद्वंद्वी टीमें आमने सामने होंगी जिसमें उनकी कोशिश एक दूसरे को हराने की होगी। पांच बार की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी बल्लेबाजी की बदौलत लगातार चार जीत से अपने खराब अभियान को पटरी पर वापसी करायी जिससे वह आठ अंक लेकर तीसरे स्थान पर चल रही है।

गत चैम्पियन इंग्लैंड को अपने बल्लेबाजों की विफलता के कारण चार हार का सामना करना पड़ा और टीम पिछले तीन मैचों में 170 रन या इससे कम के स्कोर पर आउट हो गयी। इस मैच से पहले दोनों टीम अलग अलग तरह की समस्याओं से जूझ रही हैं। ऑस्ट्रेलिया को अपने दो अहम खिलाड़ियों मिशेल मार्श और ग्लेन मैक्सवेल की अनुपलब्धता के लिए विकल्प ढूंढने होंगे। मार्श को निजी कारण से स्वदेश लौटना पड़ा तो मैक्सवेल को गोल्फ कार्ट से गिरने से 'कनकशन' (सिर में चोट) हो गया।

शीर्ष क्रम में मार्श जबरदस्त फॉर्म में दिख रहे थे जबकि मैक्सवेल अंत में पारी को मजबूती दे रहे थे और उन्होंने विश्व कप में सबसे तेज शतक भी जड़ा। इनकी अनुपस्थिति में कैमरन ग्रीन और मार्कस स्टोइनिस के शनिवार को टीम में शामिल होने की संभावना है। इंग्लैंड ने जीत की कोशिश में सभी संयोजन आजमाये जिससे शनिवार के मैच के लिए भी उनके अंतिम एकादश में बदलाव की उम्मीद है। टीम इसी स्टेडियम में शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड से हार गयी थी। हैरी ब्रूक के वापसी की उम्मीद है जबकि चोटिल रीस टॉप्ले की जगह आये ब्राइडन कार्स के भी मैच में खेलने की उम्मीद है। इंग्लैंड को 2025 में चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत बनाए रखने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। विश्व कप में शीर्ष सात टीमें ही पाकिस्तान में 50 ओवर के टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर पायेंगी। दोनों टीमों के बीच मैचों के इतिहास को देखें तो इंग्लैंड ने वनडे में आस्ट्रेलिया से 155 भिड़ंत में 87 मैच गंवाये हैं जबकि विश्व कप में टीम 3-6 से पीछे है। लेकिन इंग्लैंड की टीम अकसर आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण इस साल की एशेज श्रृंखला है जो 2-2 से बराबर रही थी।

भगवान की शरण में ऋषभ पंत और अक्षर पटेल, तिरुपति बाला जी मंदिर में किए दर्शन

तिरुपति (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम का विजयरथ आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 में रुकने का नाम नहीं ले रहा। रोहित सेना लगातार विरोधियों की अकड़ को मिट्टी में मिला रही है। कोई उनके सामने टिक नहीं पा रहा। जहां एक तरफ वर्ल्ड कप में भारतीय टीम चमक रही है। तो वहीं चोटिल ऋषभ पंत और अक्षर पटेल तेजी से रिकवर कर रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि पंत और अक्षर को आंध्रा प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर में भी देखा गया है। दोनों की वीडियो काफी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

अक्षर पटेल और ऋषभ पंत ने सफेद रंग की शर्ट और धोती पहन रखी है। उसके ऊपर उन्होंने लाल रंग का गमछा ले रखा है। उनको देखते ही आसपास फैंस का जमावड़ा लग गया। हर कोई उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए उत्सुक लग रहा है। यहां तक कि पुलिस ने भी अक्षर और ऋषभ के साथ फोटो खिंचवाई।

भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल एशिया कप 2023 के दौरान चोटिल हो गए थे। जब से ही वह क्रिकेट से दूर चल रहे हैं और रिकवरी कर रहे हैं। बता दें कि अक्षर भारत की वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा थे। लेकिन जब वह समय के साथ अपनी चोट से रिकवर नहीं कर पाए, तो उनकी जगह दिग्गज रविचंद्रन अश्विन को टीम में शामिल किया गया।

इसके अलावा बात करें ऋषभ की तो उनका पिछले

दिसंबर (2022) में भयानक कार एक्सीडेंट हुआ था। वह गंभीर रूप से उस हादसे में घायल हो गए थे। उसके बाद पंत के ऑपरेशन हुए, उनकी सर्जरी हुई। हालांकि अब वह तेजी से बेंगलुरु की नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिकवर कर रहे हैं। पंत के अगले साल के शुरुआत में एक्शन में दिखने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके अलावा वर्ल्ड कप की बात करें तो, टीम इंडिया लगातार 7 मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गई है। उन्होंने बीते गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंका को 302 रन के बड़े मार्जिन से हराया है।

गेंद बदल दी जाती है... पाकिस्तान को हजम नहीं हो रही भारत की सफलता, बॉलिंग देखकर शुरू कर दिया रोना

मुंबई (एजेंसी)। पाकिस्तान के क्रिकेटर हसन रजा के बारे में लगभग सभी क्रिकेट फैन को पता होगा। इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड हसन रजा के ही नाम है। उन्होंने 14 साल और 233 दिन की उम्र में पाकिस्तान के लिए डेब्यू किया था। क्रिकेट के मैदान पर तो रजा कुछ कमाल नहीं कर पाए और जल्द ही टीम से बाहर हो गए। अब 41 साल की उम्र में उन्होंने ऐसा बयान दिया है, जो शायद कोई 14 साल का बच्चा भी नहीं सोच पाए।

भारतीय टीम को मिलती है अलग बॉल

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेट हसन रजा ने श्रीलंका के खिलाफ भारत को मिली जीत के बाद अजीबोगरीब दावा किया है। उनका कहना है कि आईसीसी भारतीय टीम के गेंदबाजी करने के लिए अलग बॉल देती है। एक पाकिस्तानी चैनल पर बात करते हुए उन्होंने कहा, जब बैटिंग हो रही होती है तो इंडिया के प्लेयर अच्छा खेलते हैं लेकिन जब भी भारत अपनी गेंदबाजी शुरू करता है तो शमी और सिराज जैसे गेंदबाज वैसे ही दिखते हैं जैसे हम दक्षिण अफ्रीका में एलन

डोनाल्ड और मखाया एनतिनी के साथ खेला करते थे। साउथ अफ्रीका में हमें जो गेंद खेलने को मिलती थी, उसमें एक तरफ चमक होती थी और एक तरफ नहीं होती थी। गेंद रिवर्स होती थी, सीम स्विंग होती थी।

उन्होंने आगे कहा- लेकिन यहां मुझे लग रहा है कि गेंद बदल दी जाती है। हसन ने कहा कि आईसीसी या बीसीसीआई जो भी गेंद दे रहा है। मुझे लगता है कि इन गेंदों का निरीक्षण किया जाना चाहिए।

आकाश चोपड़ा ने दी प्रतिक्रिया

सोशल मीडिया पर हसन रजा का वीडियो वायरल होने के बाद लोग अपनी प्रतिक्रिया दो रहे हैं। इसमें भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का भी नाम शामिल है। उन्होंने वीडियो पर लिखा- क्या यह एक सीरियस क्रिकेट शो है? यदि नहीं, तो कृपया कहीं अंग्रेजी में 'व्यंग्य' 'कॉमेडी' का लिख दें। मेरा मतलब है... यह पहले से ही उर्दू में लिखा हो सकता है लेकिन मैं इसे पढ़/समझ नहीं सकता।

सेमीफाइनल में पहुंचकर बोले रोहित शर्मा- यही हमारा पहला लक्ष्य था

मुबंई (एजेंसी)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने आईसीसी विश्वकप 2023 के 33वें मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ गुरुवार को मिली 302 रनों की जीत के बाद कहा हम सेमीफाइनल में पहुंच गए है। आज यहां वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा ने कहा कि सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं ये जानकर बहुत खुशी हो रही है क्योंकि यही हमारा पहला लक्ष्य था। हमने जिस तरह सातों मैच खेले हैं वो काफी शानदार है क्योंकि हर किसी ने अपना योगदान दिया है। पहले बल्लेबाजी करके बोर्ड पर स्कोर लगाना हमारे लिए बड़ी चुनौती था। श्रीलंका के कप्तान कुसल मेंडिस ने कहा कि मैं बहुत निराश हूं। उन्होंने सीम और स्विंग का अच्छा इस्तेमाल किया और दुर्भाग्य से हम अपनी क्षमता के हिसाब से नहीं खेल पाए। विकेट धीमा था और इसी वजह से पहले गेंदबाज़ी चुनी थी।

चोटिल मैट हेनरी विश्व कप से बाहर, न्यूजीलैंड टीम में काइल जैमीसन की एंट्री

बेंगलुरु (एजेंसी)। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में न्यूजीलैंड टीम में मैट हेनरी के स्थान पर काइल जैमीसन को मंजूरी दे दी गई है। जैमीसन ने ब्लैककैप्स के लिए 13 एकदिवसीय मैच खेले हैं और पहले टूर्नामेंट में टिम साउदी के कवर के रूप में भारत में न्यूजीलैंड टीम के साथ थे। बुधवार को पुणे में दक्षिण अफ्रीका से हार के दौरान दाहिनी हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण हेनरी के विश्व कप से बाहर होने के बाद अब जैमीसन को इवेंट टेक्निकल कमेटी से मंजूरी मिल गई है।

न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, जैसा कि हम बता रहे हैं, काइल अपने रास्ते पर है और हम समूह में उसका वापस स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। शनिवार के खेल के लिए उपलब्ध रहने को ध्यान में रखते हुए वह संभवतः शुक्रवार को हमारे साथ प्रशिक्षण लेंगे। उनका कौशल और शारीरिक गुण उन्हें हमेशा गेंद से खतरा बनाता है और यह एक अतिरिक्त बोनस है कि वह टूर्नामेंट के पहले दो हफ्तों में हमारे साथ प्रशिक्षण लेने में सक्षम थे। स्टीड ने कहा, काइल पहले टूर्नामेंट में हमारे साथ पूरे दो सप्ताह तक प्रशिक्षण लेने में सक्षम था और तब से उसने प्लंकेट शील्ड मैच खेला है, इसलिए हमें विश्वास है कि वह मैदान में उतरने में सक्षम होगा।

हेनरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगी थी, एमआरआई स्कैन से पुष्टि हुई कि उन्हें ग्रेड दो की निचली चोट है जिससे उबरने में कम से कम दो से चार सप्ताह लगेंगे। कोच गैरी स्टीड ने कहा कि पूरी टीम हेनरी के बारे में सोच रही थी। स्टीड ने कहा, हम उसके लिए निराश हैं। मैट लंबे समय से हमारी वन-डे टीम का अहम हिस्सा रहे हैं

और इस टूर्नामेंट के अंत तक पहुंचते-पहुंचते उन्हें बाहर होते देखना बेहद निराशाजनक है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों से उन्हें लगातार आईसीसी के शीर्ष 10 वनडे गेंदबाजों में स्थान दिया गया है, जो उनकी क्लास और कौशल का प्रमाण है। इसके अलावा मैट एक महान टीम मैन हैं और हम सभी उनके व्यक्तित्व और अनुभव को याद करेंगे।

न्यूजीलैंड ने चार जीत के साथ अपने पुरुष एकदिवसीय विश्व कप अभियान की शानदार शुरुआत की। लेकिन उसके बाद, मेजबान भारत, पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार तीन हार के साथ उनकी नेट रन रेट में भारी गिरावट आई है। ब्लैककैप्स शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में पाकिस्तान से भिड़ेगी और 9 नवंबर को उसी स्थान पर श्रीलंका के खिलाफ अपना अंतिम लीग मैच खेलेगी।

क्रिकेट विश्व कप इतिहास में मोहम्मद शमी भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी क्रिकेट विश्व कप 2023 के तहत श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 5 विकेट लेते ही बड़ा रिकॉर्ड बना दिया। शमी अब भारत के लिए क्रिकेट विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने जवागल श्रीनाथ और जहीर खान का रिकॉर्ड तोड़ा जोकि 44-44 विकेट ले चुके थे। शमी की खास बात यह रही कि उन्होंने केवल 14 मैचों में ही यह उपलब्धि अपने नाम कर ली। देखें आंकड़े-।

स्टार्क का रिकॉर्ड बराबर

शमी ने इसी के साथ विश्व कप में 3 बार फाइव विकेट हॉल लेने का रिकॉर्ड भी अपने साथ जोड़ लिया। शमी इसी विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी 5 विकेट ले चुके हैं। उन्होंन ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क का रिकॉर्ड बराबर किया जोकि विश्व कप में 3 बार फाइव विकेट हॉल ले चुके हैं।

भारत की ओर से टॉप पर

शमी ने भारत के लिए वनडे फॉर्मेट में सर्वाधिक 4 बार पांच विकेट हॉल निकालकर रिकॉर्ड बना दिया है। इससे पहले

जवागल श्रीनाथ और हरभजन सिंह ने 3 बार पांच विकेट हॉल लिए थे। बता दें कि शमी के नाम पर पहले से ही भारत के लिए वनडे में सबसे तेज 100 विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज हैं। उन्होंने मात्र 55 पारियों में यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था।

मैच के बाद शमी का बयान-हम एक इकाई के रूप में गेंदबाजी कर रहे

हमारी गेंदबाजी अच्छी स्थिति में है और जिस तरह की लय (तेज गेंदबाजों की फॉर्म के बारे में बात करें) में हम हैं, हर कोई आनंद ले रहा है और हर कोई एक-दूसरे की सफलता से खुश है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हम एक इकाई के रूप में गेंदबाजी कर रहे हैं। इसी कारण आपको ऐसा परिणाम देखने को मिल रहा है। मैं हमेशा अच्छे क्षेत्रों में गेंदबाजी करने और अच्छी लय में रहने की कोशिश करता हूं।

बता दें कि आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में मोहम्मद शमी का भारतीय टीम के लिए प्रदर्शन हमेशा से शानदार रहा है। वह 2015 से 2023 तक 3 विश्व कप टूर्नामेंट का हिस्सा रहे हैं और कुल 14 मैच खेले हैं। उन्होंने कुल मिलाकर 45 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में श्रीलंका के खिलाफ 5/18 के रूप में नजर आया। मोहम्मद शमी ने 2019 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ हैट्रिक ली थी।

संक्षिप्त समाचार

यह सोचना ही गलत कि दिल्ली सरकार कंट्रोल कर सकती है पलूशनः गोपाल राय की दलील

नईदिल्ली, एजेंसी। यह सोचना ही बहुत गलत है कि दिल्ली सरकार पलूशन को कंट्रोल कर सकती है पूरी तरह से, यह कहना है आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के मंत्री गोपाल राय का। पर्यावरण मंत्री ने इसके पीछे दलील दी कि पलूशन का मैटर केवल दिल्ली का ही नहीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पलूशन के लिए बाहरी कारक अधिक जिम्मेदार हैं। क्या पलूशन को कंट्रोल करने में दिल्ली सरकार फेल हो चुकी है? न्यूज एजेंसी एएनआई की ओर से किए गए इस सवाल के जवाब में गोपाल राय ने कहा, सबसे पहले तो यह सोचना ही गलत है कि दिल्ली सरकार पलूशन को कंट्रोल कर सकती है पूरी तरह से, क्योंकि पलूशन का मैटर केवल दिल्ली का है ही नहीं। एक रिसर्च हुआ था, दिल्ली के अंदर से दोगुना बाहर के कारक जिम्मेदार हैं। दिल्ली सरकार अपने स्तर पर युद्ध स्तर पर काम कर रही है। उनका इशारा संभवतः हरियाणा-पंजाब, यूपी जैसे पड़ोसी राज्यों में पराली जलाए जाने की ओर था। हवा की गुणवत्ता में पहले के मुकाबले अधिक सुधार का दावा करते हुए उन्होंने अपनी सरकार की तारीफ की। गोपाल राय ने कहा, अरविंद केजरीवाल के प्रयासों का ही परिणाम है कि अभी केंद्र सरकार ने एक रिपोर्ट जारी की थी, 2015 में 365 दिन में से 109 दिन में एयर क्वालिटी अच्छी थी। काम करते करते पिछले साल हम 163 दिन तक पहुंचे थे। इस साल 200 से ज्यादा दिन दिल्ली को अच्छी क्वालिटी की हवा मिल सकी। अभी भी टास्क बना हुआ है कि एक नवंबर के बाद से 10-15 दिन का जो समय है, जैसा मौसम का परिवर्तन होता है, अभी और प्रयास हो रहे हैं, हम और फोकस करेंगे कि इसे भी कंट्रोल किया जा सके।

कलर्स का आगामी सोशल ड्रामा - 'डोरी' बालिका परित्याग पर प्रकाश डालता है

मुंबई, एजेंसी। अनगिनत भारतीय महिलाओं को देवी की तरह सम्मान देते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि उनमें कई इस अंधविश्वास से जन्म के समय कन्या शिशुओं को त्याग देते है कि एक बेटी परिवार की विरासत को कायम नहीं रख सकती है। 2020 में जारी संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की रिपोर्ट के अनुसार, 2013 और 2017 के बीच हर साल भारत में लगभग 4.6 लाख लड़कियां जन्म लेते ही गायब हो गईं। यह गंभीर वास्तविकता छोटी सोच (संकीर्ण मानसिकता) की घातक पकड़ को गहराई से दर्शाती है, जो आज भी सामूहिक मानस में अंतर्निहित है, और समाज जिस तरह से लड़कियों को देखता है और उन्हें महत्व देता है, उसमें तत्काल बदलाव की मांग करता है। ऐसे कई सामाजिक रूप से प्रासंगिक मुद्दों को संबोधित करते हुए और विशिष्ट कॉन्टेंट पेश करने की अपनी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, कलर्स 'डोरी' की सम्मोहक कहानी के माध्यम से एक और महत्वपूर्ण मुद्दे - लड़कियों के परित्याग पर प्रकाश डालता है। डोरी के मूल में एक लड़की के जन्म के साथ ही उसके जीवन में आए संघर्ष और उसके सामाजिक अधिकारों की लड़ाई का अटूट चित्रण है। कैलाशी देवी ठाकुर के रूप में सुधा चंद्रन, गंगा प्रसाद के रूप में अमर उपाध्याय, और डोरी के रूप में माही भानुशाली अभिनीत, और जय व किन्नरी मेहता के जय मेहता प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, डोरी का प्रीमियर 6 नवंबर 2023 को होगा।

बिदके भैंसे ने मालिक को मार डाला, दर्जनों लोग नहीं पा सके काबू, इलाके में दहशत

मेरठ, एजेंसी। मेरठ जिले में हस्तिनापुर के लतीफपुर में अचानक बिदके भैंसे ने अपने मालिक किसान के सीने में लगातार टक्कर मारकर उसकी जान ले ली। शोरशराबा होने पर तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई, लेकिन बिगड़े भैंसे से किसान को बचाने की कोई हिम्मत तक नहीं जुटा सका। क्षेत्र के गांव लतीफपुर निवासी चरण सिंह (40) पुत्र नानू सिंह अपने भैंसे को बाजार जाने के लिए खोल रहा था। अचानक भैंसा आक्रोशित हो गया और किसान के सीने पर लगातार टक्कर मारता रहा। किसान बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। वहां मौजूद दर्जनों लोग भैंसे को काबू नहीं कर सके। बाद में जैसे तैसे भैंसे को रस्सों में बांधा गया। किसान को गंभीर हालत में चिकित्सक के यहां लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। किसान के परिवार में तीन बेटे, एक बेटी है। भैंसे को लोगों ने कई रस्सों से बांधकर रखा हुआ है। घटना के बाद पीड़ित परिवार के लोग पूरी तरह दहशत में है।

बिजनौर में तेज रफ्तार बाइक रिक्शा से टकराई, मां-बेटे की मौत

बिजनौर, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में गुरुवार को एक तेज रफ्तार बाइक की रिक्शा से टक्कर होने से मां-बेटे की मौत हो गई। रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा धामपुर थाना क्षेत्र के हैजरी गांव के पास हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक धर्म सिंह मार्शल ने बताया कि थाना अंतर्गत हैजरी गांव के पास गुरुवार को एक बाइक ने विपरीत दिशा से आ रही रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां नईमा (40) और उसका बेटा अलकैफ (20) की मौत हो गई। रिक्शा चालक हरिकिशन गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज चल रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

मैं तो अब कांग्रेस नेता रहा नहीं, कपिल सिब्बल को सुप्रीम कोर्ट में देनी पड़ी सफाई

नईदिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट में इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम को लेकर सुनवाई चल रही रही थी कि मामला भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस की बहस में उलझ गया। कानूनी से सियासी होती बहस के मुख्य किरदार सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता रहे। नौबत यहां तक आ गई कि सिब्बल को साफ करना पड़ा कि वह अब कांग्रेस के साथ नहीं जुड़े हैं। सुनवाई के दौरान मेहता की ओर से एक काल्पनिक तस्वीर पेश गई। उन्होंने इसके जरिए कहा कि मान लीजिए कि एक व्यक्ति जो कांग्रेस को चंदा दे रहा है, वह नहीं चाहेगा की भाजपा को इसके बारे में नहीं पता चले। उन्होंने अपनी बात कहते-कहते कोर्ट में ही मौजूद सीनियर एडवोकेट सिब्बल के नाम का भी जिक्र कर दिया। उन्होंने कहा, अगर सिब्बल इस बात से सहज हो, तो उदाहरण की सराहना कीजिए।

अपना पता लिख देना बेटी; भाषण के बीच जब पीएम मोदी ने बच्ची पर लुटाया प्यार

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी कांकेर पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने रैली को संबोधित किया। इसी दौरान पीएम मोदी का ध्यान भीड़ में खड़ी एक लड़की पर गया, जो एक तस्वीर के साथ खड़ी थीं। दरअसल लड़की पीएम की तस्वीर लेकर खड़ी थी उसे देखकर पीएम ने कहा कि बेटा आप थक जाओगे ये जवानों को दे दो। साथ ही पीएम ने लड़की को चिट्ठी लिखने का वादा भी किया। इसके बाद पीएम मोदी ने मंच से कहा, बेटी मैंने तुम्हारी तस्वीर देखी। तुम इतना बढ़िया काम करके लाई हो, मैं तुम्हें आशीर्वाद देता हूं, लेकिन बेटी तुम कब से खड़ी हो, थक जाओगी। बैठ जाओ।

पीएम मोदी ने वहां मौजूद पुलिसकर्मियों की ओर इशारा करते हुए कहा, वो बेटी तस्वीर देना चाहती है ले लीजिए और मेरे पास जरूर पहुंचाइए। थैंक्यू बैटा, थैंक्यू। तुम अपना पता उस तस्वीर में लिख देना, मैं तुम्हें जरूर चिट्ठी लिखूंगा।

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशानाः साथ ही पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि परिवारवाद, भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार ही कांग्रेस की रीति -नीति है। उन्होंने आदिवासी बाहुल्य बस्तर क्षेत्र के कांकेर जिले में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राज्य की कांग्रेस सरकार पर भारी भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया और कहा कि वह भ्रष्टाचार से लगातार लड़ते रहेंगे।

पीएम मोदी ने आरोप लगाया, कांग्रेस ने सबसे बड़ा धोखा छत्तीसगढ़ के हमारे युवाओं के साथ किया है। जो वादे किए, वे पूरे नहीं किए बल्कि पीएससी (छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग) को इन्होंने कांग्रेस कमेटी का दफ्तर बना दिया। पीएससी परीक्षा में कांग्रेस नेताओं के बच्चों का चयन किया गया। आपके बच्चों को बाहर कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया, परिवारवाद, भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार, यही कांग्रेस की नीति है और यही कांग्रेस की रीति है। प्रधानमंत्री ने लोगों से कहा, आपके बच्चों की चिंता मोदी को है, भाजपा को है। इसलिए मैं छत्तीसगढ़ के युवाओं से कहूंगा, छत्तीसगढ़ को लूटने वाला, युवाओं को धोखा देने वाला, कितना भी ताकतवर क्यों ना हो, मोदी की गारंटी है कि जिसने छत्तीसगढ़ को लूटा है, उसको सब कुछ लौटना पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है, लूटने वाला एक भी बचने वाला नहीं है।

दुर्व्यवहार का लगाया आरोपः पीएम ने यह भी आरोप लगाया कि उनके साथ इसलिए दुर्व्यवहार किया गया क्योंकि वह ओबीसी समुदाय से आते हैं। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा राज्य में सत्ता में आई तो तेंदू पत्ते की खरीद का विस्तार किया जाएगा और बोनस और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। पीएम मोदी ने कहा, विकसित भारत के लिए छत्तीसगढ़ का तीव्र गति से विकास आवश्यक है। अगले पांच साल में हमें समृद्ध छत्तीसगढ़ की नींव मजबूत करनी है।

उन्होंने राज्य में भाजपा की जीत पर भरोसा जताया और कहा, मैं यहां आपको छत्तीसगढ़ में भाजपा के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित करने आया हूं। छत्तीसगढ़ में बस्तर क्षेत्र की 12 विधानसभा सीटें, उन 20 सीटों में शामिल हैं जहां पहले चरण में सात नवंबर को मतदान होगा।

शेखावत को क्यों नहीं लड़ाया बीजेपी ने अशोक गहलोत के सामने चुनाव ?

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान में सीएम अशोक गहलोत के खिलाफ केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के विधानसभा चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम लग गया है। इसके पीछे कई महत्वपूर्ण कारण भी बताए जा रहे हैं। हालांकि, शेखावत ने पहले ही चुनाव नहीं लड़ने के संकेत दे दिए थे। लेकिन बावजूद इसके उनका नाम सुर्खियों में बना रहा। शेखावत और सीएम गहलोत दोनों ही जोधपुर से आते हैं। एक-दूसरे के धुर विरोधी है। बीजेपी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने नया चेहरा डॉ. महेंद्र राठौड़ को उतारा है। डॉ. महेंद्र राठौर पूर्व में जोधपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रह चुके है। वर्तमान में वो जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में कॉमर्स के डीन हैं। बीजेपी ने एक बार फिर राजपूत समाज पर ही भरोसा जताया है। इससे पहले दो चुनाव में भी राजपूत समाज के शंभू सिंह खेतासर को प्रत्याशी बनाया था लेकिन दोनों ही बार शंभू सिंह खेतासर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से हार गए थे। उल्लेखनीय है कि राजस्थान की राजनीति में केंद्रीय मंत्री शेखावत और सीएम गहलोत एक-दुसरे के धुर विरोधी माने जाते हैं। दोनों ही जोधपुर से आते है। शेखावत सीएम गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को लोकसभा चुनाव 2019 में चुनाव हरा चुके हैं।

शेखावत को टिकट नहीं मिलने की वजहः दरअसल कयास लगाए जा रहे थे कि गजेंद्र सिंह शेखावत को सीएम गहलोत के खिलाफ जोधपुर की सरदारशहर से विधानसभा चुनाव लड़ाया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। इसके पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं। सियासी जानकारों की माने तो शेखावत ने अपने समर्थक को टिकट दिलवाया है। खुद नहीं लड़े है। शेखावत अभी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है कि बीजेपी आलाकमान उन्हें वसुंधरा के विकल्प के तौर पर देख रहा है। क्योंकि सीएम फेस में वसुंधरा राजे ही नंबर एक है। ऐसे में शेखावत ने चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है।

टिकट वितरण में शेखावत की खूब चली : पार्टी यदि शेखावत को सीएम बनाती है तो अपने किसी समर्थक से सीट खाली करवा सकते हैं। क्योंकि टिकट वितरण में शेखावत की खूब चली है। इसके अलावा पार्टी के कई सांसद भी विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। सूत्रों की माने तो पार्टी ने उनके नाम पर मंथन भी किया लेकिन एन मौके पर उनका नाम हटा दिया गया। इसके पीछे कई महत्वपूर्ण कारण भी सामने आ रहे हैं।

दिल्ली की वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्लीवासियों की सुबह धुंध भरी रही और दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता शुक्रवार को गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में, आनंद विहार में एक्यूआई 500 पर पीएम 2.5 और पीएम 10 के साथ गंभीर श्रेणी में पहुंच गया, जबकि एनओ2 76 पर संतोषजनक स्तर पर और सीओ 113 पर मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया।

बवाना में, पीएम 2.5 500 तक पहुंच गया, जबकि पीएम 10 499 पर था, दोनों गंभीर श्रेणी में थे, जबकि सीओ 113 पर, मध्यम श्रेणी में और एनओ2 34 पर, संतोषजनक स्तर पर दर्ज किया गया था। दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) के स्टेशन ने पीएम 10 को गंभीर श्रेणी के तहत 500 पर दर्ज किया, जबकि पीएम 2.5 को बहुत खराब श्रेणी के तहत 376 पर दर्ज किया गया। यूनिवर्सिटी में सीओ 110 पर था और एनओ2 मध्यम श्रेणी के तहत 103 पर पहुंच गया।

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर हवा की गुणवत्ता पीएम 2.5 500 और पीएम 10 484 के साथ गंभीर श्रेणी में था, जबकि सीओ 104 तक पहुंच कर मध्यम श्रेणी में था और एनओ2 संतोषजनक श्रेणी के तहत 37 तक पहुंच गया था। आईटीओ पर पीएम 2.5 468 दर्ज किया गया, जो इसे गंभीर श्रेणी में रखता है और पीएम 10 409 तक पहुंच गया, जो इसे गंभीर श्रेणी में रखता है। शुक्रवार की सुबह एनओ2 148 पर था और सीओ 110 पर दर्ज किया गया, दोनों मध्यम श्रेणी में थे।

लोधी रोड पर, पीएम 2.5 सांद्रता के साथ एक्यूआई गंभीर श्रेणी के तहत 464 पर था और सीओ मध्यम श्रेणी के तहत 113 पर पहुंच गया। दिल्ली के पड़ोसी शहरों नोएडा का एक्यूआई 388 था और पीएम 10 की सांद्रता 377 थी, दोनों बहुत खराब श्रेणी के अंतर्गत थे, गुरुग्राम का एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी के अंतर्गत 350 और पीएम 10 की सघनता 233 खराब श्रेणी के अंतर्गत दर्ज की गई थी।

किरोड़ी लाल के बीजेपी ने पर कतरे, घोषित 182 में से मिला 1 टिकट

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान में दिग्गज बीजेपी नेता किरोड़ी लाल मीणा को बीजेपी आलाकमान हैसियत दिखा दी है। बीजेपी ने राजस्थान की 200 विधानसभा के लिए 182 प्रत्याशी खड़े कर दिए है। इनमे से किरोड़ी लाल को सिर्फ एक टिकट मिला है। हालांकि, बीजेपी ने किरोड़ी को सवाई माधोपुर से टिकट दिया है। बता दें विधानसभा चुनाव 2018 में बीजेपी ने आधा दर्जन किरोड़ी समर्थकों को टिकट दिए दिए थे। लेकिन इस बार उनकी पत्नी गोलमा देवी को भी टिकट नहीं दिया है। किरोड़ी ने अपनी पार्टी का बीजेपी में विलय किया था। किरोड़ी के साथ उनके समर्थक भी बड़ी संख्या में बीजेपी में शामिल हुए थे। लेकिन इस बार बीजेपी ने सिर्फ दो टिकट दिए है। किरोड़ी और राजेंद्र।दौसा जिले की महुआ से राजेंद्र मीणा को बीजेपी ने टिकट दिया है, जोकि किरोड़ी लाल के भतीजे है। पिछली बार भी राजेंद्र को ही टिकट दिया था, लेकिन निर्दलीय प्रत्याशी ओमप्रकाश हुडला से चुनाव हार

गए थे। एक बार फिर दोनों आमने-सामने है। फर्क इतना है कि हुडला इस बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

हार के डर से नहीं दिया टिकट

सियासी जानकार किरोड़ी समर्थकों को टिकट नहीं मिलने के अलग-अलग मायने निकाल रहे हैं। कुछ का कहना है कि बीजेपी में किरोड़ी लाल की भूमिका सीमित है। जबकि कुछ अन्य लोगों का कहना है कि इस बार बीजेपी आलाकमान ने पैरवी करने वालों को टिकट नहीं दिए है। जैसे पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने अपने करीबी राजपाल सिंह शेखावत और युनूस खान की पैरवी की, लेकिन टिकट नहीं मिला। इसी तरह किरोड़ी के पैरवी को आलकमान ने दरकिनार कर टिकट दिए है। बता दें विधानसभा चुनाव 2018 में बीजेपी ने दौसा, करौली, सवाई माधोपुर और अलवर में किरोड़ी कैंप के माने जाने वाले नेताओं को टिकट दिए थे। हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। खुद किरोड़ी लाल की पत्नी और भतीजा चुनाव हार गए थे।

राजपा से बीजेपी में लौटे थे किरोड़ीः बता दें पूर्वी राजस्थान के दौसा, करौली, सवाई माधोपुर और अलवर जिले के कुछ हिस्सें में किरोड़ी का प्रभाव माना जाता है। विधानसभा चुनाव 2018 में राजपा से भाजपा में लौटे किरोड़ी से भाजपा को लाभ मिलने की उम्मीद पूरी नहीं हो सकी। जिले की 4 सीटों पर कांग्रेस ने कब्जा जमाया था। एक सीट पर भाजपा के बागी व निर्दलीय उम्मीदवार ओमप्रकाश हुड़ला ने किरोड़ीलाल के भतीजे राजेंद्र मीणा को हराया था। किरोड़ी के भाजपा में आने से पहले पिछले चुनावों में भाजपा के पास तीन और राजपा ने दो सीटें जीती थीं। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे दौसा से प्रत्याशी मुरारी लाल मीणा ने भाजपा के विधायक शंकर शर्मा को शिकस्त दी थी। लालसोट सीट पर भी पूर्व मंत्री परसादी लाल मीणा ने भाजपा के रामबिलास मीणा को कांटे की टक्कर में हरा दिया दिया था।

कार्बन टैक्स पर बोले विपक्षी नेता पियरे - कनाडा को तोड़ने पर तुले ट्रूडो, फूट डालो और जीतो उनकी नई रणनीति

ओटावा, एजेंसी। भारत के साथ निज्जर मामले में विवादों में घिरे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अब एक नए मुद्दे कार्बन टैक्स को लेकर घरेलू मोर्चे पर आलोचना का शिकार हो रहे हैं घरेलू हीटिंग तेल के लिए विशेष कार्बन-मूल्य निर्धारण पर एक सप्ताह की भारी राजनीतिक जांच के बीच, कंजर्वेटिव नेता पियरे पोइलिवरे सभी प्रकार के घरेलू हीटिंग पर रोक लगाने पर जोर दे रहे हैं। पियरे ने कहा कि सभी जानते हैं कि हम कार्बन टैक्स पर सहमत नहीं। ट्रूडो इसे बढ़ाना चाहते हैं जबकि मैं इसे खत्म करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि तो आइए एक समझौता करें। सभी घरेलू हीटिंग पर कार्बन टैक्स को तब तक रोक दें जब तक कि कनाडाई खुद चुनाव के द्वारा इस पर फैसला नहीं कर लेते। पोलिएवरे ने बुधवार को कहा, कार्बन टैक्स को तब तक रोक दिया जाए जब तक हम कार्बन टैक्स चुनाव नहीं करा लेते। उन्होंने कहा

कि ट्रूडो को बस यह तय करना है कि यह कब होगा। लेकिन, यह चुनाव जरूर होगा और कनाडाई फैसला करेंगे।

पोइलिवरे ने ट्रूडो पर घरेलू ताप तेल कर पर रोक लगाकर नागरिकता के दो वर्ग बनाने का आरोप लगाया।पियरे ने ट्रूडो पर उन लोगों के लिए कार्बन टैक्स में छूट देकर कनाडाई लोगों के दो वर्ग बनाने का आरोप लगाया, जो घरेलू हीटिंग तेल का उपयोग करते हैं, जबकि अन्य ईंधन का उपयोग करने वाले परिवारों को लेवी का भुगतान करना पड़ता है। पार्लियामेंट हिल पर कंजर्वेटिव कॉकस की बैठक में बोलते हुए, पोइलिवरे ने कहा कि यह मौलिक रूप से अनुचित है कि अटलांटिक कनाडा के ग्रामीण निवासियों द्वारा बड़े पैमाने पर उपयोग किए जाने वाले ईंधन स्रोत पर सरकार के तीन साल के विराम के दौरान कर नहीं लगाया जाएगा। जस्टिन ट्रूडो के आठ साल के कार्यकाल के बाद, सब कुछ टूट गया है। जब गर्मी शुरू होती है तो वह क्या करते हैं? वह बांटते हैं और ध्यान भटकाते हैं। वह एक बार फिर देश को तोड़ देंगे, कनाडा को कनाडाई के खिलाफ कर देंगे। पोइलिवरे ने कहा- हम जानते हैं कि वह ऐसा कैसे करते हैं। वह बांटते हैं नस्ल, कामुकता, वैक्सीन की स्थिति और अब क्षेत्र। यह उनकी नवीनतम फूट डालो और जीतो की रणनीति है। पोइलिवरे ने ट्रूडो और उनके दृष्टिकोण को अस्वीकार करने के लिए एनडीपी नेता जगमीत सिंह पर दबाव डाला, जो आपूर्ति और विश्वास समझौते के माध्यम से लिबरल अल्पसंख्यक सरकार का समर्थन कर रहे हैं।पोइलिवरे ने ट्रूडो के बारे में कहा, वह देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों को बदनाम करने जा रहे हैं। यहां तक ??कि कुछ नए डेमोक्रेट भी इसकी निंदा कर रहे हैं।

पाकिस्तान से घर लौट रहे अफगानी शरणार्थियों के लिए आश्रय स्थल बनाएगा तालिबान

काबुल, एजेंसी। काबुल में तालिबान शासन ने घोषणा की है कि वह पाकिस्तान से घर लौटने वाले हजारों अफगान शरणार्थियों के लिए आश्रय का निर्माण करेगा, क्योंकि पाकिस्तान ने बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों के निष्कासन के लिए चरणबद्ध प्रक्रिया तैयार की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने एक स्थानीय मीडिया आउटलेट के हवाले से कहा, कार्यवाहक शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्री खलील रहमान हक्कानी ने पाकिस्तान की सीमा से लगे तोरखम क्रॉसिंग पॉइंट की अपनी हालिया यात्रा के दौरान आश्रयों के निर्माण का निर्देश दिया।

पिछले कुछ दिनों में 1,50,000 से अधिक अफगान शरणार्थी तोरखम के रास्ते पाकिस्तान से घर लौट आए हैं। 2,00,000 से ज्यादा अफगान शरणार्थी, जिनमें से अधिकांश तोरखम सीमावर्ती शहर के माध्यम से और कुछ स्पिन बोल्डक एवं अन्य क्रॉसिंग प्वाइंटों के जरिए कथित तौर पर पिछले महीने में अपने वतन लौट आए हैं।

तालिबान शासन के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, तोरखम में अधिकारी गुरुवार को लौटने वालों के लिए 10,000 लंच और 30,000 डिनर की तैयारी कर रहे हैं। पाकिस्तान ने मेजबान देश में दशकों तक रहने के बाद 1.7 मिलियन बिना दस्तावेज वाले अफगान शरणार्थियों को उनकी मातृभूमि में वापस भेजने का फैसला किया, जबकि तालिबान शासन ने इस्लामाबाद से फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। शरणार्थियों के लिए पाकिस्तान छोड़ने की समय सीमा 1 नवंबर को समाप्त हो गई है। इस बीच, देश में अभी भी मौजूद सैकड़ों गैर-दस्तावेजी अफगान शरणार्थियों को पकड़ने के लिए पूरे पाकिस्तान में कार्रवाई चल रही है। पाकिस्तान ने अपने कठोर फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए संयुक्त राष्ट्र, अधिकार समूहों और पश्चिमी देशों के आह्वान को नजरअंदाज कर दिया है और कहा है कि सुरक्षा चिंताओं के बीच वह वही कर रहा है जो उसे करना है।

बेंजामिन नेतन्याहू बोले- जंग चरम पर पहुंची; अमेरिका की अपील के बावजूद युद्धविराम के लिए तैयार नहीं

तेल अवीव, एजेंसी। इस्राइली सेना ने दावा किया है कि उसके सैनिकों ने गाजा शहर को चारों तरफ से घेर लिया है। इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हम इस लड़ाई के चरम पर आ गए हैं और गाजा के बाहरी इलाकों में हमें अच्छी सफलता मिली है और हम अब आगे बढ़ रहे हैं। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने एक बयान में इस्राइल हमास के बीच थोड़े समय के लिए युद्ध विराम की अपील की। हालांकि इस्राइली सेना के प्रवक्ता ने कहा है कि फिलहाल युद्धविराम की उनकी कोई योजना नहीं है। बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने हाल ही में गाजा में कुछ समय के लिए युद्धविराम की अपील की थी ताकि गाजा पट्टी में मानवीय मदद पहुंचाई जा सके और घायलों और विदेशी नागरिकों को राफा क्रॉसिंग से गाजा पट्टी से निकाला जा सके। अमेरिका ने पश्चिम एशिया के अन्य देशों के साथ बातचीत कर गाजा पट्टी से निर्दोष नागरिकों को निकालने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। हालांकि इस्राइली सेना ने साफ कर दिया है कि फिलहाल युद्धविराम करने का उनका कोई इरादा नहीं है। वहीं मिस्त्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि राफा क्रॉसिंग खुलने के दूसरे दिन 21 घायल

फलस्तीनी नागरिकों, 344 विदेशी नागरिकों, जिनमें 72 बच्चे भी शामिल हैं, उन्हें राफा क्रॉसिंग से निकाला गया। इस्राइली सेना ने हमास के कब्जे से अपने बंधक नागरिकों को छुड़ाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। अमेरिका के ड्रोन्स भी लगातार गाजा के ऊपर उड़ान भर रहे हैं ताकि बंधकों की लोकेशन का पता लगाया जा सके। अमेरिका की स्पेशल फोर्सेज द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला एमक्यू-9 रीपर ड्रोन बीते शनिवार को गाजा पट्टी में देखा गया था। इस्राइल ने गाजा में जमीनी हमला भी शुरू कर दिया है। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि उनके ड्रोन्स इस्राइली सेना के जमीनी हमले में मदद नहीं दे रहे हैं बल्कि हमास के आतंकियों द्वारा अगवा किए गए बंधकों का पता लगाने में जुटे हैं।

वहीं लेबनान स्थित आतंकी संगठन हिजबुल्ला ने गुरुवार को दावा किया कि उसने सीमा पर इस्राइल के 19 ठिकानों को निशाना बनाया। इस्राइल ने गाजा के सबसे बड़े शरणार्थी कैंप जाबालिया शरणार्थी कैंप पर दो दिन में दो बार हमला किया है, जिसमें बड़े पैमाने पर लोग मारे गए हैं। मंगलवार और बुधवार को इस्राइली हमले में हमास के दो बड़े नेता भी मारे गए हैं। इस्राइल के हमले में अब तक गाजा में 9 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, इनमें 3760 बच्चे भी शामिल हैं। अगवा किया है। इस मुलाकात में इस्राइली राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि दूसरे देशों के नागरिकों का इस्राइल के समाज और उद्योग जगत में कितना अहम योगदान है। थाईलैंड के राजदूत ने बताया कि हमास के हमले में उनके 23 नागरिक मारे गए हैं और चार अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129